CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम : 24°C


मुरादाबाद, बुधवार 27 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 12 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी पेज 2



एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को आठ मेडल खेल टाइम्स



एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा सम्पादकीय




ट्रम्प ने चार बार किया फोन, मोदी ने नहीं की मन की बात: जर्मन पत्रिका पेज़ 12

## दिल्ली दंगे: अदालत ने छह व्यक्तियों को बरी किया, पुलिस को फटकार लगाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में छह व्यक्तियों को बरी कर दिया, जबकि आरोपियों के अधिकारों को 'कुचलने' के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने 25 फरवरी 2020 को कथित रूप से दंगा और आगजनी में शामिल भीड़ का हिस्सा होने के छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने 25 अगस्त को 41 पृष्ठों के आदेश में कहा कि यह स्पष्ट है कि आरोपियों के खिलाफ झूठा मामला गढ़ा गया और अभियोजन पक्ष का गवाह हेड कांस्टेबल विकास, जो मामले का एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी है, इन आरोपियों के खिलाफ गवाही के संबंध में पूरी तरह से अविश्वसनीय है।

## हत्या के इरादे से की गई घरेलू हिंसा बेहद गंभीर: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसले में कहा कि मर्डर करने के इरादे से की गई घरेलू हिंसा के अपराधों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और वैवाहिक संबंध ऐसे मामलों में अपराध को कम करने वाला कारक नहीं हो सकता है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी को जमानत दिए जाने से जुड़ी याचिका खारिज कर दी। मृतका के भाई की ओर से की गई शिकायत पर केस दर्ज हुआ, जिसमें कहा गया था कि आरोपी पहले से आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। जमानत याचिका से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सवर्णा कांता शर्मा ने कहा कि घरेलू हिंसा के अपराधों को, जिनमें हत्या किए जाने का भी इरादा हो, गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में वैवाहिक संबंध को अपराध को कम करने वाला कारक नहीं, बल्कि गंभीर बनाने वाला माना जाएगा। कोर्ट भारतीय दंड संहिता (आईपीसी, 1860) की धारा 307 और 506 तथा आर्म्स एक्ट, 1959 की धारा 25, 27, 54 और 59 के तहत दर्ज एक मामले में जमानत की मांग करने वाली एक आरोपी द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रहा था।

## श्रमिकों की मृत्यु के मामले में दिल्ली सरकार तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली के दरियागंज इलाके में एक इमारत ढहने की घटना में कथित तौर पर तीन श्रमिकों की मृत्यु के मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इस मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव, नगर निगम के आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है जिनमें बताया गया था कि 20 अगस्त को यहां दरियागंज इलाके में निर्माणाधीन चार मंजिला भवन का एक हिस्सा गिरने से तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बाल-बाल बच गए। सभी मृतक बिहार के प्रवासी श्रमिक थे। खबरों के अनुसार इस दुर्घटना के समय लगभग 15 श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। भवन के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि यदि जानकारी सही है, तो यह मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

# सुरक्षित रखे गए फैसले सुनने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**नई दिल्ल।** उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद उच्च न्यायालयों द्वारा फैसले सुनाने में की जा रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे बेहद चौंकाने वाला और आश्चर्यजनक रवैया बताया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ 2008 से लंबित एक आपराधिक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों को चुनौती देने वाली रवींद्र प्रताप शाही द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रही थी। इस अपील पर 24 दिसम्बर, 2021 को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया गया था, लेकिन कोई फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे मामले को दूसरी पीठ के समक्ष रखा गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि शीघ्र निपटारे के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उच्च न्यायालय ने कोई फैसला नहीं सुनाया।



# नौसेना में शामिल हुए आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि

**मुंबई, वार्ता**

■ दोनों स्वदेशी युद्धपोत, दुश्मन के रडार में नहीं आएंगे

■ ब्रह्मोस, बराक-8 जैसी मिसाइलों से लैस

**इंडियन नेवी** को मंगलवार को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, ये दोनों स्वदेशी जहाज हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि संसर से बचे रहेंगे।

इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी, जिससे नौसेना की ताकत बढ़ेगी। दोनों युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल और भारत-इजरायल बराक-8 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से लैस हैं। इनमें 76एमएम नौसैनिक बंदूकें और समुद्री युद्ध में पानी के अंदर चलने वाला टारपीडो विस्फोटक हथियार भी है। आईएनएस हिमगिरि को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। इसका नाम पुराने आईएनएस हिमगिरि से लिया गया है। आईएनएस उदयगिरि को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है। इसका नाम आंध्र प्रदेश की उदयगिरि पर्वत सीरीज के नाम पर रखा गया है, जो सिर्फ 37 महीनों में बना है। आईएनएस उदयगिरि में एडवांस स्टेल्थ फीचर्स हैं, जो इसे दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और ध्वनि सेंसर से बचाने में मदद करते हैं। दोनों युद्धपोत परियोजना 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। इनके आने से भारत की समुद्री रक्षा को बड़ी मजबूती मिली है।



## भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं

# शांति चाहिए, तो युद्ध को तैयार रहें: CDS

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के युद्धों में विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में त्वरित और निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांति चाहिए, तो युद्ध के लिए तैयार रहें। भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम शांतिवादी नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं।


जनरल चौहान मध्य प्रदेश के डा. अंबेडकर नगर स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर अपनी तरह के पहली दो दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण को संस्थागत बनाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और क्वांटम जैसी निरंतर विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। एक मज़बूत नागरिक-सैन्य एकीकरण के लिए, उन्होंने देश के लिए एक सुदर्शन चक्र (भारत का अपना लौह गुंबद) विकसित करने के महत्व और प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया, जो 'ढाल और तलवार', दोनों का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों में विजय प्राप्त करने के लिए विविध क्षेत्रों में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। महान विचारक कौटिल्य का हवाला देते हुए, जनरल चौहान ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही विचारों और ज्ञान का स्रोत रहा है, हालांकि, -शेष पृष्ठ दो पर

### ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: जनरल चौहान

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था जिससे हमने कई सबक सीखे, इनमें से ज्यादातर पर काम चल रहा है, कुछ को लागू भी किया जा चुका है।

यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि हम यहां ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करने नहीं आए हैं। हम यहां ऑपरेशन सिंदूर के परे की चीज़ों पर चर्चा करने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। हम एक शांति-पसंद राष्ट्र हैं, लेकिन गलत मत समझिए, हम सिर्फ अहिंसावादी नहीं हो सकते। मेरी सोच में बिना शक्ति के शांति सिर्फ एक आदर्शवाद है। मैं एक लैटिन उद्धरण कहना चाहता हूं, जिसका मतलब है अगर आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहिए। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस सेमिनार में हम सुदर्शन चक्र की चर्चा कर सकते हैं, यानी भारत का अपना आयरन डोम या गोल्डन डोम।

**कहा: सभी क्षेत्रों में निर्णायक ढंग से संयुक्त प्रतिक्रियाएं देना ही जंग में जीत की कुंजी**



# जमीयत की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मदरसे सील करने का मामला**

■ राज्य सरकार को छह हफ्ते के भीतर जवाब दाख़िल करने का निर्देश

■ सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाई थी

■ मदरसे बंद करने की मुहिम, मुसलमानों को संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देने की एक बड़ी साजिश: अरशद मदनी

**नई दिल्ली/नैनीताल।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर 21 अक्टूबर 2024 को तत्कालीन चीफ़ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने मदरसों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई और उन सभी नोटिसों पर रोक लगा दी थी, जो विभिन्न राज्यों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा मदरसों को जारी किए गए थे।

अदालत ने यह भी कहा था कि जब तक अदालत की ओर से आगे कोई आदेश जारी नहीं होता, तब तक केंद्र या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में अगर कोई नया नोटिस या आदेश जारी किया जाएगा, तो उस पर भी रोक लागू मानी जाएगी। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और उत्तराखंड आदि में मदरसों के खिलाफ अन्यायपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही। इसी के विरोध में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 14 मई 2025 को जमीयत उलमा-ए-हिंद को उत्तराखंड हाईकोर्ट से अपील करने का निर्देश दिया था। इस पर अमल करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अपनी इस याचिका में जमीयत उलमा-ए-हिंद ने कहा है कि उत्तराखंड मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट 2016 में रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य नहीं बताया गया है और न ही गैर -शेष पृष्ठ दो पर

# 5,590 करोड़ के अस्पताल निर्माण घोटाले में कसा शिकंजा

■ ईडी ने 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 24 अस्पतालों के निर्माण से जुड़े 5,590 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में 'आप' के नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है।

ईडी सूत्रों ने कहा कि फिलहाल तेरह स्थानों पर तलाशी चल रही है। धन शोधन निवारण (पीएमएलए) मामला 2018-19 में हुए कथित दिल्ली अस्पताल निर्माण से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि निर्माण में देरी होने के कारण अस्पतालों की लागत बढ़ गई। 2018-19 में आप सरकार ने अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी, हालांकि परियोजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकी।

## हाईकोर्ट ने योगी पर आधारित फिल्म की रिलीज को दी मंजूरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी के जीवन पर कथित रूप से आधारित एक फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मंजूरी दे दी है। साथ ही न्यायालय ने सीबीएफसी को निर्देश दिया है कि वह फिल्म 'अजेय' को बिना किसी कट या संशोधन के प्रमाणन प्रदान करे। खंडपीठ ने फिल्म देखने के बाद अपने आदेश में कहा था कि हमने फिल्म को उसके संदर्भ में देखा है और हमें नहीं लगता कि इसमें किसी भी चीज़ को दोबारा संपादित करने की ज़रूरत है।

# मोदी पर राहुल गांधी का तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी उनकी सुनियोजित योजना का हिस्सा है इसलिए मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति के समय मनमानी करते हैं और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। वहां विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती। साल 2023 में भाजपा ने नया कानून बनाया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस कानून को लेकर सवाल करते हुए कहा कि आखिर ऐसा कानून क्यों बनाया गया। इसका सीधा और सरल जवाब है कि 'वोट चोरी' करवाने के लिए ऐसा किया जाता है।



■ कहा: मुख्य चुनाव आयोग के चयन में विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनते पीएम

### चोर की तरह वोट चोरी कर भाजपा खामोश: राहुल गांधी

**मधुबनी।** आठवें दिन राहुल गांधी का काफिला लगभग दो घंटे की देरी से मधुबनी पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता अपने-अपने दल के झंडे लेकर मौजूद रहे। इस दौरान राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर सवाल उठाया जिसमें कहा गया था कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं हैरत में पड़ गया था कि अमित शाह ऐसा कैसे कह सकते हैं। हम नेता हैं, जनता क्या चाहती है और क्या सोचती है, ये वही तय करती है। इसलिए अमित शाह का यह बयान बेहद अजीब था।

# दुनिया में मेड इन इंडिया लिखी ईवी चलेगी: मोदी

**अहमदाबाद, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने 26 अगस्त को गुजरात के हंसलपुर में ई-विटारा को एक्सपोर्ट के लिए फ्लैग-ऑफ किया। ये मारुति की पहली इलेक्ट्रिक कार है।

ये गाड़ी पूरी तरह से भारत में ही बनी है और इसे 100 से ज्यादा देशों, जैसे यूरोप और जापान में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ा है। अब विदेशों में चलने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी मेड इन इंडिया लिखा होगा। इस कार में 49 किलोवाट घंटा और 61किलोवाट घंटा के दो बैटरी पैक ऑप्शन मिलेंगे। कंपनी का दावा है कि कार एक बार फुल चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा चलेगी। इलेक्ट्रिक एसयूवी का प्रोडक्शन फरवरी-2025 से सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट में हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की मेक इन इंडिया में नया अध्याय जुड़ रहा है। भारत को डेमोग्राफिक एडवांटेज है। हमारे पास स्किल वर्कफोर्स का बड़ा पूल है। जो हमारे हर पार्टनर के लिए विन-विन सिचुएशन बनाता है। जापान की सुजुकी कंपनी भारत में मैनुफैक्चरिंग कर रही है, जो गाड़ियां बन रही हैं वो वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं। एक तरह से मारुति सुजुकी कंपनी मेक इन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी है। पैसा किसी का भी लगे, मुझे इससे कोई लेना देना नहीं है। वो चाहे डॉलर हो या पॉन्ड हो या और करेंसी हो, लेकिन इससे जो प्रोडक्शन हो उसमें पसीना मेरे देशवासियों का होगा।




■ प्रधानमंत्री ने मारुति की पहली ईवी कार को झंडी दिखाई

■ गुजरात प्लांट से दुनिया के 100 देशों को निर्यात होगी

# वैष्णो देवी में अर्धकुंवारी में लैंडस्लाइड, छह की मौत

■ 14 घायल, यात्रा रुकी, जम्मू में तवी नदी के पास सड़क धंसी, गाड़ियां गिरीं

**नई दिल्ली।** वैष्णो देवी यात्रा मार्ग में अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में छह लोग मारे गए, 14 घायल हैं। घायलों को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कटरा ले जाया गया है।

हादसे के बाद वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। इधर, जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क घंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। अभी नुकसान को लेकर अपडेट नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को कई जगहों पर बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। डोडा में पिछले 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है।

# केएम इंटर कॉलेज में शिक्षकों की भिड़ंत

## शिक्षा का मंदिर बना जंग का मैदान प्रधानाचार्य की भूमिका पर सवाल

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कॉलेज में बच्चों के सामने मारपीट





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर का प्रतिष्ठित एवं सबसे पुराना केएम इंटर कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है। यह वही कॉलेज है जो पिछले लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। आज सुबह इस संस्थान ने शिक्षा के मंदिर की गरिमा को शर्मसार कर दिया। जब प्रार्थना सभा के बाद बच्चों और स्टाफ के सामने ही दो शिक्षक आपस में भिड़ गए और पूरा परिसर रणभूमि में तब्दील हो गया।

सुबह की प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद जब छात्र-छात्राएं अपनी-अपनी कक्षाओं की ओर जा रहे थे। तभी वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र सिंह और कॉलेज के ही शिक्षक अभिषेक कुमार के बीच कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि महेंद्र सिंह लंबे समय से अभिषेक कुमार के बीच किसी बात को लेकर गहरा विवाद चला आ रहा था। इसी बात को लेकर प्रार्थना सभा समाप्त होते ही माहौल बिगड़ गया और देखते ही देखते धक्का-मुक्की और हाथापाई शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि अभिषेक कुमार के समर्थन में आए वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार भी महेंद्र सिंह से उलझ गए। दोनों ओर से गाली-गलौज हुई और लात-घूंसे तक चलने लगे। बच्चों के सामने शिक्षकों की यह शर्मनाक हरकत देख स्टाफ के लोग भी सकते में रह गए। प्रवक्ता अनिल कुमार ने बताया कि पूरा घटनाक्रम कॉलेज के प्रांगण में बच्चों और कर्मचारियों के सामने घटा। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने बीच-बचाव करने की कोई कोशिश नहीं की। प्रधानाचार्य पहले से ही भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं और यही कारण है कि उनकी निष्क्रियता पर अब सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि केएम इंटर कॉलेज में भ्रष्टाचार और वर्चस्व की लड़ाई ने शिक्षा की पवित्रता को बुरी तरह कलंकित कर दिया है। अब सबकी निगाहें प्रशासन और शिक्षा विभाग पर हैं कि वे इस विवादास्पद कॉलेज की अराजकता पर कब और कैसे लगाम लगाएंगे। प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने बताया कि उन्होंने पूरे प्रकरण की जानकारी प्रबंधक एवं एसडीएम को दे दी है।

मारपीट में वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार घायल हो गए। साथी शिक्षकों ने उन्हें तत्काल कोतवाली पहुंचाया और बाद में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं महेंद्र सिंह भी घायल अवस्था में पुलिस के पास पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। अनिल कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हो गई हैं और जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन भी हरकत में आया है। एसडीएम और कालेज की प्रबंधक स्मृति मिश्रा ने कहा कि मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी घटना की जांच कराई जा रही है और जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रष्टाचार से पहले से घिरा है कालेज

केएम इंटर कालेज में विवाद और अराजकता कोई नई बात नहीं है। प्रधानाचार्य सुभाष कुमार पर करीब एक वर्ष पूर्व भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है। डीआईओएस द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में इन आरोपों को सही पाया गया और तत्कालीन जिलाधिकारी तथा कालेज प्रबंधक को प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति का पत्र भेजा गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि लगभग दस महीने बीत जाने के बावजूद यह पत्र अभी तक सरकारी फाइलों में दबा पड़ा है और उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### छात्र और अभिभावक चिंतित

कालेज परिसर में हुई इस मारपीट ने छात्रों और अभिभावकों की चिंता और बढ़ा दी है। अभिभावकों का कहना है कि जिस कालेज पर पहले से भ्रष्टाचार के दाग लगे हों और जहाँ पढ़ाने वाले ही बच्चों के सामने आपस में भिड़ जाएं। वहां शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के भविष्य की क्या गारंटी रह जाती है। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि कालेज में अनुशासन बहाल करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# दबथला में सर्पदंश से युवक की मौत



## परिजन कर रहे झाड़-फूंक से जिंदा करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झाड़-फूंक व तंत्र-मंत्र क्रियाओं के जरिए एक मृत व्यक्ति को जिंदा करने की आस में परिजन उसे लेकर भटकते रहे। दरअसल सांप काटने के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया था। उसके बाद अंधविश्वास का खेल शुरू हुआ और युवक को जिंदा करने के लिए उसके शव को कई स्थानों पर ले जाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम दबथला निवासी बबलू सैनी (24 वर्ष) पुत्र हरिओम सैनी प्रतिदिन की भांति अपने कमरे में बैड पर सोया हुआ था। बताया जाता है कि बीती रात करीब 12 बजे उसे सांप ने काट लिया। जिसे देख उसने शोर मचाते हुए परिजनों को जगाया। परिजन आनन-फानन में उसे चिकित्सक के यहां ले गए। लेकिन चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजन उसे बिजनौर में एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक बबलू के पिता की पूर्व में ही मौत हो चुकी है, जबकि वह दो भाइयों में बड़ा था। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बच्चे, मां तथा भाई बहन सहित पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया है।

चिकित्सक द्वारा युवक को मृत घोषित किए जाने पर उसके शव को घर लाया गया। उसके बाद उसको जीवित करने के लिए झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र की क्रियाओं का सहारा लेना शुरू किया गया। उसके शव को कई स्थानों पर ले जाया गया। विज्ञान के इस दौर में अंधविश्वास कितना हावी है। यह देखने को मिला। मंगलवार की सायं तक भी उसका अंतिम संस्कार नहीं किया गया। उसको जीवित करने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है।

# बंदरों के हमले से छत से गिरकर वृद्ध की मौत



## ग्रामीणों ने की बंदरों को पकड़ने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** छत से गिरकर एक वृद्ध की मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। बढ़ते बंदरों के आतंक से ग्रामीण खौफजदा है। ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़वाए जाने की मांग की है।

बीती देर शाम गांव बरकतपुर निवासी नरदेव सिंह (80 वर्ष) अपने घर की छत पर पानी के टैंक की सफाई कर रहे थे। तभी अचानक बंदरों के एक झुंड ने उन पर हमला बोल दिया, जिससे बचाव में वह मकान की छत से नीचे गिर गए। उनके शोर मचाने पर परिजनों के मौके पर पहुंचने से पहले ही यह घटना घटित हो गई, जिसमें तुरंत परिजनों ने बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़े नरदेव सिंह को बिजनौर एक अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र में लगातार बंदरों की संख्या में इजाफे और हमलों की घटना से ग्रामीण खौफजदा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से आतंक का पर्याय बने इन बंदरों को पकड़वाए जाने की मांग की है। सामाजिक वानिकी वन दरोगा विकास कुमार का कहना है कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू का एक्सईएन कार्यालय पर धरना

## शासनादेश के अनुसार विद्युतापूर्ति की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने शासन के आदेश अनुसार ग्राम दतियाना में 18 घंटे विद्युतापूर्ति किये जाने की मांग को लेकर एक्सईएन (विद्युत) कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया।

भारतीय किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष कल्याण सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने 18 घंटे विद्युतापूर्ति की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया तथा एक मांग पत्र सम्बंधित अधिकारी को सौंपा। यूनियन द्वारा दिये गये मांग पत्र में कहा कि खण्ड के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र ककराला से निकलने वाले 11 केवीए हरपुर फीडर से दतियाना कालोनी, चांदपुर मे लगभग 36 विद्युत उपभोक्ताओं की आपूर्ति कृषि पोषक के अनुसार की जाती है। जबकि बत्ती, पंखा के उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा 18 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश है। लेकिन आदेश के अनुसार विद्युतापूर्त नहीं किये जाने से गर्मी के इस मौसम में विद्युत उपभोक्ताओं का बुरा हाल है। यूनियन कार्यकर्ताओं का कहना है कि आज का धरना प्रदर्शन इसी मांग को लेकर है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर उनकी मांग अनुसार विद्युतापूर्ति नहीं की जाती तो यूनियन इसी कार्यालय पर धारना प्रदर्शन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यूनियन कार्यकर्ताओं ने अपना मांग पत्र एक्सईएन को सौंपा।

मांग पत्र देने वालों में धर्मेन्द्र सिंह, चौधरी लुधियान सिंह, अनिल सिद्धू, मोनिश मंसूरी, प्रिंस चौधरी, तसलीम अहमद, राजीव कुमार, मौहम्मद आषिक उर्फ बब्बू शेख, योगेन्द्र सिंह, सिराजुद्दीन, यशवीर सिंह, कल्याण सिंह, नफीस अहमद सैफी आदि शामिल रहे।

# बीएएलएलबी षष्टम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



## फरहीन रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.ए. एलएल.बी. षष्टम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बी.ए.एलएल.बी. षष्टम सेमेस्टर में छात्रा फरहीन ने प्रथम, कृष्ण प्रताप सिंह ने द्वितीय तथा उत्कर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कालेज रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय का प्रथम स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एसबीडी में भागवत गीता उच्चारण प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में संस्कृत विभाग द्वारा श्रीमद् भागवत गीता श्लोक शुद्धोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका संचालन एवं संयोजन संस्कृत विभागाध्यक्षा डा. अर्चना कुन्तल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया। मुख्यवक्ता निर्णायक एवं मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएम महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. पूनम घई रही। उन्होंने छात्राओं को गीतोपदेश के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं कर्म-अकर्म को समझाते हुए जीवन में समभाव रहने एवं सरल जीवन जीने हेतु गीता का अध्ययन आज अत्यावश्यक है। तनाव भरे जीवन में यदि हमें स्वयं को तनाव से मुक्ति चाहिए तो गीता के पास जाना होगा। निर्णायक के रूप में उपस्थित गुरूकुल नजीबावाद की स्नातिका कु. माद्री शास्त्री ने छात्राओं को निरन्तर आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि संस्कृतोच्चारण से किस तरह हमारा मस्तिष्क तेज होता है एवं शरीर भी स्वस्थ रहता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. अनुष्का राजपूत, (प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान कु. सना (बीए द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान कु. आकांशा (प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा लगभग 40 छात्रायें उपस्थित रहीं। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डा. पायल शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं कर्ता और अहंभाव को छोड़ने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डा. अर्चना, कु. नगमा परवीन, कु. रितु देवी, श्रीमती सीमा कौशिक, श्रीमती प्रियंका, कु. मीनू आदि शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**नहटौर।** ग्राम राजा का ताजपुर के मौहल्ला खद्दर बाजार निवासी वसीम अहमद पुत्र मौ.हनीफ ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 जुलाई को वह अपनी पत्नी रुकसार के साथ अपनी ससुराल ग्राम मिर्जापुर गया था। वहां पर गांव की एक महिला अपने पति के साथ आई थी। उन्होंने बताया कि वह और उसकी पत्नी रूकसार अपना पर्स बरामदे में बैड पर रखकर कपड़े बदलने अंदर चले गए। इसी दौरान आरोपी महिला ने उसकी पत्नी के पर्स से सवा तोले वजन के सोने के झाले चुरा लिए। उन्होंने अपने झाले मांगे तो दोनों झगड़े पर उतारू हो गए और वहां से चले गए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी

## समस्याओं का समाधान होने तक डटे रहेंगे किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन एसडीएम कार्यालय पर आज दूसरे दिन भी जारी रहा।

किसानों की अंश निर्धारण, चक रोड की समस्याएं, वन विभाग की समस्या, आवारा पशुओं की समस्या, विद्युत विभाग की समस्याओं को लेकर तहसील पर धरना प्रदर्शन चल रहा है। समस्याओं को लेकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, धरना जारी है।

किसान गांव-गांव घूम कर बड़ी पंचायत की तैयारी में लग गए हैं। जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा।

ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, अजय कुमार, महेंद्र सिंह, वीरेश राणा, योगेंद्र सिंह, नीटू, सोनू, गिरिराज, मुकुल, सत्यपाल, अभिषेक, गोपी, संतराम, शकील, ज्ञान सिंह, विजेंद्र, आदिल जैदी, आकाश चौधरी, दुष्यंत कुमार, बब्बू, हिमांशु, जय सिंह, हरदीप, प्रियांशु, रजत, सूरज सिंह, अर्जेन्द्र सिंह आदि किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता धरने में उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**शांति चाहिए...** भारतीय युद्धों के समुचित विश्लेषण या रणनीति पर अकादमिक चर्चा पर बहुत कम साहित्य उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि युद्ध, नेतृत्व, प्रेरणा, मनोबल और तकनीक के विभिन्न आयामों पर गंभीर शोध किए जाने की आवश्यकता है। भारत को सशक्त, सुरक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित होना होगा। सीडीएस ने आगे कहा कि रण संवाद का उद्देश्य वास्तविक अभ्यासकर्ताओं, विशेष रूप से युवा और मध्यम स्तर के अधिका. रियों के लिए जगह बनाना है, जो तकनीकी प्रगति से अवगत हैं।

**जमीयत की...** रजिस्टर्ड मदरसों को गैर-क़ानूनी कहा गया है। याचिका में इस तथ्य को भी उजागर किया गया है कि राइट टू एजुकेशन (संशोधन) एक्ट 2012 में स्पष्ट रूप से मदरसों, वैदिक पाठशालाओं और इस प्रकार के अन्य धार्मिक शिक्षण संस्थानों को इस कानून से छूट दी गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षिक संस्थान क़ायम करने और उन्हें चलाने का असीमित अधिकार मानते हुए, राज्य की दख़लंदाज़ी से सुरक्षा प्रदान की गई है। पिटीशन में यह भी कहा गया है कि उत्तराखंड में सिर्फ़ मदरसों को निशाना बनाना असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण और दुर्भावना पर आधारित कार्रवाई है। सरकारी वकील ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका पर आपत्ति जताई और कहा कि इस मामले में जमीयत उलमा-ए-हिंद को याचिका दाखिल करने का कानूनी अधिकार नहीं है, क्योंकि जिन मदरसों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वे मंगलवार को अदालत के सामने उपस्थित नहीं हैं। इस पर चीफ़ जस्टिस ने संजय हेगड़े से पूछा कि अदालत उनकी याचिका पर क्यों सुनवाई करे, क्योंकि वे सीधे तौर पर प्रभावित नहीं हैं। जिस पर संजय हेगड़े ने कहा कि यह मामला केवल मदरसों को बंद करने का नहीं है, बल्कि जिस तरह से सरकार मनमानी कार्रवाई कर रही है उसके खिलाफ कोई भी अदालत का रुख़ कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा मदरसों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई अल्पसंख्यकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों अनुच्छेद 14, 15, 19, 25, 26 और 30 का उल्लंघन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जमीयत के कदम पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मज़लूमों को न्याय दिलाना और इंसानियत की बुनियाद पर बिना किसी भेदभाव के सेवा करना जमीयत उलमा-ए-हिंद का मिशन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद का गहरा रिश्ता मदरसों से है और हमारे सारे बुज़ुर्ग इसी से पढ़कर निकले हैं। असल में जमीयत उलमा-ए-हिंद, मदरसों की आवाज़ और उनका ज़ेहन है। सांप्रदायिक शक्तियां इस तारीख़ से अनजान हैं। यही मदरसों के उलमा थे, जिन्होंने तब आज़ादी का बिगुल फूंका जब पूरी क़ौम गहरी नींद में थी। मदरसों को हमारी (धड़कन) कहा जा सकता है और इन्हें गैर-क़ानूनी ठहराकर बंद करना हमारी जीवन रेखा को समाप्त करने की साज़िश है। मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि मदरसों को गैर-क़ानूनी बताकर कार्रवाई करना सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की भी तौहीन है। जमीयत उलमा-ए-हिंद इस साज़िश के खिलाफ एक बार फिर अपनी क़ानूनी जंग शुरू कर चुकी है, क्योंकि मदरसों की हिफाज़त दरअसल दीन की हिफाज़त है। यह मुहिम मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर एक गंभीर हमला है।

उन्होंने कहा कि हम लोकतंत्र, संविधान की सर्वोच्चता और मदरसों के संरक्षण के लिए अपनी क़ानूनी और लोकतांत्रिक जंग जारी रखेंगे।

### लखनऊ में रोजगार महाकुंभ-2025 के शुभारंभ पर बोले सीएम योगी

# युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी



**कोई भी कंपनी या नियोक्ता नहीं कर सकेगा कर्मचारी का शोषण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जायेगी और कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पायेगा।

लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ के मौके पर उन्होंने कहा कि नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठायेगी। यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है।

यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है।

### अटल विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी पोर्टल शुरू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया।

इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। अटल कमांड सेंटर आधारित ईआरपी प्रणाली के माध्यम से विद्यालयों के सभी क्रियाकलापों की डिजिटल निगरानी शुरू की गई है। इस प्रणाली के जरिये उपस्थिति प्रबंधन, शैक्षणिक निगरानी, स्टाफ प्रोफाइल सुनिश्वित की जा सकेगी। इसके अलावा शिक्षकों और कर्मचारियों का विवरण जुड़ा होगा, जो जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करेगा। व्यय, बजट और बिलिंग की पारदर्शी जानकारी ईआरपी पर दर्ज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## नूरपुर का दरोगा धर्मेन्द्र शर्मा व सिपाही अंकित निलम्बित

### किशोर को तीन दिन तक अवैध हिरासत में रखने पर दादी की हुई थी सदमे में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** तमंचे के साथ फोटो वायरल होने के बाद किशोर को तीन दिन तक अवैध हिरासत में रखने एवं इसकी वजह से उसकी दादी की मौत हो जाने के मामले में आखिरकार एसपी अभिषेक ने नूरपुर थाने के कस्बा इंचार्ज दरोगा धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व सिपाही अंकित को निलम्बित कर दिया है। साथ ही दरोगा व सिपाही एवं नूरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए गए है। जिससे पुलिस विभाग में खलबली मच गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, कस्बा चौकी के प्रभारी दरोगा धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व सिपाही अंकित ने किशोर के द्वारा अवैध तमंचे के साथ किए गए फोटो वायरल के मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में नहीं लाया था। उनके द्वारा इस प्रकरण में लापरवाही बरती गई। जिसकी वजह से एसपी अभिषेक ने कस्बा चौकी के प्रभारी दरोगा धर्मेन्द्र कुमार शर्मा एवं सिपाही अंकित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। साथ ही इन दोनों व नूरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिए है। एसपी अभिषेक ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि जो भी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपने कर्तव्यों व दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही व स्वेच्छाचारिता बरतेगा, उसके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि नूरपुर पुलिस ने तमंचे के साथ फोटो वायरल होने के बाद एक किशोर को तीन दिन तक अवैध हिरास्त में रखा था। जिसके सदमे में उसकी दादी की मौत भी हो गई थी। किशोर एक होटल पर काम करता था।

## अमित कांड में चर्चित नेता की भूमिका को लेकर रोष

### मेरठ से लेकर बिजनौर तक कर रहा आरोपियों की पैरोकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हत्या के लिए बागपत के अमित आर्य अपहरण कांड में चर्चित नेता की भूमिका को लेकर पीड़ितों में रोष देखा जा रहा है। आरोप है कि अमित के गुनाहगारों को बचाने के लिए मेरठ से लेकर बिजनौर तक इस चर्चित नेता ने पैरोकारी की है।

गौरतलब है कि स्याऊ की ज्योति चांद्पुर के आसरा कॉलेज में शिक्षिका है। सन् 2023 से उसके संबंध चांदपुर के ही ग्राम कौशल्या निवासी सचिन पुत्र गजराज से है। ज्योति को बागपत निवासी अमित आर्य पुत्र वीर सैन अश्लील मैसेज भेजता था। जिसकी वजह से हत्या के इरादे से उसका अपहरण कर लिया गया था। 28 जुलाई को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने कल ज्योति सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन पुलिस अमित आर्य को बरामद नहीं कर पाई है। उसके परिजनों का आरोप है कि चांदपुर क्षेत्र का एक चर्चित नेता अपने रिश्तेदारों को बचा रहा है। उनका कहना है कि जब तक अमित आर्य की बरामदगी नहीं हो जाती हैं, तब तक वह खामोश नहीं बैठेंगे। उनका कहना है कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है। जब अमित आर्य का अपहरण हत्या के इरादे से किया गया था और उसे ज्योति सहित अन्य ने बेरहमी से मारा था, तो फिर वह कहा चला गया। उसे जमीन खा गई या आसमान निगल गया। परिजनों का कहना है कि अमित आर्य की बरामदगी न होने से साफ जाहिर है कि आरोपियों को बचाया जा रहा है। उनका कहना है कि इस मामले को लेकर वह खामोश बैठने वाले नहीं है और हर हाल में इंसाफ लेकर रहेंगे।



## साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद ने सीओ को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर उनके खिलाफ फर्जी इल्जाम लगा कर सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं जान के लिए खतरा बने आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने सीओ को एक तहरीर दी है। जिसमें कहा गया है कि कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा फेसबुक पर फर्जी और झूठे इल्जाम लगा कर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। विशेष रूप से एक फेसबुक यूजर 'Gulfam Elahi Mob 9568931077' shazim saifi द्वारा मेरे खिलाफ एक पोस्ट 25.08.2025 को प्रकाशित की गई है। जिसमें कहा गया है कि मैंने बीजेपी नेताओं के साथ मिलकर विधायक तसलीम अहमद को बदनाम किया है। यह पोस्ट पूरी तरह से निराधार और झूठी है।



### जान का भी खतरा बताया

इसके अलावा एक अखबार में भी मेरे खिलाफ झूठे इल्जाम प्रकाशित हुए हैं। जिसका नाम और लेखक मुझे ज्ञात नहीं है। लेकिन यह मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। मुझे संदेह है कि यह साजिश मेरे खिलाफ विधायक तसलीम अहमद द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने और मुझे नुकसान पहुंचाने के इरादे से रची जा रही है। विधायक पहले भी मेरे खिलाफ झूठी शिकायत कर चुका है। पहले से ही मुझसे राजनीतिक खुंदक रखता है। क्योंकि मैं विधानसभा 2027 में आसपा से टिकट भी मांग रहा हूं। अपनी तैयारी कर रहा हूं।

इसके परिणामस्वरूप मुझे अपनी जान का खतरा भी महसूस हो रहा है, क्योंकि इस तरह की गति. विधियां मेरे और मेरे परिवार के लिए खतरे का कारण बन सकती हैं। तहरीर में कहा गया है कि इस मामले की जांच की जाए और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही मेरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी आजाद समाज पार्टी में मुरादाबाद मंडल के प्रभारी है। वह नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है। वह लगातार जनसम्पर्क एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य कर रहे है। उनकी मजबूत छवि व बढ़ते जनाधार से विरोधी परेशान है। चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी अपने घर में कैद रहकर ड्राइंगरूम की राजनीति नहीं करते है। वह लगातार क्षेत्र में मौजूद रहते है। जिसकी वजह से उनके कदम रोकने की साजिश हो रही है।




## नहटौर में चेयरमैन पद के दावेदार के काले कारनामों की चर्चा

### ईमानदारी का मुखौटा उतार कर फेंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर नगर पालिका का चेयरमैन बनने का ख्वाब देखने वाले एवं खुद को सबसे ईमानदार नेता बताने वाले नेता के चेहरे से ईमानदारी का मुखौटा उतर गया है। एक धार्मिक स्थल को जिस तरह से उसके द्वारा नुकसान पहुंचाने की साजिश रची गई है, उसकी पूरे नगर में चर्चा है।

गौरतलब है कि नहटौर का एक नेता खुद को सबसे बड़ा ईमानदार बताते हुए दावा करता था कि वह न हराम का माल खाएगा और न ही किसी को खाने देगा। अभी वह चेयरमैन बन भी नहीं पाया है और उसने अपने कारनामे से ऐसी जबरदस्त किरकिरी कराई है कि हर तरफ उसकी ही चर्चा है। बिजनौर के चर्चित भूमाफियाओं एवं कॉल गर्ल्स सप्लायरों के साथ मिलकर उसने एक विवादित प्रोपर्टी में हाथ डाल दिया है। बताया जाता है कि इसकी आड़ में अब धार्मिक स्थल को लेकर सौदेबाजी की जा रही है। उसके इस कदम से हर कोई सकते में है। किसी को यकीन नहीं हो रहा है कि खुद को ईमानदार बताने वाला ऐसा निकलेगा।

## जिंदा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाला सचिव सस्पैंड

### कारनामों की जांच जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद ब्लॉक में जिंदा व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में आरोपी ग्राम विकास अधिकारी कुलवीर सिंह को सस्पैंड कर दिया गया है। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया है। कुलवीर सिंह के कई मामले चर्चाओं में है। जिनकी जांच बेहद जरूरी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद ब्लाक के ग्राम तातारपुर लालू में विकसित कालोनी जयनगर निवासी अनुपम अग्रवाल का जन्म के स्थान पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। इस समाचार को विभिन्न समाचार पत्रों सहित शाह टाइम्स ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। शाह टाइम्स में प्रकाशित समाचार सोशल मीडिया पर भी तेजी के साथ वायरल हुआ था। जिसके बाद लखनऊ से लेकर बिजनौर तक के वरिष्ठ अधिकारियों के कान खड़े हो गए थे और उन्होंने जिला प्रशासन को जांच के निर्देश दिए थे। डीएम जसजीत कौर ने जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता को मामले की जांच कराने को कहा था। उन्होंने जांच टीम गठित करते हुए नजीबाबाद बीडीओ, एडीओ पंचायत, एडीओ कृषि और एडीओ आइएसबी से जांच रिपोर्ट तलब की। जांच टीम ने कुछ घंटों में जांच पूरी कर रिपोर्ट डीडीओ को सौंप दी। जांच में सामने आया कि वीडीओ कुलवीर सिंह ने बिना अभिलेखों की जांच किए पीड़ित अनुपम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया था। जांच में पूरी तरह से वीडीओ को दोषी माना गया और उसके विरूद्ध कार्रवाई की संस्तुति की थी। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी कुलवीर सिंह को सस्पैंड कर दिया गया है। साथ ही उसके द्वारा जारी किए गए जीवित व्यक्ति के मृत्यु प्रमाण पत्र को भी निरस्त कर दिया गया है।

## मैडम का रहा ऐसा किरदार विदाई नहीं दे पाए पैरोकार

### अपने कारनामों को लेकर चर्चाओं में रहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में तैनात रही एक मैडम का ऐसा किरदार रहा है कि जाते वक्त उन्हें विदाई पार्टी भी नसीब नहीं हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय संस्कृति का रिवाज है कि जब कोई अच्छी शख्सियत जाती है, तो उसे विदाई पार्टी दी जाती है। साथ ही जिसके अपनी कारगुजारियां अच्छी नहीं होती है और जिसके द्वारा दौलत के पीछे भागने की वजह से दूसरों को परेशान किया जाता है, उसको न तो विदाई पार्टी दी जाती है और न ही उसे अच्छाई में याद रखा जाता है। बल्कि उसके द्वारा किए गए पापों की चर्चा होती रहती है। उसने कहां-कहां से नोट कमाए है और किस-किस को सताया है, इसको लेकर चर्चाएं चलती रहती है। जनपद में जब एक मैडम तैनात थी, तो वह खुद को सबसे बड़ा ईमानदार साबित करने की कोशिश करती थी। लेकिन अपने कार्यकाल में उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिससे उनके द्वारा पीटे जा रहे ईमानदारी के डंके को सही माना जाए। जब वह यहां से गई, तो किसी की भी आंखें नम नहीं हुई। उनके यहां रहते हुए जो पैरोकार फायदा उठा रहे थे, वह भी नजर नहीं आए। उन्होंने भी विदाई पार्टी नहीं दी। यहां तक कि उन्होंने अपने घर बुलाकर चाय का एक प्याला भी नहीं पिलाया और गुलदस्ता भी नहीं दिया। जबकि उनके यहां रहते हुए फायदा उठाने वालों में वह सबसे आगे थे। उनका कहना है कि जाने वाले को जाने दो और जो मौजूद है, उसको बेवकूफ बनाकर अपना काम निकालों।




## चांदपुर में नौमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास करने के आरोपी ग्राम कमालपुर निवासी नौमान पुत्र तौफीक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित युवक ने वीडियो प्रसारित कर देश में जिहाद करने को लेकर भड़काऊ बात कही थी।

## आश्रम से नकदी चोरी

**कोतवाली देहात।** ग्राम मौजमपुर दयाल उर्फ हीमपुर में स्थित सिद्ध कुटी आश्रम पर बाबा रसगुल्ला दास पूजा पाठ करते हैं। वह पूजा पाठ कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम शेरनगर नरैनी निवासी सागर पूजा पाठ का बहाना कर उनके कमरे में घुस आया। आरोप है कि सागर ने उनकी झोली में रखे पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। बाबा रसगुल्ला दास ने थाने में नगदी चोरी की तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
















राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान

## सचिव का दावा, पर्याप्त मात्रा में है खाद



**आई एम खान, शाह टाइम्स**
**बिसौली।** इफको किसान सेवा केन्द्र पर किसान खाद के लिए जूझ रहे हैं। जहां किसानों को घंटों इंतजार के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। इधर इफको केंद्र पर मौजूद सचिव ओमकार सिंह राणा ने बताया कि सोमवार को डीएपी के 4240 बैग केंद्र को मिले हैं। केन्द्र पर डीएपी और यूरिया खाद पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं। राणा ने बताया कि नैनों डीएपी और नैनों यूरिया भी केंद्र पर उपलब्ध है। वहीं इफको किसान सेवा केंद्र पर अलग ही नजारा देखने को मिला।

यहां सुबह से ही लंबी-लंबी लाइनें लगी थी। एक बीघा खेत के लिए एक बोरी खाद पाने के लिए किसान सात आठ घंटे से धूप में खड़े थे।

महिलाओं की भी अलग लाइन लगी हुई थी। सचिव ओमकार सिंह राणा का दावा है कि खाद पर्याप्त है और धीरे-धीरे सभी किसानों को दी जा रही है।

# लापता यूटयूबर का छठे दिन भी नहीं लगा सुराग

## पुलिस ने महिला यूट्यूबर के कई मोबाइल कब्जे में लिए, खंगाली हिस्ट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला लोची नगला चंद्राखर गोटिया निवासी अरविंद श्रीवास्तव वीते बुधवार की शाम को अपने स्वजनों को कार कार में सवार डलवाने की वात कहकर निकले थे देर शाम वह घर नहीं पहुंचे तो देर रात्रि कछला पुलिस चौकी के निकट कार पुलिस ने अज्ञात अवस्था में वरामद की थी कार में मिले मोवाआयल के आधार पर नाम पते की जानकारी होने पर पुलिस ने संबंधित पुलिस चौकी शहीद भगतसिंह पुलिस चौकी खेडा नवादा को सूचना दी थी पुलिस ने लापता युवक यूटूवर के घर सूचना दी सूचना मिलने पर स्वजनों ने थाने प्रियंका श्री वास्तव ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई दर्ज गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस युटुब की तलाश में जुट गई है चौकी प्रभारी ने बताया कि युटुब की गाड़ी में मिला मोबाइल में अन्तिम काल महिला युटुबर की मिली है।

लापता युटुब ने महिला युटुबर की अंतिम काल को अपने मोबाइल से डिलीट कर दिया था मोबाइल गाड़ी से बरामद किया गया पुलिस ने महिला यटुबर से पूछतांछ की है महिला युटूवर के तीनों मोवाआयलो को कब्जे में लेकर उनके डाटा को खंगाला जा रहा है महिला यूटूवर के घर खड़ी लापता युवक की बीएमडब्ल्यू कार भी मंगवा ली गई है महिला यूटूवर को जिला ना छोडने की पुलिस द्वारा हिदायत दी गई है इस वात की क्षेत्र में व्यापक चर्चा वनी हुई है मामले की जांच कर रहे पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया उक्त मामले में कई की टीमें लगी हुई है।

कासगंज से लेकर गंगा की कटरी तक लापता युवक की तलाश में अधिकांश थानों पर नोटिस चस्पा किये गये है अलग-अलग एंगलों से जांच की जा रही है कुछ ही सालों ठेला मे लगाने वाला युवक कैसे वना करोड़पति यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है युवक तंत्र विद्या करने की खासी चर्चा बनी हुई है लेकिन युटुब के माता-पिता का रो रोकर बुरा हाल है लापता युटूवर के पिता आज भी आईस क्रीम का ठेला लगाते हैं।

# खोज रहे परिवार का बचा खुचा आधार वारिस अपने वंश के दो-दो लड़के यारः सुधांशु

**आई एम खान, शाह टाइम्स**
**बिसौली।** के.बी. हिंदी सेवा न्यास द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हरस्वरूप शर्मा ने की। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक दुबे एवं न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा श्सुधांशुश द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ. सुधांशु ने वाणी वंदना की। श्रीपाल शर्मा श्शमनश्ने कहा मक्का वाले मक्का जाओ, मिलते खुदा मदीने में। हम तो हनुमत के दीवाने, राम मिलेंगे सीने में। अशोक कुमार द्विवेदी ने कहा बेटी की शादी कर दी तो पापा रिश्तेदार हो गए।

जब से बहुयें घर में आई वे रद्दी अखबार हो गए। डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा श्सुधांशुश ने सुनाया खोज रहे परिवार का, बचा खुचा आधार। वारिस अपने वंश के, दो-दो लड़के यार। विजय कुमार सक्सेना श्विजयश ने सुनाया एक नाम परमात्मा, है जग में विख्यात। बख्शी है जिसने हमें, खुशियों की सौगात। रामकृपाल तिवारी ने कहा मेरी बेचौनियाँ देखो तुम्हें मैं याद करता हूँ। सोचता रहता हूँ तुमसे मिलन फरियाद करता हूँ। हरस्वरूप शर्मा ने कहा माया को तो सब भजें माधव भजे न कोय। मॉधव को यदि जो भजे माया चेरी होय। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार सक्सेना विजय ने किया।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर में किया फ्लैग मार्च

**आतिफ निसार जैनू, शाह टाइम्स**
**सहसवान।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन ने अपनी सतर्कता व मुस्तैदी का एहसास करने के उद्देश्य से नगर में किया फ्लैग मार्च और लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा व सेवा के लिए हमेशा तत्पर है सीओ कर्मवीर सिंह व थाना प्रभारी राजेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा बलों व कमांडरों के साथ फ्लैग मार्च किया कोतवाली से चलकर बाजार विल्सनगंज, तहसील मार्ग, पठान टोला, मीरा साहब व अकबराबाद होते हुए वापस कोतवाली जाकर समाप्त हुआ कोतवाली प्रभारी ने बताया आगामी



त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए फ्लैग मार्च निकाला है लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा व सेवा के लिए तत्पर है पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए पारदर्शिता व तत्परता से कार्य करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** जनपद की प्रभारी मंत्री मा0 गुलाब देवी ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका के 87 विकास कार्यक्रमों की एक-एक कर समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य को धर्म मानकर मानवता को सर्वोपरि रखते हुए।

ईमानदारी, तत्परता, पारदर्शिता व गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने विकास भवन में आहूत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि पात्रों को ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, अधिकारी निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाएं तथा धरातल की हकीकत पर ज्यादा ध्यान दें। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अब तक जो भी कार्य हुए हैं वह अच्छे हुए हैं, लेकिन कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों से कहा कि पाइप पेयजल योजना के



अंतर्गत जो सड़कों पर गड्ढे किए गए हैं उसको भरने की जिम्मेदारी भी जल जीवन मिशन ग्रामीण के अधिकारियों की ही है तथा कोई भी गड्ढा खुला ना छोड़ा जाए तथा कार्य उपरांत प्राथमिकता पर सड़क को ठीक किया जाए ताकि आमजन को परेशानी ना हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जर्जर भवनों का मूल्यांकन कर जहां स्थिति खराब है वहां किसी भी सूरत में कक्षाएं संचालित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गोवंश संरक्षण स्थलों का नियमित निरीक्षण व निगरानी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अधिकारी टीमवर्क के साथ पारदर्शिता से कार्य करें तथा पात्रों को ही योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जनपद के विकास कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जुलाई 2025 तक के कार्यों की 87 कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि जुलाई 2025 में शासन स्तर से की गई समीक्षा में 55 कार्यक्रमों में जनपद को ए श्रेणी, 01 कार्यक्रम में बी श्रेणी, 06 कार्यक्रमों में सी श्रेणी तथा 02 कार्यक्रमों में डी श्रेणी मिली है। 23 ऐसे कार्यक्रम हैं, जिनकी ग्रेडिंग नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद जुलाई 2025 की प्रगति में मंडल में तीसरे स्थान पर है। जनपद में एक करोड़ रुपए से अधिक की 1020 परियोजनाएं हैं इनमें से 867 जल जीवन मिशन ग्रामीण की है। 1020 में से 195 पूर्ण हो गई हैं तथा 11 ऐसी परियोजनाएं हैं जो 1 साल से अधिक समय से विलंबित हैं तथा कुल विलंबित परियोजनाएं 127 है। उन्होंने बताया कि जनपद को प्रधानमंत्री आवास योजना में ए श्रेणी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना में बी श्रेणी प्राप्त हुई है। जनपद में 317 छोटे व बड़े गौ आश्रम स्थल संचालित हैं। उन्होंने कहा कि जहां स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) ठीक प्रकार से कार्य नहीं कर रही है वहां उसको बदला जाए। उन्होंने बताया कि बिल्सी के निर्माणाधीन बस अड्डा का कार्य पूर्ण हो गया है जिसका जल्द लोकार्पण कराया जाएगा। वहीं महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भावनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा आवासीय भवनों के निर्माण के शेष कार्य प्रारंभ हो गए हैं। जो की जुलाई 2026 तक पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन में परिवर्तित करने के मण्डलायुक्त बरेली के नवाचार को प्रदेश स्तर पर लागू किया गया है। जनपद में पहले प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक राशन की दुकान को अन्नपूर्णा भवन बनाया गया, उसके बाद पांच-पांच को तथा वर्तमान में प्राप्त निर्देशों के क्रम में 150 राशन की दुकानों को अन्नपूर्णा भवन बनने पर कार्य कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के शारदेंदु पाठक व समस्त जनपदीय अधिकारी व विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में इको - फ्रेंडली गणपति निर्माण प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिसौली।** एस.डी.बी. पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी महोत्सव के उपलक्ष्य में कक्षा 7 वीं एवं 8 वीं के विद्यार्थियों द्वारा इको-फ्रेंडली गणपति निर्माण गतिविधि बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और कला-कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। श्रेष्ठ प्रतिभागियों में आशी, कनिका, अथर्व, अभुदयस, सक्षम,



कामाक्षी, अन्वी, राधिका, कोमल, दिया, कंचन, युविका, लक्ष्य, आदित्य, आशिष, अतिका, मोहिनी, अक्षत, यश, अंशिका और आस्था आदि रहे। गतिविधि शारदा बवेजा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर गौरी, प्रिया, मेघा, गुंजन, श्वेता, सुंदरी, सिम्मी, मुस्कान, पारुल आदि शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल गणपति प्रतिमाएँ बनाईं।

कार्यक्रम में निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय एवं प्राचार्या मीनू बत्रा ने उपस्थित होकर बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा गणेश चतुर्थी पर्व का महत्व बताते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यालय परिवार में उल्लास एवं भक्ति का माहौल बना रहा।

# छात्र-छात्राओं को दी गई मधुमेह रोग की जानकारी व बचाव के उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में स्वाथ्य नोडल अधिकारी विपलव भारती के नेतृत्व में मधुमेह रोग से बचाव के लिए बच्चों में चीनी के स्तर का नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र- छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कि बच्चों में चीनी स्तर को नियंत्रित करने वाले तरीकों को अपनाना चाहिए। कार्बो हाइड्रेट युक्त भोजन और प्रसंस्कृत मीठे खाद्य स्रोत आम तौर पर ग्लूकोस के स्तर को बढ़ा देते हैं इनसे बचने की कोशिश करना चाहिए जबकि फाइबर, प्रोटीन और स्वस्थ वसा युक्त अच्छा आहार ग्लूकोज को स्थिर रखता है। व्यायाम, साइकिल चलाना, और पैदल चलना मधुमेह डायबिटीज को नियंत्रित करता है। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा छात्रों को जानकारी प्रदान की गई कि भारत के प्रत्येक जनपद में व्यापक मधुमेह नियंत्रण केन्द्र एवं मधुमेह नियंत्रण देखभाल सुविधाओं को विकसित करना चाहिए और इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए पर्याप्त मधुमेह नियंत्रण विशेषज्ञ और अन्य मानव संसाधन विकसित करना चाहिए। कार्यक्रम में रामौतार मौर्य, डॉ प्रमोद शर्मा, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा, अनमोल शर्मा द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# 320 पशुओं को मिल चुकी एंटीरेबीज की डोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बेजुबान पशुओं के लिए रेबीज के विरुद्ध संचालित विशेष एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान जिले में लगातार गति पकड़ रहा है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले के सभी 33 पशु चिकित्सालयों में कुल 320 पालतू जानवरों को जीवनरक्षक टीका लगाया जा चुका है एवं टीकाकरण शिविर अभी भी जारी है। इनमें 290 कुत्ते और 30 बिल्लियाँ शामिल हैं। जनपदवासी इस मुहिम को गंभीरता से लेते हुए अपने पालतू जानवरों को सुरक्षित कराने में आगे आ रहे हैं।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू जानवरों को इस विशेष अभियान के दौरान टीका अवश्य लगवाएँ। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि रेबीज एक ऐसी बीमारी है जिसके लक्षण प्रकट होने के बाद कोई स्थायी इलाज संभव नहीं है और यह लगभग सौ प्रतिशत मामलों में घातक सिद्ध होती है। इसलिए रोकथाम ही इसका एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण कराना ही पशु और मनुष्य दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी साधन है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पशु चिकित्सालयों पर प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक पालतू जानवरों का मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है।

# वित्तीय समावेशन अभियान में अब तक 116062 को दिया लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बदायूं।** जनपद मे ग्राम पंचायत स्तर पर 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक पूरे भारत वर्ष मे वित्तीय समावेशन योजना के लिए संतृप्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद मे मंगलवार तक 672 ग्राम पंचायतों मे संतृप्तीकरण अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मे 10772, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मे 2422, अटल पेंशन योजना मे 2232, प्रधानमंत्री जनधन योजना मे 97778, पुन: केवाईसी मे 1981, नामांकन मे 877 लोगो को लाभ दिया गया है और आगे भी 30 सितम्बर 2025 तक बचे हुये ग्राम पंचायत पर कैंप लगाया जा रहा है। एलडीएम डॉ0 रिकेश रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि



जनपद बदायूँ मे ग्राम पंचायत स्तर पर बैंको एवं पोस्ट ऑफिस के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत मे (दिनांकवार रोस्टर बनाकर) कैंप लगाकर लोगो को वित्तीय समावेशन योजना मे जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जन धन खाता, के बारे मे जागरूक और लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही डिजिटल फ्रॉड, अनक्लेमड डिपॉजिट, री-केवाईसी एवं खाते मे नामांकन दर्ज कराने का लाभ के बारे मे भी जागरूक किया जा रहा है। कैंप मे उपस्थित होकर उक्त योजनाओ के बारे मे जाने एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन सुरक्षा योजनाओ का लाभ उठाएँ। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 4 सितम्बर को सभी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मुख्य द्वार पर खड़े होकर करेंगें प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्वराज पाल दुहूण खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र उ.प्र.मा.शि. संघ.चेतनारायण के परिक्षेत्र प्रभारी ने जैन स्थानक वासी कन्या इंटर कॉलेज बड़ौत व महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज बड़ौत में शिक्षक शिक्षिकाओं से सम्पर्क कर बताया कि उ.प्र.प्रबन्धक सभा ने शिक्षकों शिक्षिकाओं की सेवा सुरक्षा पर कुठाराघात करते हुए, अपने नापाक इरादों से 12 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा कर स्पष्ट कर दिया है।

प्रबन्धक महासभा, वेतन वितरण अधिनियम 1971 से पूर्व की स्थिति



ला कर पुन: शिक्षक शिक्षिकाओं को बन्धुवा मजदूर की स्थिति में लाना चाहती है। स्वराज पाल दुहूण ने कहा कि वें ऐसा कभी भी नहीं होने देंगे। उ.प्र.मा.शि.संघ इसका डट कर मुकाबला करेगा। इसी श्रंखला में संगठन ने आहवान किया है कि 4 सितम्बर 25 को प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाएं अन्तिम कालांश में अपने -अपने विद्यालयों के मुख्य द्वार पर खड़े होकर प्रदर्शन करेंगें।

# आरोपियों ने गाड़ी में तेज आवाज में गाने बजा किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवददाता**
**बागपत।** बीजेपी नेता वसीम के साथ एक बार फिर विवाद का मामला सामने आया है। वसीम ने बताया कि 5 जुलाई को उनके साथ मारपीट और हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने चार आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनमें से दो आरोपी जमानत पर रिहा हो गए हैं।

रिहाई के बाद आरोपी एक गाड़ी में करीब छह लोगों के साथ वसीम के घर पहुंचे। आरोपियों ने गाड़ी में तेज आवाज में गाने बजाए और हंगामा किया। वसीम ने जब इसका विरोध किया तो उन्हें गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। वसीम का आरा. `प है कि एक बाहरी व्यक्ति भी




गाड़ी में मौजूद था, जो बार-बार अन्य लोगों को झगड़े के लिए उकसा रहा था। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। वसीम ने आरोपियों से जान का खतरा भी जताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बागपत में 13 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय बागपत में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाबिस्ता आकिल करेगी।

इस ऐतिहासिक अवसर पर दीवानी, शमनीय आपराधिक, धारा 138 NIAबज चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, बैंक संबंधित मामले, राजस्व विभाग के मामले तथा प्री-लिटिगेशन पूर्व वाद मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा।

लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्याय की प्रक्रिया को सरल, शीघ्र और सस्ता बनाना है, जिससे आम आदमी को बिना किसी कठिनाई के त्वरित न्याय मिल सके। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के मामले जैसे कि दीवानी मामले, शमनीय आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि विवाद, वैवाहिक विवाद, लोक उपयोगी सेवाओं जैसे बिजली, जल, टेलीफोन से जुड़े विवाद, श्रम एवं औद्योगिक विवाद आदि निपटाए जाएंगे। लोक उपयोगी सेवाओं बिजली, जल, टेलीफोन से संबंधित विवाद श्रम एवं औद्योगिक विवाद बैंक और राजस्व विभाग के मामले प्री-लिटिगेशन पूर्व वाद से संबंधित दीवानी और आपराधिक मामले न्याय का सरल और त्वरित तरीकालोक अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा। इस प्रक्रिया में दोनों पक्षों की सहमति से मामले को सुलझाया जाएगा और लोक अदालत का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां लंबित मामलों का समाधान एक निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों को लोक अदालत में निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें। इसके लिए विधिक सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं विधिक प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है लोगों को न्याय की प्रक्रिया में तेजी लाना और उन्हें पारंपरिक अदालतों की लंबी प्रक्रिया से निजात दिलाना।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन / सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 9412302152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500110219 9411827221 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759558639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |

# चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

## सम्बंधित अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक/डीडीसी अंशिका दीक्षित ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के डिफाल्टर होने पर संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ-साथ उसका जवाब तलब भी किया जाएगा।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिला अधिकारी श्रीमती दीक्षित कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सभी चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आईजीआरएस पोर्टल का अवलोकन कर विभागीय शिकायतों को संबंधित अधिकारी को अग्रसारित कर उन्हें सूचित भी करें तथा चकबंदी विभाग से असंबंधित शिकायत को रेडक्रॉस निशान पर क्लिक कर संबंधित विभाग को प्रेषित करें, ताकि उक्त शिकायत विभागीय पोर्टल से निस्तारित हो सके। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को सही तरीके से निस्तारित करने के लिए, पहले जनसुनवाई पोर्टल पर लॉग इन करें, शिकायत की स्थिति जांचें, और यदि निस्तारण से संतुष्ट नहीं हैं, तो पुनः कार्यवाही का अनुरोध करें या फीडबैक दें। यदि निस्तारण सही ढंग से नहीं हुआ है, तो आप पोर्टल पर पुनः अनुस्मारक (Reminder) भेज सकते हैं या अपनी प्रतिक्रिया/सुझाव दे सकते हैं, जिसके बाद अधिकारी मामले की फिर से जांच करेंगे। उन्होंने बताया कि सबसे पहले, Jansunwai पोर्टल पर जाएं और अपनी शिकायत पंजीकरण संख्या या पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉग इन करें। पोर्टल पर शिकायत की स्थिति या कार्यवाही का विवरण विकल्प पर क्लिक करें ताकि यह पता चल सके कि शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई है। यदि नियत समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है या आपको लगता है कि निस्तारण अधूरा है, तो आप अनुस्मारक भेज सकते हैं। यदि शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है, लेकिन आपको संतुष्टि नहीं है, तो 'आपकी प्रतिक्रिया' विकल्प में फीडबैक दें और अपनी संतुष्टि या असंतुष्टि व्यक्त कर शिकायत को निस्तारित करें। इस अवसर पर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास त्यागी द्वारा चकबंदी अधिकारियों कानून को एवं लेखपालों को पीपीटी के माध्यम से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए नियम अनुसार की जाने वाली विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर एसओसी चकबंदी संजय कुमार शर्मा, सीओ, एसीओ, कानूनगों, लेखपाल सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# अनुसूचित आयोग की टीम ने किया उत्तम शुगर मिल का निरीक्षण

## 12 जुलाई को मिल में जहरीली गैस से हुई थी तीन मजदूरों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बरकातपुर चीनी मिल के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में गैस रिसाव होने के कारण हादसे का शिकार हुए मजदूरों के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने हादसे के संबंध में मिलकर्मियों के बयान लिए।

उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में गैस रिसाव होने के कारण 18 जुलाई को हादसा हो गया था। जिसमें गांव तिसोतरा निवासी कपिल देव (33 वर्ष), लालपुर सोजीमल निवासी सोमपाल सिंह (40 वर्ष), और मंडावर थाना क्षेत्र के गांव कबूलपुर निवासी मुनेश्वर (50 वर्ष) की मौत हो गई थी। जबकि सुपरवाइजर प्रभात घायल हो गया था। मजदूरों की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया था। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लवकुश निदेशक डा. आर. स्टालिन ने एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, एएसपी सिटी संजीव वाजपेई, एसडीएम शैलेंद्र कुमार के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने घटना के संबंध में मिल कर्मियों के बयान भी दर्ज किये। जांच के बाद निदेशक ने बताया कि घटना के समय मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए गए थे, और न हीं सुपरवाइजर मौके पर मौजूद था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान घटना के संबंध में मिल प्रशासन की बड़ी चूक रही है और भी कई खामियां पाई गई है। टीम ने जांच रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है।

# शांति व्यवस्था और भाईचारा कायम रखना मेरी प्राथमिकता: बिजेंद्र सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** नवागत थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने हीमपुर दीपा थाने का चार्ज संभालने के बाद आज पत्रकारों के साथ बैठक कर वार्ता की। बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष ने सर्वप्रथम अपना परिचय दिया और फिर पत्रकारों को यह आश्वासन दिया गया कि उनके समय में किसी भी बेकसूर पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पत्रकारों का भी उनके समय मे भरपूर सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम सब को मिलकर थाना क्षेत्र में शांति कायम करनी है। साथ ही आपसी भाईचारा कायम करने का प्रयास करना है। थानाध्यक्ष ने पत्रकारों से अपील करते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस का साथ बनाये रखने की अपील की।

इस मौके पर पत्रकार डा. श्रवण गुप्ता, डा.भानुप्रकाश वर्मा, डा. धर्मेंद्र सिंह, डा. शमीम अहमद, सुरेंद्र शर्मा, पवन चौधरी, बबलू चौहान, फिरोज आलम, मा. हेमेंद्र सिंह, परीक्षित गुप्ता सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक

## अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मा. राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर संजय कुमार VII के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता के लिए जिला जजी परिसर स्थित ए.डी.आर भवन के सभागार में नोडल ऑफिसर (राष्ट्रीय लोक अदालत) अवधेश कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपस्थित अधिकारीगण से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण करने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार अपने अपने स्तर से करने का आग्रह किया गया। जिसके क्रम में हर्ष चावला, डिप्टी कलेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्व विभाग से तद्दिनांक तक कुल 53700 वादों को चिन्हित किया गया है। प्रबंधक दूरसंचार विभाग द्वारा बताया गया कि दूरसंचार के कुल 500 वादों को चिन्हित किया गया है। प्रबन्धक अग्रणी बैंक द्वारा अवगत कराया गया कि बैंकों से कुल 24000 वादों को चिन्हित किया गया है। इसके पश्चात् नोडल ऑफिसर, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा उप-मुख्य चिकत्साधिकारी, बिजनौर को लोक अदालत वाले दिन पक्षकारों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एवं उपजिलाधिकारी को लोक अदालत वाले दिन जजी परिसर, बिजनौर में मूलभूत सुविधाएं व समुचित व्यवस्थता उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा गया है। बैठक का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रेय शुक्ला द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों से नियुक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु नोडल अधिकारीगण एवं विभिन्न बैंकों के प्रबन्धकगण उपस्थित हुए।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धा से मनाया

## जत्थे ने संगत को किया निहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** गुरुद्वारा साहिब में मानवीय एकता के संदेशवाहक जागती जोत श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का पहला प्रकाश गुरुपर्व शब्द कीर्तन के गायन के साथ श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरूद्वारे के ज्ञानी जी को सम्मानित किया गया।

गुरुद्वारा साहिब में तीन दिन से चल रहे श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग के उपरांत शब्द कीर्तन हुए। शुभदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह के जत्थे ने संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया। जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संचालक कमलजीत सिंह नूर ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पवित्र ग्रन्थ को ग्यारवे गुरु के जागती जोत के रूप में मान्यता प्राप्त है। जिसमें 6 सिक्ख गुरुओं सहित भक्त कबीरदास, रविद. ास, नामदेव, त्रिलोचन, पीपा जी, शेख फरीद आदि 15भक्तों की संदेशात्मक वाणी दर्ज है। इस पवित्र ग्रंथ का सम्पादन कार्य पंजवी पातशाही श्री गुरु अर्जुन देव जी ने किया। बाबा बुड्डा जी पहले ग्रंथी नियुक्त किये गये। यह दिवस गुरुद्वारों के ग्रंथी सिंह के सम्मान का भी दिन है। संगत को गुरु घर के वजीर ज्ञानी जी को सम्मान देना चाहिये। उन्होंने संगत से परिवार में बच्चों को पढ़ाने संस्कारित करने गुरुओं के बलिदान त्याग उनके परोपकारी जीवन के बारे में बताने को कहा। कार्यक्रम में गुरुद्वारा ग्रंथी ज्ञानी जीतेन्द्र सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संचालन गुरुप्रीत सिंह ने किया। अरदास उपरांत संगत को लंगर छकाया गया। गुरुदयाल सिंह रवि हरमीत सिंह जैकी, हरवेंदर सिंह, परमवीर सिंह, प्रांजल, मान आदि ने सेवा में भाग लिया।

# डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## सभी व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रखरखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा मौहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस से अनिल त्यागी तथा सपा से अखलाक उर्फ पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण लीला का शुभारंभ



**नहटौर।** ग्राम टपरौला में श्रीकृष्ण लीला का शुभारंभ शिवसेना के मंडल प्रमुख एडवोकेट आरके आर्य ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण लीला के माध्यम से जीवन के सार को समझा जा सकता है। उन्होंने श्रीकृष्ण के आदर्शों पर प्रकाश डाला। शिव सेना के मण्डल प्रमुख एडवोकेट आर्य व दक्ष प्रजापति कुम्हार महासभा धामपुर के अध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति, कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति, मीडिया प्रभारी नीरज कुमार प्रजापति द्वारा आरती कर व फीता काट कर शुभारंभ किया गया। आरके आर्य एडवोकेट ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीणों के मन में भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास बढ़ता है। श्री कृष्ण ने अनेकों रूप बदलकर दुष्टों का नाश किया है। इस अवसर पर ग्राम श्री कृष्ण लीला के आयोजक निकुल प्रजापति एडवोकेट, डॉ. रणवीर सिंह, राहुल मीणा, डॉ. मुकेश गिरी, ओमप्रकाश भगत, गंभीर मीणा, पवन मीणा, जगदीश प्रजापति, वेदप्रकाश प्रजापति, अंजुम मीणा, होरी सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस ने महिला का खोया पर्स लौटाया

**राजा का ताजपुर।** ऐतिहासिक जाहरवीर दोयज मेले में महिला का पर्स गायब हो गया था। पर्स गिर जाने से महिला के पैरों की जमीन खिसक गई थी। महिला ने पर्स गायब होने की शिकायत की तो पुलिस चौकी प्रभारी राजवीर सिंह सब इंस्पेक्टर वर्षा यादव ने तुरंत छानबीन की गई तो मंदिर के आस-पास एक पर्स पड़ा मिला। जिसमें एक हजार तीन सौ रुपए नगद पाए गए। पर्स महिला को वापस कर दिया गया। पर्स मिलने पर महिला ने खुशी का इजहार किया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की हर कोई तारीफ कर रहा है।

### एडीएम ने स्टाम्प विक्रेताओं को दी चेतावनी

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वान्या सिंह ने बताया कि दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से संज्ञान में आया है कि कतिपय स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा निर्धारित स्टाम्प मूल्य से अधिक मूल्य में अवैध रूप से स्टाम्प विक्रय किये जा रहे हैं। उन्होंने उक्त सम्बन्ध में समस्त स्टाम्प विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि यदि किसी स्टाम्प विक्रेता द्वारा निर्धारित स्टाम्प मूल्य से अधिक मूल्य में स्टाम्प का विक्रय किया जाता है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसका स्टाम्प विक्रय लाईसेन्स निरस्त कर दिया जायेगा।

### भव्य शोभायात्रा निकाली



**शेरकोट।** श्रीरामचरितमानस के तीन दिवसीय अखंड पाठ के समापन पर मोहल्ला नौंधना स्थित शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां, डीजे पर बज रहे धार्मिक धुनें और कलाकारों के हैरतअंगेज करतबों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह और उपाध्यक्ष बलदेव सैनी ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में शिव पार्वती, रामदरबार, काली तांडव और अघोरी तांडव जैसी झांकियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। बैंड बाजे और डीजे की धार्मिक धुनें माहौल को और भी भक्तिमय बना रही थीं। शोभायात्रा अपने तय मार्गों से होते हुए मोहल्ला खुराडा स्थित देव स्थान पर संपन्न हुई। वहां पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रमेश सैनी, अरुण सैनी, मोहन राज, नितिन सैनी, हेमंत आदि मौजूद रहे।

# महिला समानता दिवस, महिलाओं के हक की लड़ाई का प्रतीक: पायल



## अधिकांश मामलों में नहीं मिली सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** 26 अगस्त को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला महिला समानता दिवस, महिलाओं के लिए समान अधिकारों और अवसरों के लिए चल रहे संघर्ष की वैश्विक मान्यता का प्रतीक है।

शिक्षिका पायल अग्रवाल ने बताया कि महिला समानता दिवस महिलाओं को जीवन में समान अवसर, समान शिक्षा, समान वेतन, स्वास्थ्य, राजनीतिक भागीदारी और समान सामाजिक सम्मान की मांग का प्रतीक है। हमारे देश में आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी महिलाओं की स्थिति गौर करने के लायक है। महिला होने के कारण उन्हें अपने घर में और समाज में असमानता को झेलने के लिए विवश होना पड़ता है। चाहे वह घर में बेटी हो, पत्नी हो, माता हो या बहन हो उन्हें समाज के अस्वस्थ वातावरण का सामना करना पड़ता हैं। वर्तमान समय में भी समाचार पत्रों में लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ और बलात्कार जैसी खबरों को पढ़ा जा सकता है। साथ ही महिलाएं अपने ही घर में सिर्फ इसीलिए प्रताड़ित हो रही हैं, क्योंकि वह एक औरत है।

महिलाएं हमेशा से ही परिवर्तन और प्रगति में अग्रणी रही हैं। महिलाएं अपनी आवाज को बुलंद कर रही है। उन्होंने बाधाओं और रूढ़िवादिता को तोड़ा है। सभी महिलाएं दशकों से समानता और सशक्तिकरण के लिए लड़ रही हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक प्रगतिशील समाज की पहचान भी है। जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। महिलाएं अपने अद्‌भुत आत्मबल, दृढ़ इच्छा-शक्ति और संकल्प के साथ हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही हैं। महिलाओं ने अभी बहुत कुछ पा लिया है लेकिन अभी भी बहुत कुछ काम बाकी है।

आज महिलाएं सभी मोर्चा पर पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। चाहे वह देश को चलाने की बात हो या फिर घर को संभालने की। यहां तक कि देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी वे बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं ने हर जिम्मेदारी को पूरी तन्मयता से निभाया है। लेकिन आज भी अधिकांश मामलों में उन्हें समानता हासिल नहीं हो पाई है। इसलिए महिला समानता दिवस के महत्व को समझना और मानना आवश्यक है।

# मीठी-मीठी बातों में फंसाकर करता रहा बलात्कार

## दस लाख रुपये नहीं मिलने पर फोटो व वीडियो की वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पति की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर एक व्यक्ति ने महिला से उसके शौहर का नम्बर लेने के साथ साथ महिला का नंबर भी ले लिया। युवक आए दिन महिला से मीठी-मीठी बातें करने लगा और उसे अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने महिला के साथ कई बार बलात्कार किया और उसकी फोटो और वीडियो भी बना ली। बताया जाता है युवक 1 साल से लगातार महिला को फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की उगाही करता रहा और अंत में उसने महिला के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मुबा. रकपुर कला निवासी मारूफ पुत्र आबिद ने एक महिला से उसके पति का नंबर लेने के साथ ही उसका भी नंबर ले लिया और उससे मीठी-मीठी बातें करने लगा। महिला भी उसकी मीठी-मीठी बातों में आ गई। बताया जाता है कि ये मीठी-मीठी बाते शारिरिक संबंध तक आ पहुंची। महिला की इज्जत से खिलवाड़ करते हुए मारूफ ने एक साल तक सैकड़ों बार महिला के साथ बलात्कार किया और उसकी फोटो और वीडियो भी बना ली। साथ ही एक साल से मारूफ महिला को उसके आपत्ति. जनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहा और धन की उगाही भी करता रहा। पीड़िता ने बताया कि बीते दिनों मारूफ ने उससे 10 लाख रुपए की डिमांड करते हुए कहा कि यदि उसे रुपए नहीं दिए तो वह उसके फोटो और वीडियो वायरल कर देगा। महिला ने पैसे न होने का हवाला दिया। बताया जाता है कि इसी बात से नाराज होकर मारूफ ने महिला के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

उधर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। इसके बाद महिला थाने पहुंची और आपबीती बताई। बताया जाता है कि थाने से कोई खास आश्वासन न मिलने पर महिला ने एसपी के दरबार में पेश होकर अपनी गुहार सुनाई। जहां से हीमपुर दीपा थाने को एफआईआर के लिए आदे. शित किया गया। बताया जाता है कि पुलिस ने बीएनएस की धारा 367(a), 64(1), 308(5), 351(3), 67(a) अधिनियम 2000 में आरोपी मारूफ पुत्र आबिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जिसकी गिरफ्तारी होना अभी बाकी है।

# सवारियों से भरी ई-रिक्शा नदी में पलटी



## ग्रामीणों ने की पुल बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र की पहाड़ा नदी में सवारियों से भरी एक ई-रिक्शा पलटने का वीडियो सोशल मीडिया पर जोरो से वायरल हो रहा है। रिक्शा के नीचे दबने से एक महिला घायल हो गई। ग्रामीण पिछले कई वर्षों से पहाड़ा नदी पर पुल बनवाने की मांग करते आ रहे है।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग पर बहने वाली पहाड़ा नदी का जलस्तर कम तो हो गया। लेकिन ग्राम सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, बहेड़ी और काशीवाला के ग्रामीणों की मुश्किलें कम नही हो रही है। नदी किनारे जमा कीचड़ और पानी में गहरे गड्ढे लगातार हादसों को दावत दे रहे है। सवारियों से भरी एक ई-रिक्शा का नदी में पलटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। ग्राम चकउदयचंद निवासी सुधीर कुमार बढ़ापुर से कुछ सवारियों और पढ़ने वाले बच्चों को लेकर गांव जा रहा था। पहाड़ा नदी में पहुंचने पर ई-रिक्शा का पहिया गड्ढें में जा गिरा और रिक्शा पलट गई। वहां पर मौजूद लोगों ने दौड़कर पलटी रिक्शा को सीधा कर सवारियों और बच्चों को निकाला।

रिक्शा के नीचे दबने से ग्राम चकउदयचंद निवासी मुशायदा पत्नी अहसास घायल हो गई। वही सोमवार को ग्राम चकउदयचंद, सरदारपुर, बहेड़ी व काशीवाला के दर्जनों ग्रामीण नगीना एसडीएम से मिले और ज्ञापन सौंपकर नदी पर पुल निर्माण की मांग की है।

# 27 से शुरू होगा श्री गणेश चौथ महोत्सव कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के तत्वाधान में 41वां श्री गणेश चौथ महोत्सव घूमधाम के साथ श्री सिद्धि विनायक मंदिर में मनाया जायेगा। उत्सव 27 अगस्त से छह सितम्बर तक मनाया जाना है।

मूर्ति स्थापना 27 अगस्त को प्रातः 10 बजे होगी। पूजा अर्चना प्रातः 8 बजे से सायं 7 बजे तक प्रतिदिन की जाएगी। भव्य शोभायात्रा छह सितम्बर सायं 5 बजे से रेलवे स्टेशन से प्रारम्भ होकर मालन नदी के तट पर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा मे श्री गणेश दरबार, कीर्तन मंडलिया, बैंड और भव्य धार्मिक झांकियों को सम्मलित किया जायेगा। शोभायात्रा का मुख्य आर्कषण माखन मटकी प्रतियोगिता रेलवे स्टेशन, बाजार कल्लूगंज और बाजार चौक में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के संरक्षक संरक्षक चौ. कुलवीर सिंह, अवनीश अग्रवाल, राकेश गोयल, विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रचार मंत्री डा. एस. के. जौहर, मंत्री रवीन्द्र चौहान, कार्यक्रम संयोजक मंडल आलोक अग्रवाल, लोकेश गोयल, रचित अग्रवाल, डा. राजीव अरोरा, राजन टंडन गोल्डी, डा. राहुल वर्मा, अभिषेक कौशिक, राहुल वर्मा व मटकी प्रतियोगिता प्रभारी शैलेन्द्र सिंह रहेंगे।



सम्भल- कल्किदेव तीर्थ समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# कल्किदेव तीर्थ समिति की बैठक में महर्षि दधिचि के स्मारक को प्रस्ताव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में 68 तीर्थ व 19 महाकूपों को लेकर चर्चा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 महाकूपों पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने तीर्थों एवं महाकूपों पर नगर पालिका एवं पर्यटन विभाग द्वारा क्या क्या कार्य किए जा रहे हैं तथा तीर्थों एवं कूपों का कैसा निर्माण होगा उससे संबधित पीपीटी का अवलोकन किया। जबकि तीर्थों एवं महाकूपों के ट्रस्ट को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समिति के सदस्य छत्रपाल ने परिक्रमा मार्ग के गडढों को सही कराने तथा

**○ समिति की बैठक में की 68 तीर्थ और 19 महकूपों पर चर्चा**

नैमिषारण्य तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज ने महर्षि दधीचि के स्मारक को बनाये जाने का प्रस्ताव समिति में रखा। जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, उप जिलाधिकारी विकास चंद्र, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल एवं डिप्टी कलक्टर रामानुज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणि भूषण तिवारी एवं नैमिषारण्य के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज, छत्रपाल आदि मौजूद रहे।

## बारिश से कई जगह जलभराव

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दोपहर को हुई बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली वहीं जगह-जगह जलभराव सो दुशवारियों झंलनी पड़ी।

# समय निर्धारण के बाद भी होती है शराब की बिक्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**○किसके संरक्षण में चल रहा है अवैध बिक्री का यह खेल ढका छिपा नहीं है, देर रात तक शराब खरीदकर सेवन कर वाहन चालक ले चुके हैं काफी जान**

**सम्भल।** आखिर कौन है इस बड़े खेल के पीछे। जिनके लिए ना ड्राय डे और ना ही रात जबकि समय का निर्धारण कोई मायने नहीं रखता और समय के बाद भी शराब की की बिक्री पर कोई रोक नहीं है।

शराब की दुकानों को खोलने व बंद करने और उस पर बिक्री का समय निर्धारित है,लेकिन यहां बंद करने के कई नियम और कायदे नहीं हैं। जबकि समय का निर्धारण है तो उस पर अमल नहीं किया जा रहा है। कब और कितनी शराब चाहिए इसके लिए समय नहीं है। किसी की नजर पड़ जाये तो गेट बंद करो और अंदर से पैसे देकर शराब खरीद लो। अब शराब लेने वाला कोई आम है या फिर किसी वाहन का चालक इससे सैल्समेन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि शराब का सेवन करने वाला हादसे में किसी की जान ही क्यों न ले ले इससे सैल्समेन दुकानदार को कोई फर्क नहीं पड़ता। बस उनका तो किसी न किसी के संरक्षण से शराब बिक्री का खेल चलता रहे। अब इस सबके पीछे कौन है और किसके संरक्षण में समय निर्धारण के बाद भी शराब की बिक्री का खेल चल रहा है। इसे कौन नहीं जानता है। लेकिन आंख बंद और जबान चुप रखी जाती है। बहरहाल लाइसेंस की आड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री से पलकों से बंद की गई आँखों को कब और कैसे व कौन खोलेगा जबकि समय निधरिण के बाद कागजों में बंद लेकिन चोर दरवाजे से अधिक रेट में बिक्री कैसे रोका जा सकेगा। यह सब समझ से परे हो गया है। हालांकि देर रात्रि शराब पीकर वाहन चलाने वाले हादसे को अंजाम देकर न जाने कितनी जाने ले चुके हैं और कितनों के परिवारों व वंश को खत्म कर दिया है। लेकिन सिस्टम के चलते सब मुक दर्शक बने हुए हैं।

# हरतालिका तीज पर पति की लम्बी आयु की कामना

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** हरितालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने शिव जी व माँ गोरी का पूजन किया।

महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखकर पति की लम्बी आयु की कामना की। पण्डित उमाकांत शर्मा ने बताया कि ऐसा शास्त्रों में वर्णित है कि इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए किया था। हरतालिका तीज व्रत करने से महिलाओं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती का सच्चे मन से पूजन करने पर उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।मन्दिरों में पूजा विधि विधान से की गयी।पति को भोजन कराने के बाद पत्नियों ने व्रत खोला। इस पर्व पर बबराला बाजार में सुहाग से सम्बन्धित सामान की खरीददारी खूब हुई।

# जनपद में लोकगीत एवं लोकनृत्य को बढ़ावा देने का किया जाए कार्य: मुख्य विकास अधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**○युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा को ली बैठक**

**सम्भल।** क्रीड़ा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में खेलो इंडिया कार्यक्रम की जानकारी ली और युवा उत्सव कार्यक्रम को आवश्यक निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की जानकारी लेकर युवा उत्सव कार्यक्रम को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकगीत एवं लोकनृत्य को बढ़ावा देने का कार्य करें। बैठक में विकासखण्ड वार लोकगीत, लोकनृत्य पर कार्य करने के निर्देश दिए तथा कलाकारों को चिन्हित करते हुए पुरुस्कृत किया जाए। ग्रामीण खेल मैदान पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यायामशाला को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप क्रीड़ा अधिकारी को शतरंज की एक अच्छी प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए। खेलो भारत नीति 2025 पर चर्चा की गयी। खेल को जन आंदोलन बनाने तथा खेलों को शिक्षा के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए। उप क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल से समन्वय करते हुए ग्राम स्तर एवं वार्ड स्तर पर खेल कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खेल गतिविधियों पर कार्य करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती , एलडीएम ललित कुमार रॉय, खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, एवं प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह सिद्धू आदि मौजूद रहें

## एक नज़र इधर भी

### पूर्व चेयरमैन पुत्र के निधन पर शोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन के पुत्र के निधन पर उनके आवास पर जाकर लोगों ने शोक व्यक्त किया।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबराला स्वर्गीय रामचंद्र सिंह यादव के पुत्र विजयपाल सिंह यादव के आकस्मिक निधान हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजघाट गंगाघाट पर किया गया। उनके आवास पर लोगों ने परिजनों को सांत्वना दीं।

### कम प्रगति वाले बैंकों के खिलाफ पत्रकार करने के निर्देश

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कम प्रगति वाली बैंकों की समीक्षा बैठक में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं में अपनी भूमिका नहीं निभाने वाले बैंकों के खिलाफ पत्राचार करने के निर्देश दिए गए।

जिलाकिारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एनआरएलएम के लंबित आवेदनों को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली। उन्होंने बैंकवार चर्चा करते हुए बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो आवेदन लंबित हैं उनको प्राथमिकता के आधार पर सात दिवस के अंदर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी के साथ एनआरएलएम विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंक वार चेक लिस्ट बनाई जाए जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आये। जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक प्रबंधकों से कहा कि अगर आवेदनों में कोई कमी है तो उसको समय रहते हुए अवगत कराएं जिससे उसका निस्तारण करते हुए पुन: बैंकों को अवगत करा दिया जाए।उन्होंने कहा कि आफलाइन आवेदनों को भी प्राथमिकता पर लेते हुए निस्तारण करें अगर कोई आवेदन गायब होता है तो उसके खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई संज्ञान में लाएं।बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लंबित आवेदनों को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो बैंक आवेदनों का निस्तारण नहीं कर रहे हैं वह यथा शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधाकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो बैंक राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं में अपनी भूमिका नहीं निभा रही हैं उनको लेकर पत्रचार किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि इस माह समस्त लंबित आवेदनों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक ललित राय, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पांडेय आदि मौजूद रहे।



बबराला- बार वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव को नामांकन जमा करते अधिवक्ता।

### अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र यादव और रागिबउल्ला मैदान में

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के चुनाव में 25 अधिवक्ताओं ने प्रपत्र भरकर जमा किये।

बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र यादव और रागिब उल्ला ने प्रपत्र भरकर अपने अपने समर्थकों के साथ चुनाव कार्यालय में जमा किये। वहीं महासचिव पद पर सुरेश चंद,राधा कृष्ण ,उपाधयक्ष पद पर जुगेंद्र सिंह, अजय यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु भूदेव सिंह, रामा शंकर, कोषाध्यक्ष पद पर राहुल सक्सेना, चंद्रभान पाल, संयुक्त सचिव प्रशासनिक राहुल पाल, लाइब्रेरियन पद पर धर्मपाल, ऑडिटर पद पर राम अवतार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शीलेन्द्र कुमार, श्रृषिपाल सिंह, सदस्य संचालन समिति वरिष्ठ खंड पान सिंह, सदस्य संचालन समिति कनिष्ठ खंड देवेंद्र सिंह, मुनेश कुमार शर्मा ,नरेश पाल, मंजू लता, सतीश, अशोक कुमार, रामवीर सिंह, सोनू कुमार ने प्रपत्र भर कर जमा किए हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी धनेश चंद गोड ने बताया कि सभी 23 पदों पर 25 अधिवक्ता प्रत्याशियों ने प्रपत्र भरकर जमा किए हैं। इस दौरान सहायक चुनाव अधिकारी राजेन्द्र सिंह यादव ने सहयोग किया।

### देर रात आबादी से गुजर रहे मिट्टी भरे ट्रैक्टर-ट्राली

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रात के अन्धेरे मे सड़क पर दौड़ते मिट्टी से भरे ट्रैक्टर सड़कों को तो खराब कर ही रहे हैं लोगों का जीना मुहाल किए हुए है। धाड़ाधड़ दौडते हुए मिट्टी से भरे ट्रैक्टर की वजह से लोग रातों को चैन की नींद भी नहीं ले पा रहे हैं। रात मे ही खनन करके एक स्थान से दूसरे स्थान पर मिट्टी को डाला जा रहा है। नगर के एजेण्टी तिराहे निकट हौज भदेसराय मे दरगाह के आसपास मिट्टी का भराव किया जा रहा है। खनन कर लायी जा रही मिट्टी की अनुमति है या नहीं इसकी भी कोई जानकारी नही दी जा रही है। जबकि रातों को सरपट दौड़ रहे मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्रालियों के शोर ने रातों की नींद का चैन भी छीन लिया है। पड़ रहा है। चौकी पुलिस के सामने से गुजर रहे मिट्टी भरे ट्रैक्टरों से हो रही जनमानस को परेशानी को अंदेखा किया जा रहा है।

# संविधान बचाने को आगे आए बहुजन: भारती

**○सपा अम्बेडकर वाहिनी के अध्यक्ष ने पीडीए सम्मेलन को किया सम्बोधित**

शाह टाइम्स,ब्यूरो



सम्भल- पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन से पूर्व बाबा साहेब को नमन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष।

**सम्भल।** पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एकजुट होकर संविधान को बचाने के लिए आगे आने पर ज़ोर दिया।

नगर 'चायत नरौली के बैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मेलन में समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने संगठनात्मक समीक्षा करते हुए पी डी ए कार्यकर्ता सम्मलेन को संबोधित किया। उन्होने पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों में अपार सफलता मिली उन्होंने कहा 2027 में भी इसी तरह इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में मजबूती से चुनाव लड़ेगा समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होने कहा कि बहुजन समाज को एकजुट होकर संविधान को बचाने के लिए आगे आना चाहिए। समाजवादी पार्टी के पी डी ए पंचायत से जुड कर बाबा साहेब का सपना पूरा करना होगा उन्होंने बहुजन समाज को अखिलेश यादव जी के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है देश में पिछड़े दलित अल्पसंख्यक को आरक्षण लघु किया गया था वो भी खतरे में है इस पर भी पार्टी गम्भीर चिंतन कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बाबा साहेब का नारा एकजुट रहो शिक्षित रहो संघर्ष करो के नारे को अब संगठन स्तर पर अपनाया है अब वह विशाल पी डी ए का रूप ले चुका है। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर एवं लोहिया के अनुयाई साथ मिलकर देश प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ ने का काम करें। उन्होंने कहा की जिले की सभी विधानसभाओं लगातार पी डी ए सम्मेलन हो रहें हैं। जिस पार्टी को मजबूती मिलेगी।इस मौके पर विमलेश कुमारी जाटव,धीरेन्द्र सिंह जाटव, संगीता पाल, विशाल जाटव, जय सिंह सागर, विजय पाल सिंह जाटव, रामबहादुर जाटव, अवनीश सागर, शिवम जाटव, पप्पू जाटव, इशांत जाटव, राहुल जाटव संजीव जाटव छतपाल जाटव चेयरमैन बिट्टन मालिक ताहिर उल्ला खान आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया विहिप का स्थापना दिवस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का 61वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विहिप के विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को विहिप के स्थापना दिवस के महत्व और संगठन के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने कहा कि विहिप का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म, संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करना है। उन्होंने संगठन के विभिन्न कार्यों, जैसे कि सामाजिक समरसता, गौ रक्षा और सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं और समाज के अन्य वर्गों से संगठन से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आहवान किया। इस मौके पर विहिप के बबराला जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने विहिप के साथ जुड़कर धार्म और राष्ट्र की सेवा करने का आग्रह किया।कार्यक्रम में जुनावई प्रखंड के इस मौके पर महेंद्र वर्मा, यशपाल सिंह, रामौतार शर्मा, सुनील गोस्वामी, दुर्गा पल्लवी,तरुण, रवि, शिवम और चिंटू मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी सामाजिक एकता की शिक्षा देने वाला पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**○ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से होती है दस दिनों की पूजा**

**बबराला।** धर्म ग्रंथों में वर्णित है कि भगवान गणेश का स्मरण करके जो कार्य किया जाता हैं वह निर्विघ्न सम्पन्न होता है। इसलिए कोई भी कार्य करने से पूर्व गणेश जी का पूजन किया जाता है।

भगवान शिव पार्वती के पुत्र हैं गणेश जी। ऐसे गणपति गजानन का जन्म उत्सव भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। इसे गणेश चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। यह सामाजिक एकता की शिक्षा देने वाला पर्व है। गणेश जी का उत्सव पहले केवल महाराष्ट में मनाया जाता था लेकिन अब पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। गणेशोत्सव की शुरुआत भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से होता है। दस दिनों की पूजा के बाद अनत चतुर्दशी का त्यौहार होता है। इसी दिन त्यौहार का समापन होने पर गणेश जी की प्रतिमाओं का श्रृद्वापूर्वक गंगा जी में विसर्जन किया जाता है। इस पर्व की तैयारी महीने पहले आरम्भ हो जाती है। गणेश जी की बड़ी बड़ी प्रतिमा बनाने में मूर्ति कारीगर लग जाते हैं। घरों में विधि विधान से गणेश जी पूजा अर्चना की जाती है। इसका शंखनाद समाज सुधारक लोकमान्य तिलक ने किया था। उन्होंने महाराष्ट के निवासियों को बिर्टिश ओपनिवेशिक शासन के खिलाफ एकजुट करने के लिए किया था। तब से यह उत्सव चलता आ रहा है। गणेश जी का यह उत्सव सार्वजनिक रूप में मनाया जाता है। जिसमें लोग शामिल होते हैं। जिला सम्भल के चन्दौसी में इस पर्व पर शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसे देखने जनपद के ही नहीं बल्कि दूर के जनपद से भी आते हैं।

# मिनी बैंक संचालक से लूट का तीसरा बदमाश भी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिनी बैंक शाखा संचालक से तमंचे के बल पर 2.40 लाख रुपए व दो लैपटॉप लूटने वाले बाइक सवार बदमाशों का तीसरे साथी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने 5 हजार रुपए भी बरामद किए हैं।

बता दें कि थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र मुकुट सिंह सौंधन में प्रथमा ग्रामीण बैंक के मिनी शाखा चलता है। बीते 15 जुलाई शाम को वह बाइक से बैंक के लेनदेन के 2.40 लाख रुपए से भरा बैग व बैंक में कार्य के लिए दो लैपटॉप लेकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह करनपुर कायस्थ सौंधन मारा पर पहुंचा था तो एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रुपए से भरा बैग और दो लैपटॉप लूट लिए थे। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और बदमाशों का पीछा किया था तो बदमाश पहले ही बाइक छोड़कर फरार हो गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया था और लगातार जांच कर दो बदमाशों को दो दिन बाद ही 98,600 रुपए तथा दोनों लैपटॉपों के साथ गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने जेल भेज दिया था। जहां पुलिस ने लोड करने वाले तीसरे आरोपी बुलंदशहर जनपद के डिबाई थाना अंतर्गत चिरोरी रानी कात्यायनी गांव निवासी कुलदीप पुत्र राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से पुलिस ने उसके भूसे के कमरे से 5 हजार रुपए भी बरामद किए हैं। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया।

# सर्वसम्मति से हुआ टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव

**○मौ. अकरम अध्यक्ष, महफूज हुसैन को मिली महासचिव की कमान**

शाह टाइम्स,ब्यूरो



सम्भल- सर्वसम्मति से चुने गए जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य विजय चिन्ह बनाकर खुशी का इजहार करते।

**सम्भल।** सम्भल जिला टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनव सर्व सम्मति से सम्पन्न हो गया। वार्षिक चुनाव एल्डर कमेटी की देखरेख में कराया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी की घोषणा होते ही फूल मालायें पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।

मौहल्ला बेगम सराय स्थित हम सफर रिसोर्ट में आयोजित चुनाव कार्यक्रम कराया गया। वार्षिक चुनाव को चली प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर मौहम्मद अकरम, महासचिव पद पर महफूज हुसैन को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। जबकि मुश्फिक हुसैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा जियाउददीन और गुफरान खां को उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के लिए शाने आलम खान, आरिफ खां, मौहम्मद आजम खां को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर ईश्वरचंद व ऑडिटर मौ. शुएब को घोषित किया गया। इसी के साथ बार के वरिष्ठ सदस्य अखिल कुमार जैन और संजीव कुमार शर्मा को एल्डर कमेटी में शामिल किया। जबकि कपिल गम्भीर व किशनपाल और मौहम्मद साद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। चुनाव को कुशलता पूर्वक व सर्वसम्मति से सम्पन्न कराने में एसपी गम्भीर, राजू रस्तोगी का बड़ा योगदान रहा।इस दौरान सय्यद नवेद, परवेज तुर्की, अजमत, मौहम्मद अरबाब, खालिद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्वाभिमान क्रांति रथयात्रा की सफलता को बनाई समितियां

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) की अहम बैठक में स्वाभिमान क्रांति रथयात्रा सफल बनाने की रणनीति बनायी और समितियों का गठन किया गया।

ग्राम सिंहपुर सानी स्थित मिंकू चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक में कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में भारत की मिट्टी भारत स्वाभिमान क्रांति रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ दिल्ली जंतर मंतर से एवं समापन लखनऊ में होगा। उसी क्रम में क्रांति रथयात्रा को सफल बनाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया है। मिंकू चौधरी ने कहा कि क्रांति रथ यात्र में जनपद के मार्ग का नक्शा, जगह-जगह स्वागत स्थल, वाहन प्रबंधन समिति, चिकित्सा समिति, स्वागत समिति, सोशल मीडिया समिति, अनुशासन, सुरक्षा एवं व्यवस्था समिति, आवासीय एवं रक्षा समिति आदि समितियों का गठन किया गया है। जिससे कि रथयात्रा को अनुशासित ढंग से संपूर्ण कराया जा सके। कुलदीप शर्मा ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देकर निर्वहन करने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर सुभाष चाहल, शिवनारायण सैनी, सरदार गुरु वचन सिंह, अनमोल कुमार, निर्देश कुमार, कमल सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, इस्माइल खां, मेहंदी हसन, डा. वसीम, युवा तहसील महासचिव राजीव कुमार, धीरेन्द्र त्यागी, सुफियान पाशा, सतेन्द्र चौधरी, मो. हसन, दाउदख चौ. श्रृषिपाल सिंह, काविन्द्र गुर्जर, रजा हुसैन, बंटी चौधरी एवं रविता देवी, ननिहा देवी आदि मौजूद रहे।

# जयंती पर मदर टेरेसा को सेवाओं के लिए किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर में मदर टेरेसा की जयंती पर उनको याद किया गया।रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य विनय वार्ष्णेय ने कहा कि 1962 में भारत सरकार ने मदर टेरेसा को भारत के लोगों के प्रति उनकी सेवाओं के लिए अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक,पद्मश्री से सम्मानित किया। 1979 में उन्हें उनके मानवीय कार्यों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिला और अगले वर्ष भारत सरकार ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया। मदर टेरेसा के पास श्री भारतीय नागरिकता थी। वह मदर टेरेसा 6 जनवरी 1929 में भारत आई थीं और उनका जन्म उनका जन्म यूगोस्लाविया के स्कॉप्जे में 26 अगस्त 1910 को हुआ था। उनका असली नाम एग्नेस गोंझा बोयाजिजू ही था, जो बाद में 'मदर टेरेसा' बनीं।

मदर टेरसा रोमन कैथोलिक नन थीं जिनके पास भारतीय नागरिकता थी। फिर वे भारत आकर ईसाई ननों की तरह अध्यापन से जुड़ गईं। इस दौरान दिनेश कुमार, उमेशचंद्र, नीरज कुमार आदि रहे।

# कैथल में छात्र की नृशंस हत्या

## सोमवार को रात्रि आठ बजे घर से आया था छात्र, सुबह गांव के कब्रिस्तान के सामने धान के खेत में मिली लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** निकटवर्ती गांव कैथल में 16 वर्षीय हाईस्कूल के छात्र सुमित पुत्र स्व. नरेश की सोमवार रात अज्ञात हत्यारों ने बेरहमी से हत्या कर दी। छात्र का क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह कैथल-रामनगर मार्ग से करीब दो सौ मीटर दूर एक खेत में मिला। धारदार हथियार से गला काटकर की गई इस हत्या ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया है।

बता दें कि मृतक सुमित परिवार में सबसे छोटा था। उसके माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। दो बहनें नीता उम्र 21 वर्ष व पूजा उर्म 19 वर्ष मजदूरी कर घर चलाती थीं और भाई को पढ़ा रही थीं ताकि वह पढ़-लिखकर एक बेहतर भविष्य बना सके। परिवार का बड़ा भाई मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। बहनों का कहना है कि उनका सपना था कि सुमित पढ़-लिखकर जीवन में आगे



बढ़े। बहनों ने बताया कि सोमवार रात करीब 8:10 बजे सुमित घर से यह कहकर निकला कि थोड़ी देर में लौट आएगा। बहनों ने सोचा कि वह मंदिर में हो रहे कीर्तन में गया होगा लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर निकले तो धान के खेत में सुमित का शव पड़ा मिला। शव देखकर प्रतीत हुआ कि सुमित ने खुद को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन हत्यारों ने धारदार हथियार से उसकी जान ले ली। प्रारंभिक जांच में यह साफ हुआ कि हत्या पूरी योजना बनाकर की गई है। हत्यारों ने वारदात से पहले दस्ताने पहन रखे थे ताकि हथियार पर फिंगरप्रिंट न छूटें। घटनास्थल से खून से सने दस्ताने भी बरामद हुए हैं। जिस समय हत्या हुई, सुमित के पास मोबाइल फोन भी नहीं था।

घटना की सूचना पर एएसपी राजेश श्रीवास्तव, एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी और इंस्पेक्टर मोहित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बारीकी से जांच की। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एएसपी ने मृतक की बहनों से बातचीत कर जानकारी जुटाई।

पुलिस ने हत्या की जांच के लिए विशेष टीम गठित कर दी है और सुमित के साथ पढ़ने वाले छात्रों से भी पूछताछ की जा रही है। सूचना मिलते ही एसपी संभल के.के. बिश्नोई भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसओजी टीम को हत्यारों तक जल्द पहुंचने के निर्देश दिए। फिलहाल गांव में छात्र की हत्या से गम का माहौल है।

# टीएमयू फिजियोथैरेपी विभाग का एल्युमिनाई संग एमओयू साइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग ने अपने एल्युमिनाई डॉ. विवेक यादव के रिवाइवल चाइल्ड रिहैब एंड डवलपमेंट सेंटर के संग एमओयू साइन किया है। टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर वीसी प्रो. वीके जैन, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, ज्वाइंट रजिस्ट्रार आरएंडडी डॉ. अमित कंसल, मिस नीलम चौहान आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इस एमओयू का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल पुनर्वास पीडियाटिक रीहैबिलिटेशन के क्षेत्र में उच्च स्तरीय क्लीनिकल ट्रेनिंग, स्किल डवलपमेंट और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रो. वीके जैन ने उम्मीद जताई, यह एमओयू न केवल शिक्षा और उद्योग के बीच पुल का काम करेगा बल्कि टीएमयू और पूर्व छात्रों के बीच रिश्तों को भी प्रगाढ़ करेगा। फिजियोथेरेपी की विभागाध्यक्षा



प्रो. शिवानी एम. कौल ने कहा, हमारे स्टुडेंट्स को किताबों से परे जाकर बच्चों की पुनर्वास सेवाओं को नजदीक से समझने का मौका मिलेगा। रिवाइवल सेंटर को टीएमयू के कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर- सीआरसी ने आधिकारिक प्लेसमेंट पार्टनर के रूप में मान्यता दी है। इससे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप और रोजगार के स्वर्णिम द्वार भी खुलेंगे। उल्लेखनीय है, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा के 12 शहरों में रिवाइवल सेंटर हैं।

# कुंदरकी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण में कई गंभीर खामियां उजागर

■ **शौचालय ताले में बंद, यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डी आर यू सी सी सदस्य डॉ० पवन कुमार जैन द्वारा कुंदरकी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण में पाया गया कि यात्री प्रतीक्षा कक्ष में बने महिला एवं पुरुष शौचालय तालेबंद थे। स्टेशन मास्टर परविंदर कुमार से जब इस विषय पर पूछा गया तो उन्होंने अत्यंत हास्यास्पद उत्तर दिया कि "जब कोई यात्री आता है तो हम उसे चाबी दे देते हैं, यात्री प्रयोग करने के बाद शौचालय बंद कर चाबी लौटा देता है।"









स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक: स्टेशन पर पानी की टोंटियां इतनी गंदी मिलीं कि यात्री पीने या टॉयलेट उपयोग हेतु पानी लेने से भी हिचकिचाएं। वहीं प्लेटफार्म पर स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का साम्राज्य था। ऐसा प्रतीत हुआ कि स्टेशन पर नियमित सफाई कर्मचारी आते ही नहीं हैं, जिसके कारण प्रबंधन शौचालयों को ताले में बंद रखता है। सुरक्षा भी लापरवाहियों की भेंट: निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि स्टेशन पर लगे आग बुझाने वाले सिलेंडर एक्सपायरी डेट के थे, जो यात्रियों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा गंभीर विषय है। यात्रियों के मौलिक अधिकारों का हनन, रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को बुनियादी सुविधाएं मिलना चाहिए। यदि उन्हें समय पर स्वच्छ पानी और शौचालय उपलब्ध न हो, तो यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है।

क्योंकि कई बार गाड़ियाँ घंटों विलंब से चलती हैं और यात्रियों को लंबे समय तक प्लेटफार्म पर रुकना पड़ता है। पूर्व में भी इस विषय पर विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया था, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। निरीक्षण में मिली इन खामियों पर रेलवे प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही करनी चाहिए, जिससे यात्रियों को न्यूनतम सुविधाएं तो सुनिश्चित हो सकें।

## एक नजर

### पिलर के नीचे दबकर बच्ची की मौत



**मुरादाबाद।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव गरेर में बड़ा हादसा हो गया। एक मकान में पिलर गिरने से बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी विनय सिंह मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। गांव वालों का कहना है कि मकान पुराना होने की वजह से पिलर अचानक गिर गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रामगंगा नदी से मिला अज्ञात शव



**कुन्दरकी।** कुन्दरकी थाना क्षेत्र जैतवाड़ा के अंतर्गत रामगंगा नदी में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने नदी में शव को बहता हुआ देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुन्दरकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में सूचना देकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप शेरावत मौके पर पहुंच गए जिन्होंने तत्परता के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में किया जागरूक



**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मे कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने स्वयं सेवकों के साथ एक मीटिंग कर तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे मे विस्तार से बताया।

तम्बाकू का प्रयोग समाज मे कई प्रकार से किया जा रहा है जिसमें बीड़ी - सिगरेट, गुटखा आदि का मुख्य रूप से लोग प्रयोग कर रहे है, टीवी पर कुछ लालची सेलिब्रिटीज गुटखा जैसी हानिकारक चीजों का विज्ञापन करते है जिसपर खेद व्यक्त किया गया.इन पदार्थो के सेवन से कैंसर जैसी भयंकर बीमारी जन्म लेती है, छात्रों को विशेष रूप से इन हानिकारक पदार्थो का प्रयोग न करने की सलाह दी गयी।

# आईफा के प्रदेश सचिव ने किया आपूर्ति निरीक्षक हृदय कुमार का स्वागत



**कांठ।** आपूर्ति निरीक्षक अनिल कुमार का ठाकुरद्वारा के लिए तबादला होने के बाद सहारनपुर से आए हृदय कुमार ने कांठ तहसील में आपूर्ति निरीक्षक का चार्ज ग्रहण कर लिया। उनसे मुलाकात करने के लिए आईफा के प्रदेश सचिव बृजेश चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष बलराम सैनी एवं वरिष्ठ राशन डीलर वीर सिंह सैनी ने आपूर्ति कार्यालय जाकर मुलाकात की और उन्हें राशन डीलरो के सामने आ रही परेशानी से अवगत कराया।

बताया गया की आपूर्ति निरीक्षक ने पात्र लोगों के राशन कार्ड ना काटे जाने का भरोसा दिलाया और कहा कि पात्र लोगों के जो नाम गलत तरीके से काटे गए हैं उन्हें ठीक किया जाएगा और अपात्र लोगों के ही राशन कार्ड काटे जाएंगे। उन्होंने वितरण प्रणाली ईमानदारी और निष्ठा के साथ किए जाने का भी राशन डीलरों से आह्वान किया है।

# महिला मंगल दलों को विधायक ठा. रामवीर सिंह ने खेलकूद किट का किया वितरण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मुंडापंडे नवदीप यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चयनित 65 युवा मंगल दलों और महिला मंगल दलों को खेलकूद किट प्रदान करते हुए कहा कि आप लोग गांव गांव जाकर बच्चों को और लोगों को खेलकूद के प्रति जागरूक करें ताकि लोगों के अंदर एक खेल की जिज्ञासा हो। वह अपने बच्चों को खेल के क्षेत्र में लाएं और वही बच्चे खेलकर जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

आज के समय में हमारे बच्चे मोबाइल पर ज्यादा बिजी रहते हैं और खेलकूद के बारे में ध्यान नहीं दे रहे हैं। हमारे बच्चों को खेलकूद के प्रति ध्यान देना चाहिए और खेल में प्रतिभाग करना चाहिए। इससे उनका शरीर भी स्वस्थ रहेगा और वह खेलकूद के मामलों में आगे बढ़ते हुए प्रदेश और देश का नाम रोशन करने में सक्षम होंगे। विधायक ने आगे कहा कि युवा कल्याण विभाग द्वारा लगातार युवा मंगल दल और महिला मंगल दलों को खेलकूद किट वितरण की जाती है। प्रदेश सरकार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में युवा खिलाड़ियों के हित मे अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान एवं स्टेडियम निर्माण के माध्यम तथा खेल के प्रदान कर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निकालने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मुंडापांडे आशीष कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुंदरकी विनीत कुमार,ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे नवदीप यादव, रोहित सिंह, जय सिंह, रविन्द्र सिंह, रवि सक्सेना, सोनू रस्तौगी, ब्लॉक अधिकारीगण और मंगल दल उपस्थित रहे।

# नवाचार व तकनीक से सशक्त स्टार्ट-अप की ओर टिमिट का अभिनव प्रयास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबदा।** टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में इन्नोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी इन न्यू स्टार्टअप विषय पर एक विशेष ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति नवाचार (इन्नोवेशन) और तकनीकी उन्नति के माध्यम से उद्यमिता की ओर अग्रसर करना था। आज जब भारत विश्व स्तर पर एक स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है, ऐसे में छात्रों को सही दिशा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर अतिथि रूप में सुश्री स्वनी आनंद, सीनियर एसोसिएट पार्टनर, आदित्य बिड़ला कैपिटल ने स्टार्टअप फाइनेंसिंग, निवेश की संभावनाओं और कॉर्पोरेट जगत के दृष्टिकोण से उद्यमिता के अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज निवेशक उन्हीं विचारों में पूंजी लगाते हैं जो नवाचार और समाज के लिए उपयोगिता का मेल रखते हैं। युवा





उद्यमियों को चाहिए कि वे अपने विचारों को वास्तविक स्वरूप देने के लिए मजबूत बिजनेस मॉडल तैयार करें। डॉ. प्रिया गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, जीएनआईओटी कॉलेज ने तकनीकी नवाचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटलाइजेशन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने जोर दिया कि आज का स्टार्टअप इकोसिस्टम पूरी तरह टेक-ड्रिवन है, ऐसे में युवाओं को तकनीकी दक्षता एवं प्रबंधन कौशल दोनों का संतुलन सीखना चाहिए। प्रो. (डॉ.) विपिन जैन, डीन, टिमिट ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों को नवाचार एवं स्टार्टअप्स हेतु आवश्यक मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि टीएमयू की इनोवेशन सेल एवं ईडीसी सेल छात्रों के विचारों को व्यवहारिक स्वरूप देने हेतु हर संभव सहयोग कर रही है। हम चाहते हैं कि छात्र केवल डिग्री धारक न बनें, बल्कि अपने विचारों से समाज को नई दिशा दें। डॉ. प्रमोद कुमार, प्रोफेसर, टिमिट ने स्टार्टअप्स की सफलता में नेतृत्व कौशल, जोखिम प्रबंधन और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमबीए और बीबीए के छात्रों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने वक्ताओं से कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनमें फंडिंग की चुनौतियाँ, निवेशकों को आकर्षित करने की रणनीतियाँ, तकनीक आधारित स्टार्टअप्स के जोखिम प्रबंधन आदि शामिल थे। इस संगोष्ठी के माध्यम से छात्रों को यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार इन्नोवेशन एवं टेक्नोलॉजी न केवल व्यवसाय की वृद्धि में सहायक है बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत कर सकता है। टिमिट का यह प्रयास छात्रों को स्टार्टअप इंडिया मिशन से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य के जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। समापन संदेश में प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में नवाचार ही सबसे बड़ी पूंजी है। यदि हमारे छात्र अपने विचारों को तकनीक और सही मार्गदर्शन से जोड़ सकें, तो वे निश्चित रूप से समाज में परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं।

टिमिट सदैव अपने विद्यार्थियों को ऐसे प्लेटफार्म प्रदान करता रहेगा, जहाँ से वे न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करें बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दें। हमारा लक्ष्य है कि यहाँ से निकला हर छात्र अपने क्षेत्र में नई पहचान बनाए और 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार करे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज**
**( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 11.09.2025
**उत्तरा० वाद सं०:**140 सन् 2025
**चन्द्रकांता बनाम जनता आम**

चन्द्रकांता आयु करीब 70 वर्ष पत्नी द्वारिका प्रसाद निवासी पाकेट-ए 3 के पीछे बजावती मार्ट के पास बैंक कालौनी हाल पता सरोज बिला नेकपाल सिंह निकट भगवत मार्ट बैंक कालौनी गुरूद्वारा रोड तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. **जनता आम** पाकेट-ए 3 के पीछे बजावती मार्ट के पास बैंक कालौनी हाल पता सरोज बिला नेकपाल सिंह निकट भगवत मार्ट बैंक कालौनी गुरूद्वारा रोड तहसील व जिला मुरादाबाद-प्रतिवादी।

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा चन्द्रकांता हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा चन्द्रकांता मुसबफा द्वारिका प्रसाद अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.2,80,000/- हरगाह मुसम्मा चन्द्रकांता ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 11 मास 09 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुनान और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्रो अहमद अली, अनवर अली, मुस्तकीम व अब्दुल कादिर को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उक्त लोगों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**मोहम्मद अली पुत्र कलुवा निवासी ग्राम रतनपुरा थाना भगतपुर तह.व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र नीरज सिंह व पुत्रवूध श्रीमती लक्ष्मी देवी, पुत्र देवराज सिंह चौहान व पुत्रवधू श्रीमती नीतू चौहान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**राम सिंह पुत्र श्री राम सरन सिंह व श्रीमती उषा देवी पत्नी राम सिंह निवासीगण जटपुरा पोस्ट राजपुर केसरिया, मुरादाबाद।**

# भोजपुर पुलिस ने मांस व दो जिंदा पशु किए बरामद

## पांच मांस कारोबारियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने हमराह हेड कांस्टेबल शिव कुमार व अंकुर भड़ाना एवं सिपाही जितेंद्र कुमार को साथ लेकर जामा मस्जिद पुल के निकट चरई के खेतों में भैंसवंशीय पशुओं का कटान कर रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। उनके कब्जे से चार क्विंटल मांस,दो जिंदा पशु, कुल्हाड़ी, तीन छुरी सुम्मी, चार खालें,चार सिर और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किए हैं। तीन आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए। मंगलवार की सुबह को उप निरीक्षक विपिन कुमार हमराही पुलिस कर्मियों को साथ लेकर ताजपुर जामा मस्जिद पुल रोड पर गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने पुलिस को गांव रसूलपुर नंगला खेम में धर्मपुर कांटा वाली गली स्विमिंग पुल के निकट चरई के खेतों में अवैध रूप से भैंस वंशीय पशुओं के कटान की सूचना दी।

पुलिस ने छिपते छिपाते मौके पर जाकर देखा तो पांच युवक भैंसवंशीय पशुओं का कटान कर रहे थे। पुलिस के आने की आहट होने पर तीन युवक मौके से भाग गए। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो एक ने अपना नाम अजीम और दूसरे ने रिजवान निवासी बकरी का आहता असालतपुरा थाना गलशहीद मुरादाबाद बताया। आरोपियों ने अपने भागे हुए साथियों के नाम जफीर, गुफरान और जीशान निवासी असालतपुरा गलशहीद बताए। पुलिस ने मौके से चार क्विंटल भैंसवंशीय मांस,दो जिंदा पशु,चार सिर, चार खालें, तीन छुरी, कुल्हाड़ी, रस्सी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा आदि पशुओं को काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर सील कर दिए। बरामद मांस की पशु चिकित्सक ताजपुर से जांच कराकर प्लास्टिक के डिब्बों में मांस के सेंपल लेकर सील मोहर कर उच्चाधिकारियों की अनुमति लेकर बरामद मांस को खेतों में गड्ढों में दवा दिया। इस दौरान वीडियो ग्राफी भी कराई गई। पांच मांस तस्करों के खिलाफ अवैध रूप से पशुओं का कटान करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। । पुलिस फरार आरो. पियों की धरपकड़ करने में जुटी है।

## आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सहसपुर की गंदगी को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिलारी।** मंगलवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम विनय कुमार सिंह को रुस्तम नगर सहसपुर में फैली गंदगी को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि रुस्तम नगर सहसपुर में भारी तादाद में लोग रहते हैं। सिद्धार्थनगर से सड़क तक सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कई बार स्कूल जाते समय बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। सफाई कर्मी सिद्धार्थनगर में सफाई नहीं करते, जिसकी वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी शिवओम सागर एडवोकेट, रोहित सागर, सरवन कुमार,साकिर हुसैन, मलखान सिंह, रविंद्र कुमार, अजय कुमार, बृजेश कुमार, अरुण कुमार आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# विहिप कार्यकर्ताओं ने आईएमए निर्वाचित पदाधिकारी का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विहिप कार्यकर्ताओं ने आईएमए निर्वाचित पदाधिकारी को किया स्वागत। इस अवसर पर सत्र 2025 - 2026 के लिए निर्वाचित आईएमए अध्यक्ष डॉ सी.पी सिंह (एमडी मेडिसिन ) ने कहा कि वह सामाजिक उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे निम्न एवं मध्य वर्ग के समूह का इलाज सुलभ हो इसके लिए वह निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे समाज के हर एक वर्ग को स्वास्थ्य का लाभ मिले इसके लिए प्राथमिकता रहेगी। आयुष्मान भारत को अग्रणी स्तर पर लेकर जाएंगे जिससे समाज से ज्यादा लोगों को आयुष्मान का लाभ मिल सके। स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर कैंप का आयोजन करेंगे भारत के प्रधानमंत्री के कार्यक्रम वृक्षारोपण के कार्यक्रम को और अधिक गति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर आईएमए उपाध्यक्ष मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ कार्तिकेय गुप्ता ने कहा कि लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति



जागरूक करके आने वाली गंभीर बीमारियों का पता पहले ही चल जाए तो बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज आसान हो जाता है जिससे व्यक्ति का खर्च बहुत कम हो जाता है और व्यक्ति जल्दी स्वस्थ हो जाता है। समाज में जागरूकता फैलाकर समाज सेवा करना ही मेरा परम कर्तव्य है । समाज से बीमा. रियों को खत्म करके समाज में खुशियां लाना नहीं मेरा परम उद्देश्य है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री बृजेश कुमार प्रांत सदस्य प्रचार विभाग गौरव कश्यप महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता महानगर मंत्री अनिल कठेरिया बजरंग दल संयोजक राजीव ठाकुर डॉ यशवीर सिंह नवदीप कुमार राकेश कश्यप आदित्य भटनागर जितेंद्र वंश अश्विनी सूद आदि कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।

# होमगार्ड की नौकरी लगवाने के नाम पर 725 लाख रुपये ठगे

**ठाकुरद्वारा।** शातिर ठगो ने होमगार्ड में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक को प्रलोभन भरी बातों से अपनी और आकर्षित कर 7 लाख 25 हजार रुपए ठग लिए । युवक को ठगी का एहसास हुआ । जब उसने अपने रुपए वापस करने की मांग की तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी। मामला थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव मझरा सिरसमा हरिश्चंद्र निवासी विपिन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मेरे पिता अमर सिंह होमगार्ड विभाग में तैनात थे। जिनकी मृत्यु हो गई थी। पिता की मृत्यु के बाद विपिन मृतक आश्रित कोटे में नौकरी के लिए होमगार्ड विभाग के चक्कर काट रहा था । इसी दौरान उसकी मुलाकात तीन जनपद अमरोहा देहात निवासी अरुण कुमार उर्फ मोनू मुकेश और दिनेश से हो गयी । उन्होंने अपनी प्रभु प्रलोभन भरी बातों से उसे अपनी और आकर्षित कर लिया । दवाबा किया कि उनकी होमगार्ड विभाग में ऊपर तक पहुंचे और पर उनकी नौकरी पक्की कर देंगे । नौकरी लगवाने के लिए पैसे की मांग की तो विपिन ने अलग-अलग तिथियां में 7 लाख 15 हजार रुपए आरोपियो के खाते में ट्रांसफर कर दिए । तीन वर्ष तक नौकरी का झांसा देकर उसको लगातार झांसा देते रहे । जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो उसने अपने रुको की मांग की जिस पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे डाली । और पैसे देने से इनकार कर दिया।

विपिन कुमार ने थाना भगतपुर प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की । पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धर पकड़ के लिए टीम गठित कर दी।

## पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर इंजीनियर गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** पत्नी को गुजारा भत्ता न देने पर न्यायालय के आदेश पर देवरिया पुलिस ने एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, जनपद देवरिया निवासी इंजी. नियर विवेक पटेल का विवाह करीब पाँच वर्ष पूर्व प्रियंका पटेल से हुआ था। शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक-ठाक रहा, इसके बाद दोनों ठाकुरद्वारा आकर रहने लगे। विवेक पटेल ठाकुरद्वारा स्थित एक फैक्ट्री में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद बढ़ा तो मामला न्यायालय तक पहुंच गया। अदालत ने विवेक पटेल को पत्नी प्रियंका पटेल को प्रति माह 20 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। शुरुआत में कुछ समय तक भत्ता जमा किया गया, लेकिन बाद में विवेक ने न तो गुजारा भत्ता अदालत में जमा किया और न ही मुकदमे की तारीखों पर हाजिर हुए। इस पर न्यायालय के आद. ेश पर विवेक पटेल के खिलाफ बीएमडब्ल्यू वारंट जारी कर दिया गया।

# टीएमयू अस्पताल में बिना सर्जरी के बंद किया दिल का छेद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टीएमयू हॉस्पिटल ने एक बार फिर जटिल हृदय रोगों के इलाज में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। हॉस्पिटल के हृदय रोग विभाग की टीम ने 17 वर्षीय अमरोहा निवासी लड़की का बिना चीरा-टांका और बिना बेहोशी के दिल के जन्मजात छेद- पेटेंट डक्टस आर्टीरियोसस का ऑपरेशन सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मरीज दिल में जन्मजात छेद की समस्या से जूझ रही थी। लगभग 1.25 से 1.5 सेंटीमीटर के इस छेद के कारण उसे सांस लेने में कठिनाई होने लगी थी और दिल के फैलने के लक्षण स्पष्ट दिखाई देने लगे। सामान्य परिस्थितियों में इसका इलाज ओपन हार्ट सर्जरी से किया जाता है, लेकिन मरीज के परिजन ओपन हार्ट सजरीघ के लिए तैयार नहीं थे। पेशेंट की स्थिति को देखते हुए कन्सल्टेन्ट और सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. शलभ अग्रवाल और उनकी टीम ने आधुनिक तकनीक से जांघ की नस के जरिए दूरबीन विधि अपनायी एवं कैथ लैब के अंदर बिना चीरे के एक बटन




जैसी विशेष डिवाइस को दिल तक पहुंचाकर सटीक तरीके से छेद को बंद कर दिया। यह जटिल प्रक्रिया पूरी तरह सफल रही और ऑपरेशन के अगले ही दिन मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर जाने के लिए तैयार हो गई। खास बात यह रही कि यह पूरी प्रक्रिया आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज को बिल्कुल नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। डॉ. शलभ अग्रवाल ने कहा कि टीएमयू हॉस्पिटल में अब सभी तरह की जटिल और दुर्लभ हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज 24x7 उपलब्ध है। अब मरीजों को इस तरह की अत्याधुनिक सुविधा के लिए दिल्ली या अन्य बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## एक नजर

### रामबाग धाम के पीछे नाले में मिला शव, एक ही माह में नाले में शव मिलने की तीसरी घटना

**चन्दौसी।** मंगलवार को एक ही दिन में दो घटनाएं हो गयीं जिससे लोग दहशत में आ गये। एक घटना कैथल में 16 वर्षीय छात्र सुमित की गला काटकर हत्या व दूसरी घटना में रामबाग धाम के पीछे नाले में शव का मिलना। यहां बताते चलें कि जैसे ही मीडियाकर्मी कैथल में छात्र की हत्या की सूचना पर पहुंचे, इसके तुरंत बाद ही सूचना मिली कि रामबाग धाम के पीछे नाले में शव पड़ा हुआ है।

किसी राहगीर की निगाह नाले पर पड़ गयी जिसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी संभल के.के. बिश्नोई, एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को नाले से निकाला गया। यहां बताते चलें कि शहर में नाले से शव मिलने की तीसरी घटना है। इससे पहले भी नाले से दो बार शव निकाले गये हैं।

### मारपीट के आरोप में तीन पर मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** इलाके के गांव वाजिदपुर में दबंगों ने किसान को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में बताया है कि मंगलवार को समय करीब रात्रि दस बजे मेरा भाई आसिम गांव में मिलाद सुनकर अपने घर आ रहा था रास्ते में मुसहिद, आलिम और शमी ने मेरे भाई को देखकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों और दारधार हाथियारो से मेरे भाई पर हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्राइवेट विद्युत कर्मचारियों की चांदी, फरियादी परेशान, मनमानी वसूली से जनता त्रस्त

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी अब उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रही है। शिकायतों के अनुसार, बिजली घरों पर तैनात प्राइवेट विद्युत कर्मचारी खुलेआम मनमाने तरीके से लाईन जोड़ने सहित अन्य कार्य में अवैध वसूली कर रहे हैं। ग्रामीणों और कस्बे के उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर बदलने, नई लाइन डालने, लाइन की मरम्मत कराने या फिर कनेक्शन से जुड़ी छोटी-बड़ी किसी भी समस्या को निस्तारित कराने के लिए कर्मचारियों द्वारा अवैध रुपये वसूले जाते हैं। जबकि नियमों के मुताबिक इनमें से अधिकांश सेवाएं न्यूनतम शुल्क पर या नि:शुल्क उपलब्ध कराई जानी चाहिए फरियादियों ने बताया कि वे महीनों से बिजली बिल सुधार, मीटर की खराबी या विधुत लाईन संबंधी समस्याओं को लेकर विभागीय कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान के बजाय शिकायतकर्ताओं को प्राइवेट कर्मचारियों के हवाले कर दिया जाता है। वहां बिना "चाय-पानी" के कोई काम नहीं होता।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय अफसर सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं। इस लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है और ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी सैकड़ों से हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। नाराज उपभोक्ताओं ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि प्राइवेट विद्युत कर्मचारियों की इस मनमानी पर रोक लगाई जाए, दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और सभी कार्य विभागीय दरों पर ही पारदर्शी तरीके से किए जाएं।

# मनीषा की हत्या पर फूटा वाल्मीकि समाज का गुस्सा, कैंडल मार्च निकालकर सीबीआई जांच की मांग

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज नगर अध्यक्ष ओमकार भारती के नेतृत्व में कैंडल मार्च निक. ालकर हरियाणा के भिवानी में हुई मनीषा की निर्मम हत्या के खिलाफ सीबीआई जांच सहित एक करोड़ मुआवजे की मांग की है। नगर के भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने नगर में कैंडल मार्च के दौरान समाज के लोगों ने मृतका मनीषा को श्रद्धांजलि अर्पित की वक्ताओं ने कहा कि यह हत्या न केवल एक परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी पीड़ा और आक्रोश का विषय है। समाज ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार से मांग की कि मनीषा की हत्या में शामिल दोषियों को कठोर से कठोर स 9जा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के जघन्य अपराध की ।फपुनरावृत्ति न हो। इसके अतिरिक्त मृतका के परिवार को एक




करोड़ रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग भी रखी गई। वही कैंडल मार्च में मौजूद लोगो ने "मनीषा को न्याय दो", "दोषियों को फांसी दो" जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।इस दौरान अक्षय विनाय चौधरी, सुभाष चौधरी, , शिवा रत्नागर , मुन्नु वाल्मीकि, ध्रुप कुमार,दीपक वाल्मीकि, विशाल, अनुज,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण इलाकों में देशी शराब की दुकानों पर जमकर हो रही है ओवररेटिंग, अधिकारी कर रहे नजरअंदाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ठाकुरद्वारा।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देशी शराब की दुकानों पर शराब के दामों में मनमाने ढंग से वृद्धि (ओवररेटिंग) की जा रही है। शिकायतों के अनुसार, दुकानदार आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की सांठगांठ से शराब के एक पाउच पर निर्धारित दाम से 10 रुपये तक अधिक वसूल रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह घोटाला खुलेआम चल रहा है, लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा अब तक इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ओवररेटिंग के विरुद्ध की गई शिकायतें भी धरी की धरी रह जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि त्योहारों के मौके पर, जैसे दिवाली और होली पर, आबकारी विभाग और प्रशासनिक अधिकारी दुकानों की जांच के लिए आते हैं, लेकिन यह सब केवल दिखावा मात्र होता है। जांच के नाम पर सिर्फ फॉर्मेलिटी पूरी की जाती है और दुक. ानदारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इस ओवररेटिंग का मुख्य कारण यह है कि महंगाई के चलते आम शराब पीने वाला वर्ग अब दुकानों पर महंगी शराब नहीं खरीद पा रहा है। इस वजह से लोग सस्ती, लेकिन जानलेवा अवैध और कच्ची शराब पीने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नागरिकों ने जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर खींचा है और मांग की है कि इस अनियमितता पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषी दुकानदारों एवं भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वही क्षेत्रो में रेट से अधिक दामो में बेचे जाने को लेकर कुछ दिन पूर्व में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष ज्योति चौहान के नेतृत्व में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं जैसे ग्राम काला झाण्डा सहित आसपास के गांव स्थित शराब की दुकानों पर कच्ची व देशी दारू अवैध रूप रेट के अधिक दामों पर बेचे जाने की शिकायत उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह से की गई थी। जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र सिंह पाल ने बताया कि शिकायतों के अनुसार शराब की दुकानों ओवर रेटिंग को रोकने के लिए चौकिंग की जा रही है, कही ओवर रेटिंग पाई जाती है उस दुकान शराब बेचने वाले के खिलाफ ओवर रेटिंग में शराब बेचने पर कार्यवाही की जाएगी।

# जमात-ए-सलमानी समाज की बैठक में मंगलवार को सैलून बंद रखने पर जोर

## जमात ए सलमानी समाज के अध्यक्ष बने आरिफ और महासचिव बने यासीन सलमानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को जमात ए सनमानी समाज की एक मीटिंग ए० स० एजुकेशन जुनियर हाई स्कूल परिसर में आयोजित गई। जिसमें लघु उद्योग व्यापार मुरादाबाद जिला गोरख चौहान के सहयोग से जमात ए सलमानी समाज कि बैठक शाहिद हुसैन सलमानी संयुक्त सनानन गोरक्षा मुरादाबाद की देखरेख में सपन्न हुई। सनातनी गो रक्षक वहिनि कि जिला अध्यक्ष शाहिद हुसेन सलम ने कहा कि सप्ताह में एक दिन का अवक. ाश दिन मंगलवार को रखकर अपने परिवार के कामो कार्यो मे विताना



उचि है । इस दौरान नवयुक्त बालवर ऐशोसिएैशन के अध्यक्ष आरिफ सलमानी ने जमात ए सलमानी के दुकानदारों से हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन देते हुए बताया कि भविषय में किसी भी परेशानी की उपस्थिति में सभी दुकानदार एक दुसरे की परेशानीयो में सहयोग करेंगे। कोषाध्यक्ष मो० अनीस सलमानी निर्धारित रेटों पर कार्य करने पर विचार व्यक्त किये । महासचिव, यामीन सलमानी ने एक जुट रहने की मांग कि तथा मंगलवार को दुकानदार द्वारा दुकान खोलने पर जुर्माना वसूला जायेगा । मंगलवार को सभी सैलून जेन्स और लेडीज व्यूटी पार्लर बंद रखे। बैठक में एक नय कर नई समीति पर प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में गोरख चौहान जिला अध्यक्ष व्यापार मण्डल कि तरफ से सभी दुक. ानदारों को लाईसेंस दिलाए जाएगें। साथ ही कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की चेतावनी देते हुए एक दिन का अवकाश पर जोर दिया। इस दौरान नवनियुक्त जमात ए सनमानी समाज के अध्यक्ष आरिफ सलमानी, शब्बू सलमानी उपाध्यक्ष अनीस सलमानी कोषाध्यक्ष, यामीन सलमानी सचिव, ने नियुक्त किया गया। इस मौके पर शरीफ मास्टर सलमानी अफसर अली इस्लाम सलमानी शकील अंसारी शनि आलम अली सलमानी रहीस भाई वसीम सलमानी आदि मौजूद रहे।

# आरपी विद्या मंदिर में हुआ शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योड़ारा में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें अर्धवार्षिक व वार्षिक टेस्टों पर विचार विमर्श हुआ।

इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता में रुचि रखने वाले बच्चों को लेकर भी चर्चा हुई। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, कॉलेज प्रबंधक हनीश कुमार शर्मा एडवोकेट, कीड़ा प्रभारी प्रवक्ता सुदेश कुमार, प्रधानाचार्य राजीव



कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक संपन्न, सभी प्रस्तावों पर लगी मोहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में नगर पालि. का अध्यक्ष इरफान सैफी की अध्यक्षता में कुल 22 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बंद पड़े पुराने स्लाटर हाउस में दुकानें बनाकर मीट बाजार स्थापित किया जाएगा। साथ ही कब्जा मुक्त भूमि पर पार्किंग स्थल बनाकर शुल्क वसूली की जाएगी तथा सड़कों पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।इसके अतिरिक्त हाईमास्ट पोलों की लाइटों की मरम्मत, सौर ऊर्जा प्लांटों की बैटरियों का परिवर्तन, आउटसोर्सिंग से कार्मिकों की आपूर्ति, नगर की सड़कों व नालियों का निर्माण, फैंसी लाइट पोल लगाने, कूड़ा निस्तारण प्लांट हेतु संसाधन उपलब्ध



कराने, आरसीसी नाला निर्माण, अंत्येष्टि स्थलों का सौंदर्यकरण, वाटर टैंकर व मोबाइल टॉयलेट की मरम्मत जैसे कई प्रस्तावों को मंजूरी मिली। बैठक में सभासद सोहेल खान ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने, बुध बाजार को हटवाने, कुड़का नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने व काशीराम कॉलोनी की मरम्मत कराने की मांग रखी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह समेत सभासद अंकित शर्मा, आसिफ सैफी, मुजीबुर्रहमान, राकेश दानव, सुहेल खान, शमीमा बेगम, वसीम सैफी, रूपाली जिंदल, बाबू अंसारी, नदीम सिद्दीकी, हनीफ अल्वी, अशरफ अली, मोहम्मद मुस्तकीम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग के कार्य हेतु ई-बोलियाँ दिनांक 12.09.2025 को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2592/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, ई.वी चार्जिंग कम पार्किंग, पूजा सामग्री कीओस्क, मेडिकल आउटलेट, डिजिटल लाकर, स्लीपिंग पॉड्स एव रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 12.09.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, मुरादाबाद
2583/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बेदखली सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र बाहिद अली व पुत्रवधू श्रीमती सरवरी को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में बाहिद अली एवं श्रीमती सरवरी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। अब्दुल हनीफ पुत्र श्री अब्दुल गनी निवासी ग्राम खैरखाता, तह. व जिला मुरादाबाद।

## सार्वजनिक सूचना

संस्था राज ग्रामोदय संस्थान को खादी उत्पादन हेतू कच्चा माल देशी रुई LSS (वजन 100 कुंतल) व ऊनी उत्पादन हेतू कच्चा माल देशी ऊन (वजन 100 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कंपनी कारपोरेशन/पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतू टेंडर निविदा से दिनाँक 17.09.2025 तक संस्था के मुख्यालय पर जमा कर सकते है। जिसमे आपूर्ति की सभी शर्तो का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। सचिव संस्था राज ग्रामोदय संस्थान प्र0का0 ग्राम व पोस्ट गढ़ी सलेमपुर काँठ जिला मुरादाबाद- 244501 को सम्पर्क करे। 8755792146

## सार्वजनिक सूचना

संस्था हरेवली खादी ग्रामोद्योग आश्रम को खादी उत्पादन हेतू कच्चा माल देशी रुई LSS (वजन 100 कुंतल) की खरीद करनी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता कंपनी कारपोरेशन/ पंजीकृत फर्म आपूर्ति करने हेतू टेंडर निविदा से दिनाँक 17.09.2025 तक संस्था के मुख्यालय पर जमा कर सकते है। जिसमे आपूर्ति की सभी शर्तो का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। सचिव संस्था हरेवली खादी ग्रामोद्योग आश्रम प्र0का0 मौहल्ला इस्लाम नगर मकान नं0 160 सलेमपुर गढ़ी मदीना मस्जिद काँठ मुरादाबाद (उ0प्र0)- 244501 को सम्पर्क करे। 941283878

# शूटिंग में आठवें दिन भारत को आठ पदक

एशियाई शूटिंग चैंनियनशिप

- **महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता**
- **तीन गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते, 28 गोल्ड 10 सिल्वर व 12 बॉन्ज के साथ टॉप पर भारत**



**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा। जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता। नाम्या ने 30 हिट्स के साथ सिल्वर और तेजस्विनी ने 27 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, पायल, तेजस्विनी और रिया शिरीष ठट्टे (554 अंक) ने मिलकर 1700 अंकों के साथ टीम सिल्वर मेडल जीता, जिसमें कोरिया ने गोल्ड हासिल किया। इससे पहले नाम्या ने 581 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तेजस्विनी 577 अंकों के साथ दूसरे और पायल 569 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं। पुरुष ट्रैप में भवनीश को सिल्वर पुरुष ट्रैप में भारत के भवनीश मेंदिरत्ता ने 118 अंकों (25, 24, 23, 22, 24) के साथ क्वालिफिकेशन में चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओ. लिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट चीन के क्वि यिंग से हुआ।

# मुक्केबाजी टीम विदेश में प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

- **संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफील्ड यूनाटेड किंगडम भेजा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले एक उच्च-तीव्रता वाले संयुक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए 27 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल को शेफ़ील्ड, यूनाइटेड किंगडम भेजा है।

यह कदम भारतीय मुक्केबाजों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने और टूर्नामेंट से पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए सर्वोत्तम संभव तैयारी सुनिश्चित करने के बीएफआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। वर्तमान में शेफ़ील्ड में मौजूद टीम में 9 पुरुष और 8 महिला मुक्केबाज हैं, जिन्हें 8 कोच और 2 स्टाफ सदस्य सहयोग प्रदान कर रहे हैं। 28 अगस्त तक उनके साथ 1 पुरुष और 2 महिला मुक्केबाज, 1 सहायक स्टाफ भी शामिल हो जाएगा। भारतीय टीम यूके के प्रमुख उच्च-प्रदर्शन खेल केंद्रों में से एक, इंग्लिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट शेफ़ील्ड में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा है।

यह शिविर मुक्केबाजों को शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों के साथ गुणवत्तापूर्ण अभ्यास और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है। इसके बाद टीम चैंपियनशिप से पहले की तैयारियों के अंतिम चरण के लिए 2 सितम्बर को लिवरपूल रवाना होगी। पुरुष टीम का मार्गदर्शन कोच धर्मेंद्र यादव, तोरक खरप्राण, जय सिंह पाटिल और अभिषेक साह कर रहे हैं, जबकि महिला टीम चंद्रलाल, मोहम्मद ऐतसामुद्दीन, गीता चानू और राडिया देवी की देखरेख में है।

खेल विशेष

## वाडा ने 280 रूसी एथलीटों पर प्रतिबंध लगाए

**मॉस्को, वार्ता।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि उसने मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला के डेटाबेस के आधार पर 280 रूसी एथलीटों के खिलाफ दोषी करार दिया है। इस बीच, वाडा की ऑपरेशन एलआईएमएस जांच, जो 2019 में मॉस्को डोपिंग रोधी प्रयोगशाला से वाडा खुफिया और जांच द्वारा प्राप्त आंकड़ों और नमूनों पर आधारित थी, के नतीजे लगातार मिल रहे हैं। 280 मामलों में सफलतापूर्वक दोषसिद्धि हुई है, और सभी मामलों की आगे की जांच के बाद और भी मामलों में दोषसिद्धि होने की उम्मीद है। एक बयान में कहा गया है कि फैसलों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि 29 अन्य मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है, और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के 13 मामलों की जांच चल रही है।

## आगामी एशिया कप के लिए नवोदित ओमान ने टीम की घोषणा की

**मस्कट, वार्ता।** ओमान अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करने वाली नवीनतम टीम बन गई है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज जतिंदर सिंह आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में ओमान की कप्तानी करेंगे। टीम को ग्रुप ए में पाक, मेजबान यूएई और भारत के साथ रखा गया है। 17 सदस्यीय टीम में पिछले साल अमेरिका और विंडीज में हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों से अलग खिलाड़ी शामिल हैं। कुल चार नए चेहरे सुफियान, ज़िक्रिया, फैसल व नदीम खान, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ओमान का एशिया कप में पहला प्रदर्शन होगा।

# यूएस ओपन के दूसरे राउंड में अल्काराज

- **दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने अपने सभी 20 सर्विस पांइट जीते और केवल 3 मिस किए**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने दूसरे यूएस ओपन खिताब की अपनी तलाश की शुरुआत आत्मविश्वास से की और आज आर्थर ऐश स्टेडियम में अमेरिकी खिलाड़ी रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हरा दिया।

नए हेयर स्टाइल के साथ न्यूयॉर्क पहुंचे स्पेनिश स्टार ने एटीपी टूर के सबसे मजबूत सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक के खिलाफ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपनी एकाग्रता और सटीकता का परिचय दिया। शुरुआती सेट में, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया, अपने सभी 20 सर्विस पॉइंट जीते और केवल तीन बार पहली सर्विस मिस की। अपनी तेज सर्विस के बावजूद, ओपेल्का को उस दौर में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को परेशान करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। अमेरिकी खिलाड़ी ने अगले दो सेटों में अपना स्तर बढ़ाया और तीन ब्रेक-पॉइंट के मौके बनाए, लेकिन अल्काराज के लचीलेपन और समय पर शॉट लगाने से यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी चूक न हो। तीसरे सेट में 4-4 के स्कोर पर एक महत्वपूर्ण पासिंग शॉट ने निर्णायक ब्रेक का रास्ता तैयार कर दिया, जिसने ओपेल्का की किस्मत को पूरी तरह से तय कर दिया। सीधे सेटों में मिली जीत का मतलब था कि अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में अपना बेदाग रिकॉर्ड 19-0 तक पहुंचा दिया। पिछले साल के यूएस ओपन में डचमैन बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से दूसरे दौर में मिली चौंकाने वाली हार को छोड़कर, अल्काराज 2022 में न्यूयॉर्क में ट्रॉफी जीतने के बाद से लगातार हर बड़े टूर्नामेंट के कम से कम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। 22 वर्षीय इस खिलाड़ी ने इस सीजन में टूर पर सबसे ज्यादा जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

अब उनके नाम टूर में सबसे ज्यादा 55 जीत और 2025 में छह खिताब हैं, जिनमें रोटर्डम और सिनसिनाटी में हार्ड-कोर्ट खिताब भी शामिल हैं।

# भारत एशिया कप जीतेगा: सहवाग



**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित एशिया कप 2025 से पहले, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बातचीत में वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि भारत एशिया कप जीतेगा।

एशिया कप 2025 के आधिकारिक प्रसारक, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ एक विशेष बातचीत में, वीरेंद्र सहवाग ने भारत की संभावनाओं पर कहा कि हम विश्व चैंपियन हैं। हमने अभी-अभी चैंपियंस ट्रॉफी और टी-20 विश्व कप जीता है और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप में सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और उम्मीद है कि हम एशिया कप जीतेंगे। भारत के अभियान के लिए युवाओं की तुलना में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और स्काई (सूर्यकुमार यादव) आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और वह टी-20 प्रारूप में एक शीर्ष खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि उनकी कप्तानी में हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे क्योंकि हमने पहले भी देखा है कि जब स्काई ने कमान संभाली थी, हमने कई टी-20 मैच जीते थे और मुझे यकीन है कि हम एशिया कप भी जीतेंगे। हम आमतौर पर एशिया कप को विश्व कप की तैयारी के रूप में देखते हैं। 2026 का विश्व कप आ रहा है। क्या यह एशिया कप विश्व कप की तैयारी के रूप में काम करेगा? इस बारे में सहवाग ने कहा कि मुझे लगता है कि टी-20 प्रारूप में, यह एशिया कप हमारे 2026 के टी-20 विश्व कप के लिए एक बेहतरीन तैयारी का काम कर सकता है। यह देखने का मौका है कि किन नए खिलाड़ियों को मौका दिया जाना चाहिए और किसे टीम में शामिल किया जा सकता है। आप विश्व कप के लिए टीम बनाना शुरू कर सकते हैं। मेरे विचार से, भारतीय टीम के लिए अपनी ताकत परखने का एशिया कप से बेहतर कोई मौका नहीं हो सकता। टीम चयन अक्सर बहस का विषय बन जाता है। एशिया कप के लिए मौजूदा भारतीय टीम और इस टीम के लिए चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर पूर्व ओपनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत अच्छा टी-20 चयनकर्ता है।

# मुचोवा ने वीनस को हराया



- **कैरोलिना मुचोवा ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** ग्यारहवीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा ने अनुभवी वीनस विलियम्स की कड़ी चुनौती को पार करते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-3, 2-6, 6-1 से जीत के साथ यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले दो संस्करणों में सेमीफाइनलिस्ट रहीं मुचोवा को फ्लशिंग मीडोज में रिकॉर्ड 25वें एकल अभियान में भाग ले रही 45 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ जीत हासिल करने में दो घंटे लगे। दो बार की चैंपियन विलियम्स ने दूसरे सेट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई, लेकिन निर्णायक सेट में वह अपनी तीव्रता बरकरार नहीं रख सकीं क्योंकि चेक खिलाड़ी ने अंतिम सात में से छह गेम जीतकर नियंत्रण हासिल कर लिया। विलियम्स ने पहली बार 1997 में यूएस ओपन खेला था, 2000 और 2001 में खिताब जीते और 2017 में फाइनल में पहुंची। सोमवार का मुकाबला इस आयोजन में उनका 101वां एकल मैच था, जिसमें उनके नाम 79 जीत दर्ज हैं। इस बीच, नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने अमेरिकी वाइल्डकार्ड जूलियट पारेजा को 6-3, 6-0 से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## हार के बाद क्वितोवा ने संन्यास लिया

**वाशिंगटन।** दो बार की विंबलडन चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद सोमवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया। 35 वर्षीय चेक खिलांड़ी, जिन्होंने विंबलडन से पहले घोषणा की थी कि न्यूयॉर्क उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा, फ्रांस की डायने पैरी से 6-1, 6-0 से हार गईं। क्वितोवा ने खुलासा किया कि उन्हें तीन हफ्ते पहले कोविड-19 हुआ था और उन्हें अपनी फिटनेस से जूझना पड़ रहा था। क्वितोवा ने 31 डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं, जिनमें 2011 और 2014 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम खिताब शामिल हैं। वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं, आठ शीर्ष-10 सीजन (2011-15, 2018-20) में जगह बनाई और 2016 रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।

# रुब्लेव, रूड और टियाफो यूएस ओपन के दूसरे दौर में

- **रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पाइंट प्रत्येक सेट में एक का उपयोग किया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रूस के आंद्रेई रुब्लेव, नॉर्वे के कैस्पर रूड और घरेलू प्रबल दावेदार फ्रांसेस टियाफो ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी रुब्लेव, जो यहां चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट रह चुके हैं, ने अपने पहले मैच में क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

रुब्लेव ने अपने तीनों ब्रेक पॉइंट-प्रत्येक सेट में एक-का उपयोग किया और दो घंटे तक चले मुकाबले को फोरहैंड वॉली विनर के साथ समाप्त किया। यूएस ओपन में अब तक 25 जीत हासिल कर चुके 27 वर्षीय रुब्लेव अगले दौर में अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी ट्रिस्टन बॉयर से भिड़ेंगे। पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड, जो न्यूयॉर्क में 2022 के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे, ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के सेबेस्टियन ऑफनर को 6-1, 6-2, 7-6(5) से आसानी से हरा दिया।

नॉर्वेजियन खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि ऑफनर ने 43 अनफोर्स्ड एरर कीं, और रूड ने तीसरे सेट के कड़े टाईब्रेक में जीत हासिल की। बाएं घुटने की चोट के बाद वापसी करने वाले रूड का सामना दूसरे राउंड में बेल्जियम के राफेल कॉलिग्नन से होगा। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने न्यूयॉर्क में अपना शानदार रिकॉर्ड जारी रखते हुए आर्थर ऐश स्टेडियम में जापान के योशिहितो निशिओका को 6-3, 7-6(6), 6-3 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी ने 19 ऐस लगाए और दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक सेट पॉइंट बचाकर लगातार आठवें साल कम से कम दूसरे राउंड में पहुंचने का अपना सिलसिला जारी रखा।

## नेमार ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** नेमार को चिली और बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह लगातार चोटों से जूझ रहे हैं। 33 वर्षीय सैंटोस फॉरवर्ड ने अक्टूबर 2023 के बाद से ब्राजील के लिए कोई मैच नहीं खेला है, जब उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान उनके बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अग्रस्थ क्रूसिएट लिगामेंट) फट गया था। मांसपेशियों की बार-बार की समस्याओं के कारण उनकी रिकवरी में बाधा आ रही है और पिछले गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान उनकी जांघ में फिर से खिंचाव आ गया। ब्राज़ील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्नेमार (टीम में) नहीं हैं क्योंकि पिछले हफ्ते उन्हें कोई समस्या हुई थी। लेकिन हमें नेमार को परखने की ज़रूरत नहीं है।

# कॉक्स-जैक्स ने इनविंसिबल्स को सीधे फाइनल में पहुंचाया

- **इनविंसिबल्स के बल्लेबाजों ने 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया**

**लंदन, वार्ता।** ओवल इनविंसिबल्स ने ओवल में अपने शहर के प्रतिद्वंद्वी लंदन स्पिरिट को 22 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इस शानदार जीत ने उनका शीर्ष स्थान और सीधे फाइनल में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर दिया है।

इनविंसिबल्स के बल्लेबाजी क्रम की मजबूती और ताकत ने स्पिरिट द्वारा रखे गए 153 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इनविंसिबल्स का रन रेट (1-786) पीछा कर रही दोनों टीमों - ट्रेंट रॉकेट्स (0-441) और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स (0-282) से कहीं बेहतर है। बल्लेबाजी में उतरी स्पिरिट ने जेमी स्मिथ के जरिए तेज शुरुआत की, जिन्होंने पहली दो गेंदों पर चौके लगाए। स्मिथ शुरुआती ओवरों में आक्रामक रहे और लगातार बाउंड्री लगाते रहे, जबकि डेविड वार्नर दूसरे छोर पर डटे रहे। लेकिन 17वीं और 23वीं गेंद के बीच के एक घटनापूर्ण दौर में तीन चौके लगे और दोनों सलामी बल्लेबाज आउट हो गए, जिससे इनविंसिबल्स फिर से मुकाबले में आ गए।

ओली पोप भी जल्द ही सिर्फ दो रन बनाकर आउट हो गए, जिससे स्पिरिट ने 50 रन के अंदर तीन विकेट खो दिए। केन विलियमसन और एश्टन टर्नर ने एक साथ शुरुआत की, लेकिन लय हासिल करने में नाकाम रहे, और लगभग एक रन प्रति गेंद की दर से रन बनाते रहे। नाथन सॉटर की चालाकी का शिकार होकर दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए, जिससे स्पिरिट टीम और पीछे छूट गई।

# फिडे विश्व कप-2025 गोवा में होगा

- **दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** फिडे शतरंज विश्व कप 2025 गोवा में 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। दुनिया के शीर्ष 206 खिलाड़ी भारत के पश्चिमी तट पर सबसे रोमांचक शतरंज आयोजनों में से एक के लिए एकत्रित होंगे। यह नॉकआउट टूर्नामेंट 206 खिलाड़ियों को एक साथ लाता है जो 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में 20,00,000 अमेरिकी डॉलर और तीन प्रतिष्ठित स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

हर राउंड जीतो या घर जाओ वाला है, जिससे यह विश्व कप कैलेंडर के सबसे नाटकीय टूर्नामेंटों में से एक बन गया है। यह 8 राउंड का नॉकआउट प्रारूप होगा और शीर्ष 50 वरीयता प्राप्त टीमें दूसरे राउंड से प्रवेश करेंगी। इसमें दो क्लासिकल मैच होंगे, अगर रैपिड और ब्लिट्ज प्लेऑफ बराबरी पर रहे तो शीर्ष तीन टीमें 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुनने के कारण के बारे में, फिडे ने आज एक विज्ञप्ति में कहा कि गोवा के शानदार समुद्र तट, जीवंत संस्कृति और गर्मजोशी भरा आतिथ्य इसे इस वैश्विक मुकाबले के लिए एक रोमांचक पृष्ठभूमि बनाते हैं। खिलाड़ी और प्रशंसक विश्व स्तरीय शतरंज का अनुभव करेंगे, साथ ही एक ऐसे गंतव्य का भी, जो अपनी ऊर्जा और आकर्षण के लिए प्रसिद्ध है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पिछले साल, डी गुकेश विश्व चैंपियन बने, जबकि भारतीय टीमों ने ओपन और महिला दोनों श्रेणियों में शतरंज ओलंपियाड जीता। यह गति इस जुलाई में भी जारी रही, जब महिला विश्व कप में दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने ट्रॉफी जीती और दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर खींचा। गोवा में ओपन विश्व कप का आयोजन इन सफलताओं को और आगे बढ़ाता है और स्थानीय प्रशंसकों को अपने सितारों को घरेलू मैदान पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते देखने का अवसर प्रदान करता है। फिडे के अध्यक्ष अर्काडी ड्वोर्कोविच ने कहा कि भारत उत्कृष्ट खिलाड़ियों और उत्साही प्रशंसकों के साथ सबसे मजबूत शतरंज देशों में से एक बन गया है। इस साल की शुरुआत में जॉर्जिया में आयोजित फिडे महिला विश्व कप की सफलता के बाद, हमें फिडे विश्व कप को गोवा में लाने पर गर्व है।

उन्होंने आगे कहा कि इसमें 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है और यह शतरंज के इतिहास में सबसे अधिक देखे जाने वाले आयोजनों में से एक होगा। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने कह कि यह भारतीय शतरंज के लिए गर्व का क्षण है और हम एक ऐसा आयोजन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे प्रशंसकों के जुनून और हमारे महासंघ की व्यावसायिकता, दोनों को प्रतिबिंबित करे।

# हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल

- **विहारी काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं और हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी 2025-26 घरेलू सत्र के लिए त्रिपुरा की टीम में शामिल हुए हैं। विहारी हालिया समय में काफी अच्छे लय में दिख रहे हैं। हाल ही में धरा प्रीमियर लीग में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।

त्रिपुरा की तरफ से खेलने के लिए उन्हें आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) भी मिल चुका है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार त्रिपुरा की टीम से विहारी का अनुबंध फ़िलहाल एक सीजन के लिए है। हालांकि इसमें यह भी विकल्प है कि आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि विहारी सभी प्रारूपों में हिस्सा लेना चाहते थे और आंध्र की टीम इसे लेकर किसी भी तरह का वादा या सहमति नहीं जता रही थी।

विहारी ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि मैं तीनों प्रारूप खेलने के काबिल हूं। मैं चाहता था कि मुझे कुछ और अवसर मिले और उसके लिए काफी उत्साहित भी था। हालांकि आंध्र की टीम ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे टी20 के लिए युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा भरोसा दिखाएंगे। इस कारण से मेरे लिए निजी तौर पर 50 ओवर की क्रिकेट मायने नहीं रखती थी।

इसलिए मैंने विजय हजारे ट्रॉफ़ी से भी जानबूझकर खुद को अलग कर लिया था। साथ ही मेरी इच्छा थी कि मैं अब एक नए माहौल में खेलूं। जैसे ही विहारी ने त्रिपुरा क्रिकेट के लिए खेलने का निर्णय लिया और उन्हें एनओसी भी मिल गई, उसके बाद से आंध्र की टीम और उनके बीच जो मामूली उथल-पुथुल थी, वह भी समाप्त हो गई। 2023-24 के रणजी सीजन के बाद विहारी और एसीए के बीच मतभेद हुआ था।

तब विहारी ने कहा था कि उन्हें 'अपमानित और शर्मिंदा' महसूस कराया गया था। उस समय विहारी ने आरोप लगाया था कि टीम में ष्राजनीतिक दखल के कारण वह कप्तानी छोड़ रहे हैं।

# विद्यालय में छात्राओं की पिटाई से हंगामा

## शिक्षक पर शराब पीकर पढ़ाने और मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहग।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेरनी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक नवनीत कुमार पर छात्राओं से मारपीट और अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप लगे हैं। कक्षा 06 की छात्राएँ रीना, रुचि, सर्वेश, हेमलता, गौरी, पायल और यशपाल ने बताया कि शिक्षक ने उन्हें डंडी से पीटा। छात्राओं ने घर पहुँचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर अभिभावक रामगोपाल, अरविंद, वीरेश कुमार, प्रदीप, शिवम यादव, हरिओम, लोकेश, केशव, भूपसिंह, यादराम सिंह सहित ग्राम प्रधान पति रामवीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव, सोमपाल सिंह व अन्य ग्रामीण विद्यालय पहुँच गए। उन्होंने शिक्षक की हरकतों पर कड़ा एतराज जताते हुए विभागीय अधिकारियों को इंचार्ज अध्यापिका स्वप्निल गुप्ता के माध्यम से शिकायत पत्र सौंपा और कार्रवाई की मांग की। स्कूल में ही छात्राओं ने शिक्षक नवनीत कुमार पर आरोप लगाया कि वह विद्यालय में शराब पीकर आते हैं, तंबाकू खाकर कक्षा में पढ़ाते हैं, सवाल पूछने पर डंडी से पीटते हैं और पढ़ाई के दौरान मोबाइल पर सर्च कर पढ़ाने की कोशिश करते हैं। मारपीट में छात्राओं के हाथ-पैर पर डंडी के



निशान उभर आए। दर्द और सूजन की शिकायत होने पर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरनी ले जाया गया, जहाँ डॉ. अरशद अली ने प्राथमिक उपचार कर दवाइयाँ दीं। जानकारी के अनुसार, अध्यापिका स्वप्निल गुप्ता पिछले चार वर्षों से अकेले ही विद्यालय की तीन कक्षाओं के 100 से अधिक बच्चों को पढ़ा रही हैं। अध्यापकों की कमी को देखते हुए 19 अगस्त को नवनीत कुमार की तैनाती की गई थी। लेकिन महज एक सप्ताह में ही उन पर शराब पीकर आने, गाली-गलौज करने और छात्रों से मारपीट के आरोप सामने आ गए। गौरतलब है कि दो माह पहले भी नवनीत को फैजुल्लापुर विद्यालय में शिकायतें मिलने पर निलंबित किया गया था। हाल ही में उसकी बहाली हुई और 19 अगस्त को बेरनी विद्यालय में नियुक्त किया गया था।

# अखिलेश यादव का सपना भारत को न्यायपूर्ण और समानता आधारित राष्ट्र बनाया जाएः अरशद खान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय चक्कर की मिलक पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समा. जवादी पार्टी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान (जौनपुर) ने देश की मौजूदा परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को आज ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो चंद्रगुप्त मौर्य, सम्राट अशोक महान और अकबर महान की तरह पूरे देश को एक परिवार माने, राजधर्म का पालन करे और किसी भी वर्ग, जाति अथवा धर्म के साथ अन्याय या भेदभाव न करे। उन्होंने कहा कि आज के समय में यह गुण केवल पीडीए (च्क।) के महानायक श्री अखिलेश यादव जी में दिखाई देते हैं। समाजवादी पार्टी सदैव समानता, सामाजिक न्याय और भाईचारे की नीति पर काम करती है और किसी भी व्यक्ति के साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती। अखिलेश यादव जी का सपना है कि भारत को बाबासाहब डॉ.



भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया, महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद और नेताजी मुलायम सिंह यादव के विचारों पर चलकर न्यायपूर्ण और समानता आधारित राष्ट्र बनाया जाए। असंवैधानिक बुलडोजर राज- मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग संविधान की शपथ लेने के बावजूद उसी संविधान को तोड़ने का काम कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में बुलडोजर राज स्थापित कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद बिना अदालत के आदेश के और बिना न्यायिक प्रक्रिया के मकान-दुकान तोड़े जा रहे हैं। सरकारें बैक डेट में एसडीएम या तहसीलदार के कार्यालय से नोटिस जारी कर दिखावे की खानापूर्ति करती हैं और उसी दिन मकान ढहा देती हैं। साथ ही उन्होंने मांग रखी कि किसी भी अयोग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।,18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से न छूटे। कोर्ट के द्वारा डिग्री छिपाई जा रहीं हैं इसी तरह पहलगाम, पुलवामा की घटना को छिपाया गया था ऐसा क्यों निर्वाचन आयोग झूठ बोल रहा है निर्वाचन आयोग चोर और बेईमान साबित हो गया है।

प्रेस वार्ता पश्चात बैठक को भी सम्बोधित किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव जिला महासचिव फुरकान अली,पूर्व महानगर अध्यक्ष हाजी मन्नू कुरैशी,वेद प्रकाश सैनी, फिरासत हुसैन गामा, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव,अफ्कार पाशा, नाजिम सैफी, बी के सैनी,विकास चौधरी, सुनीता सिंह,प्रेम बाबू बाल्मीकि, नौशाद पाशा,संजीव चौधरी,योगेन्द्र यादव, सुरेंद्र शर्मा, आरिफ खान, एम.पी. सिंह,नबी जान, जिगरी मलिक,गोविन्द प्रजापति, गौरव चौहान, सरदार पाल, वीरेंद्र प्रसाद, वाजिद पाशा, मजीद अली, गौरव सिं,ह अकबर अली, रहीश अहमद, जाबिर अंसारी, राजा तूफानी, मो शारिक, शाकिर हुसैन सहित समा. जवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## रात्रि में घर से बुलाकर युवक को पीटा, गंभीर रुप से घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में सोमवार की रात्रि 09:30 बजे युवक अमित पुत्र महावीर को एक रिश्तेदार युवक द्वारा फोन करके रीठ के बाजार में बुलाया गया। युवक अमित रिश्तेदार के फोन पर रात्रि में ही बाइक से रीठ के बाजार ग्राउंड में पहुंच गया जहां पहले से ही मौजूद बैठे 06 लोगों ने एकदम लोहे की राड एवं बेल्टों एवं लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अमित को घायलावस्था में बाजार ग्राउंड में छोड़कर आरोपी भाग गए। सुबह होश में आने पर युवक ने अपने परिजनों को जानकारी दी और थाने पहुंचकर घायल अमित पुत्र महावीर निवासी पैगारफातपुर ने गांव के ही दो लोगों तथा थाना शाहाबाद क्षेत्र के एक रिश्तेदार एवं तीन अन्य अज्ञात सहित 06 लोगों के खिलाफ लोहे की राड एवं बैल्टों से जानलेवा हमला कर घायल करने की तहरीर थाना कुढफतेहगढ़ पुलिस को दी है। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल के लिए सीएचसी नरौली भेजा है।

## चोरी के सामान सहित युवक गिरफ्तार



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने सूने घर से ताले तोड़कर चोरी करने वाले युवक याकूब पुत्र मकसूद निवासी मौ. नगर कस्वा को भगतपुर मिर्जा के निकट रास्ते से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ कर चोरी किया गया बड़ा एक गैस सिलेंडर, दो कूकर, एक नल का हत्था बरामद किया है। मौ. उमर निवासी मौहम्मद नगर कस्वा के सूने पड़े घर का ताला तोड़ कर घर में रखे सामान की चोरी कर ली गई थी।

परिवार सहित चंडीगढ़ में रह रहे मौ. उमर को पड़ोसियों ने ताले टूटे देखकर फोन पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही उमर अपनी पत्नी को लेकर घर आया और घर में रखा सामान न देखकर थाना कुढफतेहगढ में चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज किया और 24 घंटे में चोरी के सामान सहित युवक मौ.याकूब निवासी मौहम्मद नगर कस्वा को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय पेश किया है।

## कासमपुर सहकारी समिति में भ्रष्टाचार व कालाबाजारी के विरोध में किसानों का धरना

**चन्दौसी।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति कासमपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार और खाद्य सामग्री की कालाबाजारी के विरोध में किसानों का आक्रोश मंगलवार को फूट पड़ा। पूर्व में की गई शिकायतों का समाधान न होने और किसानों के क्रेडिट कार्ड बिना सुविधा शुल्क दिए न बनने की समस्या को लेकर राष्ट्रीय किसान मोदी संगठन के बैनर तले किसानों ने सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक सहकारिता विभाग कार्यालय, पवांसा जनपद सम्भल पर धरना शुरू कर दिया।

संगठन के जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने आरोप लगाया कि सहकारी समिति में गड़बडिघ्यों का खेल लंबे समय से चल रहा है। किसानों को उनके हक की सुविधा समय पर नहीं मिल रही और क्रेडिट कार्ड बनाने में अवैध वसूली की जा रही है। संगठन ने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, धरना जारी रहेगा।

## पॉक्सो एक्ट के तहत दो दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा

**■ 13-13 हजार रुपये अर्थदंड का भी आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद सम्भल अवधेश सिंह के न्यायालय में विशेष सत्र परीक्षण संख्या 785/2017 (अपराध संख्या 443/2017), थाना गुन्नौर जनपद सम्भल से संबंधित गंभीर प्रकरण में शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र कुमार यादव की प्रभावी पैरवी पर अभियुक्तगण किशनपाल पुत्र रामफल एवं सोनू पुत्र कल्याण निवासी ग्राम रसूलपुर थाना गुन्नौर द्वारा नाबालिग पीडिता को बहला-फुसलाकर विधिपूर्ण अभिरक्षा से अवैध रूप से ले जाकर जबरन दुष्कर्म करना सिद्ध होने पर माननीय न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष कठोर कारावास एवं 13-13 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

यह फैसला न केवल न्याय की विजय है, बल्कि यह संदेश भी है कि बालिकाओं की गरिमा और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार तथा अभियोजन विभाग की प्रतिबद्धता से ही यह निर्णय बालिकाओं की सुरक्षा हेतु एक सशक्त उदाहरण बना है।

# गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में वर्तमान सरकार की महतवाकांक्षी योजना जल संचय जन भागेदारी के तहत एक जागरूकता अभियान के अन्तर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका प्रारम्भ प्राचार्या प्रो चारु मेहरोत्रा, के द्वारा किया गया। आपने वर्षा के द्वारा प्राप्त जल के सदुपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भूजल स्तर को बढ़ाता है, सूखे के प्रभाव को कम करता है, जल की कमी को दूर करता है, और बाढ़ व कटाव को नियंत्रित करता है।

यह पानी को शुद्ध करता है, पानी का बिल कम करता है, और जल स्रोतों पर निर्भरता को न्यून करता है। यह एक लागत-प्रभावी और सरल तकनीक है जो दीर्घकालिक लाभ देती है और जल संरक्षण को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो अंचल गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्षा के जल की महत्ता को बताया। पोस्टर प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया। समिति की सदस्यों में डॉ०




रूपाली गुप्ता,डॉ रेनू शर्मा, डॉ मोनिका सिंह का अथक सहयोग रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ अनुराधा सिंह, डॉ वंदना पांडेय तथा डॉ सीमा रानी रही। इसमें प्रथम अदीबा फातिमा द्वितीय खुशनुमा खान , तथा तृतीय बतूल जहरा रही। विजेता छात्राओं को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रो मीनाक्षी शर्मा, प्रो किरन त्रिपाठी, प्रो सीमा अग्रवाल , प्रो सुधा सिंह, प्रो अपर्णा जोशी, प्रो सुदेश, प्रो करुणा, प्रो सुदेश, प्रो एकता, प्रो प्रवीण सैनी डॉ प्रीति पांडेय,डॉ प्रज्ञा मित्तल डॉ शिवानी, ऋतु निर्वाल, डॉ सविता,डॉ प्रेमलता आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# आईएफटीएम में हुआ दो दिवसीय 'स्टार्ट-अप समिट' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशंस इना. `वेशन काउंसिल (आईआईसी), आईएफटीएम बिजनेस इन्क्यूबेशन फाउंडेशन (आईबीआईएफ) एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ''स्टार्ट-अप समिट: एग्जिबिशन एंड पोस्टर प्रेजेंटेशन ऑफ स्टार्ट-अप एंड लिंकेज विद एक्सपर्ट्स फॉर मेंटरशिप सपोर्ट" का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। साथ ही उन्होंने समिट के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समिट युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए अवश्य प्रेरित करेगी। समिट के पहले दिन 116 विद्यार्थी प्रतिभागियों ने हाइड्रोपोनिक्स, स्मार्ट फार्मिंग, ड्रोन स्टार्ट-अप और स्मार्ट ग्रीनहाउस जैसे



नवाचारपूर्ण विचारों पर आधारित पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी में भाग लिया। पोस्टर प्रस्तुति एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, गाजियाबाद स्थित कम्पनी फॉगर्वाला प्रा0 लिमिटेड के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. राम जीवन तथा गांधीधाम, गुजरात स्थित कम्पनी केमिस्टार इंडिया के श्री अभिषेक शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रस्तुतिकरण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। डॉ. रामजीवन ने स्टार्ट-अप आइडियाज, व्यवसायिक अवसरों और नवीन तकनीकों पर विद्यार्थियों का प्रेरणादायक मार्गदर्शन कर उन्हें उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया। केमिस्टार इंडिया के श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप शुरू करने में आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से स्टार्ट-अप से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे, जिनके विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिए। इस मौके पर कार्यक्रम के सह अध्यक्ष व विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने भी स्टार्ट-अप के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर विज. `ताओं की घोषणा की गई, जिसमें मॉडल प्रेजेंटेशन में बी.एससी.- एग्री ऑनर्स, एग्री ऑनर्स, तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों वतन कुमार, श्यामवीर एवं तुषार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर प्रेजेंटेशन में बी.टेक- एग्री, पंचम सेमेस्टर के छात्र सचिन एवं जुगल किशोर ने प्रथम, एम. एससी.- एग्रोनॉमी, तृतीय सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद सुहैल एवं कमलजीत सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी.एससी. - एग्री ऑनर्स, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दीक्षा एवं बी.एससी.- एग्री ऑनर्स, पंचम सेमेस्टर की छात्रा शबा हसन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समिट के दूसरे दिन 75 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समिट के सफल आयोजन में स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. यशपाल सिंह एवं डॉ. आंचल सिंह का विशेष योगदान रहा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'उपभोक्ता संरक्षण और ई-कॉमर्स' पर हुआ सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ लॉ के संयुक्त तत्वावधान में ''उपभोक्ता संरक्षण और ई-कॉमर्स'' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में मुद्राओं के लेन-देन में बहुत आसानी होने के साथ ही इसमें चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इस सेमिनार में आईएफटीएम विश्वविद्यालय से एलएल.एम पाठ्यक्रम- 2023-25 बैच के पासआउट पूर्व छात्र व वर्तमान में जनपद न्यायालय, मुरादाबाद में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता श्री अभिषेक वार्ष्णेय मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री वार्ष्णेय ने उपभोक्ताओं से सम्बंधित समस्त विधिक प्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाते हुए 'उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण (संशोधन)



अधिनियम, 2019 के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में ई-कॉमर्स हमारे व्यवहार का एक अभिन्न अंग बन चुका है, इसलिए सभी उपभोक्ताओं को ऑनलाइन कार्य करते समय अपने अधिकारों एवं कानूनी पहलुओं का ज्ञान होना अति आवश्यक है।

सेमिनार का शुभारंभ आईयूएए के अध्यक्ष प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में ई-कॉमर्स वेबसाइट का प्रयोग ध्यानपूर्वक करते हुए कानूनी तौर पर अपने अधिकारों के प्रति भी सजग रहना चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली समस्याओं का शीघ्रता से निवारण किया जा सके। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रो. एस.बी. मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री ऊर्जा अरिवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह एवं कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. चित्रा सिंह समेत स्कूल के कई अन्य फैकल्टी मैम्बर्स का योगदान रहा। अंत में डॉ. चित्रा सिंह ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सेमिनार में स्कूल ऑफ लॉ के 40 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## बहोरनपुर नरौली में शुरू हुआ बूढ़े बाबा का दो दिवसीय मेला

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव बहा. `रनपुर नरौली में दो दिवसीय बूढ़े बाबा का मेला शुरू होने से दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी तथा तालाब में स्नान कर चर्म रोग से मुक्ति की प्रार्थना की।बच्चों ने चाट पकौड़ीओं का लुफ्त उठाया। सोमवार को दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बूढ़े बाबा के स्थान पर सात प्रकार के अनाज का प्रसाद चढ़ाने से पूर्व बच्चों ने तालाब में स्नान किया तथा श्रद्धालुओं ने हाथ पैर धोकर चर्म रोग से मुक्ति की प्रार्थना की स लोगों ने बूढ़े बाबा के थान पर धूप ,दीप ,लोंग व प्रसाद आदि चढ़ा कर उनसे सुख -समृद्धि की कामना की। मेले में हर वर्ग के महिला -पुरुषों व बच्चों ने बूढ़े बाबा के थान,(मठ) पर स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ मेले में लगी दुकानों में जमकर खरीदारी की । महिलाओं ने प्रसाधन सौंदर्य का सामान खरीदा तो बच्चों ने जंपिंग रिंग का लुफ्त उठाया । मेला व्यवस्था में पूर्व प्रधान गजेंद्र सिंह ,पूर्व प्रधान चंद्र प्रताप सिंह, वर्तमान ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, समाजसेवी विजय पाल सिंह राघव, विनीत राघव का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद महाराज की स्मृति में नेत्र परीक्षण कैंप और भंडारे का आयोजन

**कांठ।** ब्रह्मलीन स्वामी राजेंद्रानंद महाराज की स्मृति में तहसील बार एसोसिएशन के द्वारा 3 सितंबर को हवन भंडारा और निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी तहसील बार के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ढाका ने दी। उन्होंने बताया कि नेत्र परीक्षण कैंप सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित होगा कार्यक्रम प्रात: 10:00 बजे हवन से शुरू होगा उसके बाद 11:00 बजे भंडारा और फिर नेत्र परीक्षण किया जाएगा। इस कार्य में तहसील बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता कातिब मुंशी टाइपिस्ट आदि सहयोग करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर सीपी सिंह कोमल सिंह संजीव कुमार विजयवीर सिंह दीप सिंह शुभम पवार वैभव बिश्नोई एवं काफी अधिवक्ता का मौजूद रहे।

### लापरवाही किए जाने पर 35 लेखपालों को चेतावनी की जारी

**कांठ।** हफ्ताभर बाढ़ की स्थिति रहने के बाद भी कर्मचारियों ने जिला प्रशासन को सूचना नहीं दी। अब पानी उतरने के बाद वह गांवों में बाढ़ आने की सूचना दे रहे हैं। जिले के ऐसे करीब 35 लेखपालों को चेता. वनी दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग का कहना है कि जिले के सभी बाढ़ग्रस्त गांवों की सूची बनाई जा रही है, ताकि नुकसान का आंकलन किया जा सके।मुरादाबाद में पांच अगस्त को रामगंगा का जलस्तर बढ़ने की वजह से जिले के 69 गांवों में बाढ़ आ गई थी। खेतों से लेकर मुख्य मार्ग पानी से लबालब हो गए थे। कई गांवों में घरों में भी पानी पहुंच गया था। किसानों की फसलें भी चौपट हो गई थीं। कई किसानों ने 50 फीसदी से अधिक फसल का नुकसान होने का आवेदन किया है। जिले में करीब हफ्ताभर बाढ़ की स्थिति बनी रही। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित गांवों की निगरानी के लिए लगाए गए सभी कर्मचारियों को निर्देशित भी किया था। इसके बावजूद बड़े स्तर पर लापरवाही बरती गई। बाढ़ खत्म होने के बाद अब जिला प्रशासन को गांवों के बाढ़ ग्रस्त होने की सूचना दी जा रही है। जिला विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन विभाग के प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि लापरवाही बरतने वाले 35 लेखपालों को चेतावनी दी गई है।

### 12 सितम्बर तक गोशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश

**कांठ।** पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश की सभी गोशालाओं में गोवंश संरक्षण के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने व अद्यतन स्थिति से शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए टीम-१ का गठन किया गया है। यह टीम 01 से 12 सितंबर तक प्रदेश के 18 मंडलों में सभी गोशालाओं का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगीस उन्होंने अधिकारियों को रेडियम बेल्ट अभियान में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। टीम में प्रमुख सचिव पशुधन, विशेष सचिव पशुधन, निदेशक प्रशासन एवं विकास, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दुग्ध आयुक्त, विशेष सचिव दुग्ध, प्रबंध निदेशक पीसीडीएफ, अपर निदेशक गोधन तथा संयुक्त निदेशक प्रशासन होंगे।

### एक बार फिर मोहसिन बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से महत्वपूर्ण नियुक्तिय की गई हैं, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने युवा मोहसिन खान को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारणी में एक बार फिर सचिव नामित किया गया हैं, मोहसिन खान ने बताया कि मुझे फिर से इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का आभार व्यक्त करता हूं, उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 के चुनावों में समाजवादी पार्टी निश्चित तौर पर जीत हासिल करेगी और युवाओ के बल पर अखिलेश यादव सपा की सरकार बनाएंगे, इसके लिए पार्टी के युवाओं को एक होकर कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा और जन जन तक समाजवादी पार्टी की नीतियों को पहुंचाकर लोगों का जोड़ना होगा, उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपने कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है और हर कार्यकर्ता उनके लिए एक अहम स्थान रखता है।



### मेले में प्रतिबंधित पॉलीथीन का न करें प्रयोग

**चन्दौसी।** नगर का प्रसिद्ध गणेश मेला शुरु हो चुका है। आज बुधवार को विशाल रथयात्रा निकाली जायेगी, मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। सफाई पर विशेष फोकस किया जा रहा है। मेले की सफाई के लिए 08 सफाईकर्मी लगाये गये हैं। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मेले में प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक रहेगी। मेला परिसर में दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वह ग्राहकों को पॉलिथीन में सामान न दें। मेले में सफाई निरीक्षक भ्रमण कर मॉनिटरिंग करेंगे कि लोग प्रतिबंधित पॉलिथीन में सामान तो नहीं ले जा रहे हैं। वहीं मेले देखने वाले दर्शकों से अपील की गई है कि वह थैला लेकर आएं जिसे पॉलिथीन के प्रयोग को रोका जा सके। इधर एसएफआई प्रियंका सिंह व सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि एंटीलार्वा कैमिकल का भी किया जा रहा है। वहीं मे मेले में सूखा व गीला कूड़ा के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि रथयात्रा का भ्रमण कर लिया गया है। लगभग 33 जर्जर मकानों को नोटिस दिये गये हैं। वहीं ऐसे छज्जों पर भीड़ इकठ्ठी न करने की सलाह दी। इधर मेला ग्राउंड के सामने जहां कूड़ा कलेक्शन वाली जगह सीसी सड़क डालकर उसको स्वच्छ करने को प्रयास किया गया है। यह जगह काफी जर्जर थी, वहीं नगरपालिका ने पिछले माह से 60 से अधिक आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाया गया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 27 अगस्त 2025

# राहुल गांधी के सवाल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस समय महागठबंधन के तहत वोट अधिकार यात्रा बिहार में निकाल रहे हैं। उन्हें भारी जनसमर्थन भी मिल रहा है। अब यह कितना सही है और कितना गलत यह तो तभी पता चलेगा जब इस प्रकरण की जांच हो, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि वोटों के फर्जीवाड़े को लेकर राहुल गांधी ने जो सवाल उछाले हैं, उनको नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से वह बेहद गंभीर मामले की श्रेणी में आते हैं, आखिर जब चुनाव प्रक्रिया ही दूषित हो जाएगी तो फिर उससे बनने वाली सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी।

जिस तरह केंद्रीय सरकार चुनाव आयोग के बचाव में लगी है। उसे भी कहीं से स्वस्थ परंपरा नहीं कहा जा सकता। होना तो यह चाहिए था कि नेता प्रतिपक्ष के हर सवालों के जवाब को ढूंढने की कोशिश की जाती, लेकिन हो इसके उलट रहा है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि वोट मोदी की सुनियोजित योजना का हिस्सा है, इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के समय मनमानी की जाती है और विपक्ष के नेता की बात नहीं सुनी जाती। राहुल का कहना है कि पीएम तय करते हैं कि इलेक्शन कमिश्नर कौन बनेगा। राहुल की बात में यहां दम दिखाई देता है, क्योंकि इलेक्शन कमिश्नर चुनाव के लिए जो सरकार ने प्रक्रिया अपनाई है, उससे बिल्कुल साफ है कि इलेक्शन कमिश्नर वही बनेगा जिसको सरकार चाहेगी, क्योंकि तीन सदस्य कमेटी में जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है, उसके दो सदस्य एक कैबिनेट मंत्री होता है और तीसरा विपक्ष का नेता, तो ऐसे में 2-1 से फैसला जिसके पक्ष में जाएगा वह इलेक्शन कमिश्नर बनेगा। राहुल गांधी का यह भी कहना है कि साल 2023 में एक नया कानून बनाया, जिसमें कहा गया कि इलेक्शन कमिश्नर पर कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। इस कानून को राहुल गांधी वोट चोरी करवाने के संदर्भ में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अभी तक इस पूरे मामले में सरकार बैकफुट पर दिखाई दे रही है और उस तरह के जवाब सरकार की तरफ से नहीं आ रहे हैं, जिस तरह के जवाबों की उनसे दरकार है। राहुल गांधी कई उदाहरण भी पेश कर रहे हैं, उन्होंने कर्नाटक का जिक्र करते हुए कहा कि बेंगलुरु सेंटर में 7 विधानसभा सीट हैं अगर एक को हटा दें, तो कांग्रेस सातों पर जीत रही थी, लेकिन जिस सीट पर एक लाख नए वोटर जोड़े गए वे सभी भाजपा के खाते में चले गए और नतीजा बदल गया। राहुल गांधी यह भी कह रहे हैं कि अब उनके समझ में आ रहा है कि अमित शाह किस आधार पर यह कहते हैं कि भाजपा की सरकार एक बार नहीं बल्कि 40 से 50 साल तक चलेगी। उन्होंने कहा जब मैंने पहली बार उनके मुख से यह बात सुनी थी, तब मैं हैरत में पड़ गया था कि आखिर वह ऐसा कैसे कह सकते हैं। बात सही भी है कोई भी पहले से यह तय नहीं कर सकता कि अगली सरकार किसकी बननी है, लेकिन भाजपा के नेता डंके की चोट पर सरकार बनने के दावे करते रहते हैं। इससे पहले कि जनता का विश्वास चुनावी प्रक्रिया से डगमगाए, राजनेताओं को चाहिए कि वह तमाम दलगत राजनी. ति से ऊपर उठकर पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अपनाने पर ध्यान लगाएं।

## भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा



मैं नक्सल समर्थक बिल्कुल नहीं और भारत का संविधान ही मेरी विचारधारा है, सलवा जुडूम का फैसला सुप्रीम कोर्ट का फैसला था और वह माओवादियों के पक्ष में नहीं था, अगर ऐसा होगा, तो अब तक इसे चुनौती क्यों नहीं दी गई, उपराष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री समेत सभी सांसदों-मंत्रियों को पत्र लिखकर अपने लिए समर्थन मांगूंगा, अगर मैं चुना जाता हूं, तो मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता संविधान की रक्षा करना होगी, सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता, उपराष्ट्रपति पद के लिए अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है, किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए।

**-बी सुदर्शन रेड्डी, उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी, विपक्ष**

# एक हुए तेजस्वी और पप्पू यादव, बिहार चुनाव में कितना होगा फायदा





**यशोदा श्रीवास्तव**

राहुल गांधी की बिहार में वोट अधिकार यात्रा का फायदा आसन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को कितना हो पाता है, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन इस यात्रा से एक बात यह सामने आई है कि राहुल गांधी के पिछले बिहार यात्राओं के बनिस्बत इस बार की यात्रा में जनता का समर्थन भरपूर है, साथ ही उनके भाषणों को जनता खूब सुन रही है।

जाहिर है राहुल की इस यात्रा में भीड़ कहीं न कहीं से जुटाई ही जा रही होगी, लेकिन उसे कोई प्रलोभन दिया जा रहा हो, ऐसा नहीं है। बिहार में फिलहाल अभी तक राहुल जहां जहां गए वहां की सच्चाई यही है। लोगों का कहना है कि राहुल गांधी का वोट चोरी का मुद्दा जमीनी है जिसे जनता खूब पसंद कर रही है। राहुल गांधी के बिहार में वोट अभियान यात्रा को लेकर संशय था कि इसमें पप्पू यादव कहां हैं? दरअसल वोट अधिकार यात्रा में राहुल और तेजस्वी यादव ही दिखते थे। यह अलग बात है कि यदा-कदा गठबंधन के कुछ और सहयोगी भी दिख जाते थे। पूर्णिया में राहुल और तेजस्वी के नेतृत्व वाली वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने इस सवाल पर विराम लगा दिया।

पप्पू यादव की लालू यादव परिवार से मतभेद जगजाहिर है। पूर्णिया से पप्पू यादव के निर्दल चुनाव लड़ने के पीछे लालू यादव ही थे जिन्होंने उन्हें कांग्रेस से टिकट नहीं लेने दिया जबकि राहुल गांधी टिकट देना चाहते थे। बहरहाल पूर्णिया में वोट अधिकार यात्रा में पप्पू यादव ने अपनी ताकत का एहसास कराया ही, तेजस्वी यादव को बिहार का जननायक बताते हुए उनका शानदार खैरमकदम भी किया। इसे लालू और पप्पू यादव के बीच सब कुछ ठीक ठाक हों जाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि पप्पू यादव और लालू यादव परिवार की कटुता पर विराम लगने से बिहार में कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को फायदा मिल सकता है।

बिहार की राजनीति में पप्पू यादव एक मजबूत स्तंभ हैं। सबसे कम उम्र में उन्हें विधायक होने का भी तमगा हासिल है और सर्वाधिक बार निर्दलीय सांसद होने का भी खिताब इन्हीं के हिस्से है। बिहार की राजनीति मुख्यतः लालू यादव की पार्टी आरजेडी और नीतीश कुमार की जदयू के इर्द-गिर्द ही सिमटती दिखती है। इनके साथ गठबंधन में चाहे जो हो, उनको यदि फायदा मिलता है तो इन्हीं के बदौलत। हां जदयू गठबंधन की मुख्य सहयोगी भाजपा इस बार कुछ अलग करने की कोशिश में जरूर है। पप्पू यादव कभी लालू यादव के खासमखास थे। 2004 में वे राजद उम्मीदवार के रूप में ही मधेपुरा से लोकसभा का उपचुनाव जीते थे। सपा से भी एक बार सांसद चुने गए थे। 2015 में उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी जन अधिकार पार्टी। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी भारी ताम झाम के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन एक भी सीट पर कामयाबी नहीं मिली। बता दें कि पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्य सभा की सांसद हैं। कोरोना हो या बाढ़ हर वक्त लोगों के बीच मौजूद रहने वाले पप्पू यादव को झटका लगा जब वे 2020 के विधानसभा चुनाव में खुद ही हार गए। यह अचरज की बात है कि विधानसभा चुनाव में खराब रिकॉर्ड वाले पप्पू यादव लोकसभा का चार चुनाव निर्दल जीतने में कामयाब होते रहे। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले उन्होंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर लिया था। उनकी इच्छा पूर्णिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की थी। आरजेडी ने इस पर पानी फेर दिया था लिहाजा उन्हें निर्दल लड़ना पड़ा। वे जीते भी। पूर्णिया में राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा के दौरान पप्पू यादव और तेजस्वी यादव के बीच कटुता समाप्त होने के संकेत मिले हैं। कांग्रेस खासकर राहुल गांधी स्वयं चाहते थे कि बिहार की राजनीति में ताकतवर दोनों यादव परिवार एक हों।पूर्णिया में पप्पू यादव और तेजस्वी के बीच मेल मिलाप देख दोनों दलों के नेताओं को खुशी हुई है। लोगों का आकलन है कि विधानसभा चुनाव में बिहार के सीमांचल में इसका फायदा कांग्रेस गठबंधन को मिलना चाहिए। आरजेडी के साथ कांग्रेस का गठबंधन भले ही है या ये दोनों लंबे समय तक साथ रहना चाहते हों लेकिन कांग्रेस बिहार में अपनी मजबूती के लिए लगातार संघर्षरत है। कुछ दिन पहले बिहार में कांग्रेस ने एक और आंदोलन किया था ष्रोजगार दो या गद्दी छोड़ोष। इस आंदोलन की रूपरेखा बिहार के युवा प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तैयार की थी। बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों पर आयोजित यह कार्यक्रम काफी कामयाब रहा। इस कार्यक्रम में देश भर के नाम. चीन कांग्रेस नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल किया गया था। इसके पहले कन्हैया कुमार ने युवाओं के रोजगार और पलायन के मुद्दे पर बिहार भर की पद यात्रा की थी। चुनाव के ठीक पहले बिहार में कांग्रेस अथवा इंडिया गठबंधन को वोट अधिकार यात्रा की जरूरत बैठे बिठाए चुनाव आयोग ने दे दी एस आई आर के बहाने। विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले चुनाव आयोग का यह फैसला चौंकाने वाला था। एस आई आर के जरिए बिहार के 65 लाख वोटर मताधिकार से मरहूम कर दिए। नया वोटर लिस्ट बनाने में गड़बड़ियों का पहाड़ खड़ा किया गया। चुनाव आयोग इसे अपनी गलती मानने से लाख इनकार करे, पहाड़ जैसी यह गलती हुआ तो उसी के नेतृत्व में है। बस यही वह वजह है कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट अधिकार यात्रा को निकल पड़ा। इस यात्रा में मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर ऐसी मारक टिप्पणी पिछले दस सालों में शायद ही कभी सुनी गई हो। राहुल और तेजस्वी के ऐसे तीखे भाषणों की यद्यपि कि आलोचना भी हो रही है लेकिन बिहार के श्रोताओं को भाषणबाजी की शायद यही शैली पसंद है। एस आई आर की बात करें तो वोटरों के इस छान बीन में जिन 65 लाख छांटें गए लोगों को लेकर बहस और हल्ला गुल्ला मचा है,उस पर गौर करें तो साफ पता चलता है कि ए छंटनी न भी हो तो भी इसका फायदा विपक्ष को नहीं मिलने वाला।कम से कम पिछले तीन लोकसभा चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो भाजपा ही ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करती हुई नजर आएगी।। यही हाल विधानसभा चुनावों का भी रहा है। फिर ऐन विधानसभा चुनाव के वक्त चुनाव आयोग को एस आई आर की जरूरत क्यों पड़ी? क्या इस बार जदयू भाजपा गठबंधन सरकार के सत्ता से हटने का डर था? यह लंबी बहस का विषय है। हां यह जरूर है कि भाजपा को जिस जिस प्रदेश में सत्ता से दूर होने का खतरा हुआ, भाजपा वहां हर हाल जीतने को पूरी ताकत झोंक देती है। महाराष्ट्र और हरियाणा इसका उदाहरण है। बिहार में भी ऐसा न हो इसकी कोई गारंटी नहीं है। बिहार में वोटरों की छंटनी पर बिहार की महिला कांग्रेस विधायक नीतू सिंह का कहना है कि छांटे गए वोटर किसको वोट करेंगे,सवाल यह नहीं है, हमारी लड़ाई वोट के अधिकार की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खानपान से कविता तक राज करती है उर्दू

**सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।**



**डा. सैयद अहमद खान**

उर्दू यह सिर्फ एक जुबान नहीं, बल्कि तहजीब की नर्मी, मुहब्बत की मिठास और संस्कृति की जड़ में बहती वह धारा है, जिसने हिंदी को हमेशा संवारकर रखा है। हिंदी और उर्दू का रिश्ता बहनापे का है। एक के बिना दूसरी अधूरी है, लेकिन अफसोस कि आज की नफरती हवाओं में इस रिश्ते को तोड़ने की कोशिशें हो रही हैं। उर्दू को एक खास मजहब, एक खास तबके की जुबान बताकर हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। मगर यह भूल है, क्योंकि उर्दू को मिटाना, दरअसल अपनी ही संस्कृति को मिटाना है।

### रोजमर्रा की जिंदगी में उर्दू

सोचिए, सुबह अखबार पढ़ते ही कितने उर्दू शब्द आंखों के सामने आ जाते हैं लाजवाब, बरकरार, बावजूद, इंतेजार, तहकीकात, कोई इन्हें उर्दू मानता है? नहीं। सब इन्हें हिंदी का ही हिस्सा समझते हैं। यही तो उर्दू की सबसे बड़ी ताकत है। वह खुद को अलग नहीं मानती, बल्कि हिंदी में घुल-मिलकर उसे और समृद्ध करती है। आज की व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी से ज्ञान लेने वाली पीढ़ी भी जाने-अनजाने उर्दू से ही अपनी भावनाएं बयान करती है। कभी मुहब्बत लिखकर, कभी तन्हाई में डूबकर।

### कविताओं और शायरी का जादू

हिंदी कविताओं का रंग अधूरा है अगर उसमें उर्दू का तिलिस्म न हो। मंचों पर गूंजती कविताएं हों या फिल्मों के गीत हर जगह जज्बात, ख्वाब, आरजू जैसे अल्फाज कानों को छूते हैं और दिल में उतर जाते हैं। यही उर्दू का जादू है, जो कविता को सुर देता है और शायरी को रूह।

### स्वाद की दुनिया में उर्दू

जरा पुरानी दिल्ली की गलियों में चलिए अगर वहां से उर्दू हटा दी जाए तो न दुकानों के नाम बचेंगे, न पकवानों की पहचान। जलेबी का खमीर न हो तो मिठास कैसे बनेगी? बिरयानी, कोरमा, कबाब, निहारी इन नामों के बिना तो हमारी थालियां बेरौनक हो जाएंगी। उर्दू सिर्फ किताबों की भाषा नहीं, वह हमारे जायके में भी है, हमारी महक में भी है। वाकई, यह भाषा मिटती नहीं, क्योंकि यह हर दिल में जिंदा है।

### नफरत नहीं, मुहब्बत की जुबान

सच्चाई यही है कि उर्दू और हिंदी का रिश्ता तोड़ना किसी हुकूमत के बस की बात नहीं। यह रिश्ता जुबानों



का ही नहीं, बल्कि तहजीब और मोहब्बत का है। नई पीढ़ी को यह बताना जरूरी है कि जिन व्यंजनों का वह लुत्फ उठाती है, जिन गीतों की धुन पर झूमती है उनमें उर्दू की रूह बसी है। इसलिए जरूरत नफरत को बढ़ाने की नहीं, बल्कि उर्दू को गले लगाने की है। क्योंकि हिंदी और उर्दू साथ हों, तो हमारी जिंदगी की जुबान और भी रंगीन, और भी खुशबूदार हो जाती है।

(लेखक उर्दू डवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भरपेट संतुलित भोजन कई बीमारियों के लिए टीके से कम नहीं

यह तो जानी-मानी बात है कि जीवित रहने, स्वास्थ्य और बीमारियों के बचाव के लिए पोषण अनिवार्य है। 1970 के दशक में यह तक कहा गया था कि निमोनिया जैसे सांस सम्बंधी रोगों, दस्त (डायरिया) व अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध पर्याप्त भोजन ही सबसे कारगर टीका है। यह देखा जा चुका था कि कुपोषण की हालत में पूरक पोषण से संक्रमणों के प्रकोप में कमी आती है। हाल ही में झारखंड में एक परीक्षण किया गया था। रैशन्स यानी रिड्यूसिंग एक्टिवेशन ऑफ ट्यूबरकुलोसिस थ्रू इम्प्रूवमेंट ऑफ न्यूट्रिशनल स्टेटस अर्थात पोषण की स्थिति में सुधार के जरिए सक्रिय टीबी में कमी। इस परीक्षण ने स्पष्ट रूप से दर्शाया है कि पूरक पोषण परिवारों में टीबी प्रकोप को 50 प्रतिशत तक कम करता और कुपोषित मरीजों में मृत्यु दर को भी 35-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है।



टीका भी तो यही करता है कि व्यक्ति को किसी संक्रमण से लड़ने या बीमारी से बचने में मदद करता है और इस लिहाज से पोषण की भूमिका टीके की अवधारणा का विस्तार ही है। 1970 के दशक में पोषण विशेषज्ञ और विश्व स्वास्थ्य संगठन में पोषण निदेशक रहे डॉ. मॉइजेस बेहर ने अपने एक लेख में कहा था, एक ओर तो टीकाकरण या पर्यावरण में सुधार जैसे विशिष्ट उपायों द्वारा संक्रामक रोगों पर नियंत्रण से समुदाय की पोषण की स्थिति बेहतर होती है। दूसरी ओर, पर्याप्त भोजन संक्रामक रोगों के ज्यादा गंभीर प्रभावों से सुरक्षा देता हैय उन रोगों के संदर्भ में भी जिनके लिए हमारे पास सटीक या आसान उपाय उपलब्ध नहीं हैं। फिलहाल तो समुचित भोजन ही दस्त, श्वसन तथा अन्य आम संक्रमणों के विरुद्ध सबसे कारगर टीका है। यह बात रैशन्स परीक्षण में प्रत्यक्ष रूप में सामने आई ही है, लेकिन इसके कई ऐतिहासिक प्रमाण भी उपलब्ध हैं। ए प्रमाण हमें बीसवीं सदी के पूर्वार्ध में हुए कुछ 'कुदरती प्रयोगों' से मिले हैं।

**कुछ अनायास प्रयोग**

यूके में 1918 में टीबी मरीजों की देखभाल और पुनर्वास के लिए पैपवर्थ विलेज सेटलमेंट स्थापित किया गया था। इसके पीछे सोच यह थी कि मात्र सेनेटोरियम उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि टीबी के मरीजों के लिए रोजगार व सामुदायिक जीवन जैसे सहारे की भी जरूरत होती है। यहां रह रहे सक्रिय टीबी ग्रस्त मरीजों के संपर्क में आए परिवारों में टीबी के प्रकोप में जो 84 प्रतिशत की कमी आई थी, उसके लिए समुचित पोषण को मुख्य कारण माना गया था। आश्चर्य की बात यह थी कि उस दौरान टीबी संक्रमण के कुल प्रसार में कोई कमी नहीं आई थी मगर पोषण ने संक्रमण को बीमारी में परिवर्तित होने से बचा लिया था।

जर्मनी के युद्धबंदी शिविरों में ब्रिटेन तथा रूस के युद्धबंदी सैनिक एक जैसे हालात में रह रहे थे। देखा गया कि ऐसे एक शिविर में मात्र 1.2 प्रतिशत ब्रिटिश सैनिकों में ही टीबी विकसित हुई थी जबकि 15 प्रतिशत रूसी सैनिक टीबी से ग्रस्त हुए। यानी रूसी सैनिकों के मुकाबले ब्रिटिश सैनिकों में टीबी का प्रकोप 92 प्रतिशत कम रहा। इसका कारण इस तथ्य से जोड़कर देखा गया था कि रेड क्रॉस द्वारा दिया जाने वाला अतिरिक्त पोषण पार्सल (1000 किलोकैलोरी तथा 30 ग्राम प्रोटीन) मात्र ब्रिटिश सैनिकों को मिलता था। ऐसे ही एक अन्य युद्धबंदी शिविर में एक ब्रिटिश डॉक्टर आर्किबाल्ड कोक्रेन ने पाया था कि टीबी का प्रकोप रूसियों में 6 प्रतिशत, फ्रांसिसियों में 0.5 प्रतिशत और ब्रिटिश सैनिकों में शून्य प्रतिशत था। गौरतलब है कि फ्रांसिसियों को भी 1944 के बाद अतिरिक्त फूड पैकेट मिलना बंद हो गया था। युद्धबंदी शिविरों में किए गए इन अवलोकनों के अलावा आम आबादी के आंकड़े भी यही कहानी कहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2015-2023 के दरम्यान दुनिया भर में टीबी के प्रकोप में 8.3 प्रतिशत तथा टीबी मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है। सवाल यह उठता है कि रासायनिक उपचार और (टीबी के लिए) बीसीजी टीका आने से पहले के दौर में टीबी के प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों की क्या स्थिति थी। पहली बात तो यह है कि यूके जैसे जिन देशों में आज टीबी का बोझ कम है, वहां भी अतीत में टीबी का प्रकोप और टीबी से होने वाली मौतों का आंकड़ा काफी अधिक था। एक अनुमान के मुताबिक 1851 में यूके में श्वसन सम्बंधी टीबी से प्रति लाख आबादी में 268 मौतें होती थी। और तो और, वहां हर चार में से 1 मौत टीबी के कारण होती थी। गौर करने वाली बात यह है कि यूके में टीबी प्रकोप और मृत्यु में गिरावट रासायनिक उपचार और टीकाकरण जैसे उपाय लागू होने से पहले हो गई थी। 1891 में टीबी से होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी और यह मात्र 139 प्रति लाख रह गई थी।

यूके में 1913 में टीबी का प्रकोप प्रति एक लाख आबादी में 300 था और मृत्यु दर प्रति लाख आबादी में 100 थी और 1940 में यह इसकी 50 प्रतिशत रह गई थी। गौरतलब है कि टीबी के लिए रासायनिक उपचार 1947 में उपलब्ध हुआ था। रासायनिक उपचार शुरू होने से पहले यू।के। में टीबी प्रकोप 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कम हो रहा था और उपचार उपलब्ध होने के बाद गिरावट की दर 10 प्रतिशत वार्षिक हो गई थी।

1962 में थॉमस मैककिओन का महत्वपूर्ण पर्चा प्रकाशित हुआ था जिसमें उन्होंने 1850 से 1950 की अवधि में यूके में टीबी सम्बंधी मौतों में गिरावट के विभिन्न कारकों का विश्लेषण किया था। उनका निष्कर्ष था कि टीबी प्रकोप में गिरावट का प्रमुख कारक जीवन स्तर में सुधार, खासकर पोषण में सुधार रहा था। 1850 के दशक के बाद यूके में कामगारों की आमदनी में सुधार हुआ था। यह देखा गया था कि आमदनी में सुधार और श्वसन सम्बंधी टीबी से मृत्यु दर में गिरावट लगभग एक ही दर पर हुए थे। मैककिओन का सुझाव था कि बेहतर पोषण से व्यक्तियों में रोग के विरुद्ध प्रतिरोध पैदा होता है और यह मृत्यु दर में गिरावट का कारण बनता है। इसके पक्ष में उन्होंने कुछ परोक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे।

वैसे नोबेल विजेता रॉबर्ट फोगेल ने 1850 से 1950 के बीच यूके में कैलोरी के उपभोग में वृद्धि के प्रत्यक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत किए थे। इसी सम्बंध में एक और प्रमाण यह था कि 1870 से 1970 के बीच ब्रिटेन समेत यूरोपीय लोगों के कद में औसतन 11 सेमी (यानी प्रति दशक 1 सेमी) की वृद्धि हुई थी। कद को किसी भी आबादी के पोषण व जीवन स्तर का एक सूचकांक माना जाता है। इस बात के और भी प्रमाण प्रस्तुत हुए हैं कि यू।के। में टीबी के प्रकोप व मृत्यु दर में कमी का सम्बंध पोषण में सुधार से रहा है।

**पोषण, संक्रमण और प्रतिरक्षा**

1968 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित एक मोनोग्राफ में पोषण व संक्रमण के बीच दो-तरफा सम्बंध की समीक्षा की गई थी। मोनोग्राफ में स्पष्ट किया गया था कि पोषण की स्थिति टीबी समेत कई संक्रमणों की आवृत्ति, गंभीरता और मृत्यु दर पर असर डालती है और संक्रमण अपने तईं पोषण की स्थिति को बदतर करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

## सेंट मेरिस स्कूल, नगीना

की प्रबंध समिति, स्टाफ व विद्यार्थियों की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की

**शुभकामनाएं**

नर्सरी से इंटरमीडिएट तक
आईसीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त
फोन नम्बर 01343252307
www.marysnagina.com

### खंभे पर चढ़ा संविदाकर्मी करंट लगने से झुलसा

**मंडावर।** एलटी लाइन के विद्युत पोल पर लाइन ठीक करने चढ़ा लाइनमैन करंट लगने से पोल से नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे गंभीर हालत देखते हुए ऋषिकेश एम्स के लिए रैफर कर दिया। ग्राम नंगला माहेश्वरी निवासी वेद प्रकाश मंडावर बिजली घर पर संविदा कर्मचारी है। सोमवार को वह दयालवाला रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। इसी दौरान अचानक विद्युत लाइन में करंट आ गया, जिससे वह करंट लगने से पोल से नीचे गिर गया। विद्युत विभाग के जेई लेखराम ने बताया कि वेद प्रकाश एम्स ऋषिकेश में भर्ती है, जहां उसका उपचार कराया जा रहा है, उसकी हालत में सुधार है।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**

## धीरज राय वर्मा

सफाई निरीक्षक, नगर पालिका, नगीना
अमर शहीदों को शत्-शत् नमन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

**सचिन विश्नोई**-अध्यक्ष
धामपुर-नगीना-काशीपुर बस यूनियन
नगीना-रायपुर बस यूनियन, नगीना

सभी सम्मानित नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक बधाई**



**उपकार गोयल**
प्रिंसिपल
गोयल पब्लिक स्कूल, नगीना
नर्सरी से इंटरमीडिए तक
सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त
मो नं.- 7017113090

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
**हार्दिक बधाई**



**महेन्द्र सिंह सैनी**
कृष्णा बैंक्वेट हाल
धामपुर रोड, नगीना

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**मुबारकबाद**

**मौलाना इस्लामुद्दीन**- अध्यक्ष प्रबंध समिति
सर सय्यद कौमी तालीमी सोसायटी
समाजसेवी संस्था
नगीना, जनपद-बिजनौर
आईये हम आजादी के इस पर्व पर एकजुट होकर देश की समृद्धि और शांति के लिए संकल्प लें।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
**हार्दिक शुभकामनाएं**

## पूर्ति विभाग

तहसील नगीना, जनपद-बिजनौर
अमर शहीदों को शत्-शत् नमन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

**नगीना-नजीबाबाद बस यूनियन**
नगीना, जनपद-बिजनौर
अमर शहीदों को शत्-शत् नमन

स्वतंत्रता दिवस की सभी को
**हार्दिक बधाई**

**तिलक राज**



जिलाध्यक्ष- सनातन गौरक्षा वाहिनी
संगठन मंत्री- प्रबंधक समिति,
पंजाबी महावीर मंदिर
सय्यद बाड़ा, नगीना
सैक्टर संयोजक- नगर मंडल भाजपा, नगीना

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों को
**हार्दिक बधाई**

नफीस अहमद, टिकेन्द्र कुमार विश्नोई, सुनील कुमार विश्नोई व अंजना विश्नोई
**सरकारी राशन डीलर्स एसो.**
नगीना, जनपद-बिजनौर

यौमे आजादी की सभी को
**मुबारकबाद**




शेख शाहनवाज खलील
जिलाध्यक्ष- चेयरमैन संघ, बिजनौर



**मौहम्मद जुनैद**
सभासद पति
नगर पालिका, नगीना

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों व किसान भाईयों को
**हार्दिक बधाई**



**चौधरी बलजीत सिंह**
ब्लॉक अध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)
ब्लॉक कोतवाली देहात, नगीना

स्वतंत्रता दिवस की सभी नागरिकों व किसान भाईयों को
**हार्दिक बधाई**



**ठाकुर रवेंद्र चौहान**
मुख्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन (भानू)
निवासी- ग्राम पखनपुर
तहसील नगीना